धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, रविवार
15.12.2024
नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 154



06 रेडियोलॉजी टैक्नीशियन के क्षेत्र में बेहतरीन करियर

## न्यूज डायरी

### आडवाणी की तबीयत बिगड़ी, अपोलो में भर्ती

**नयी दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी (97) की अचानक एक बार फिर तबीयत बिगड़ गयी है। उन्हें देर रात इलाज के लिए दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे हैं। श्री आडवाणी पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। इसी साल उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया है।

### गाबा टेस्ट : पहले दिन बारिश से सिर्फ 13.2 ओवर

**ब्रिसबेन।** आस्ट्रेलिया और भारत के बीच पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में तीसरा मैच शनिवार को गाबा में शुरू हुआ। तीसरे टेस्ट के पहले दिन लगातार बारिश के कारण खेल बारिश की भेंट चढ़ गया और पहले दिन में केवल 13.2 ओवर डाले गये जिसमें मेजबान टीम ने बिना विकेट खोये 28 रन बनाये।

### ग्रेनेड का फ्यूज ब्लास्ट दो जवान घायल

**गिरिडीह।** मधुबन थाना क्षेत्र के लटकट्टो पिकेट पर तैनात दो जवान शनिवार को ग्रेनेड का फ्यूज ब्लास्ट होने पर घायल हो गये। घायल जवानों में हवलदार अशोक कुमार और सिपाही गौतम कुमार शामिल है। दोनों जैप के जवान है। धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। एक जवान छुट्टी पर जा रहा था। ऐसे में वह अपने पास रखे ग्रेनेड और उसके फ्यूज को हैंडओवर कर रहा था। इसी क्रम में फ्यूज फट गया और जवान का हाथ जख्मी हो गया।

### चाल धंसने से एक मजदूर की मौत

**गिरिडीह।** कोल इंडिया लिमिटेड की बनियाडीह स्थित सीसीएल इकाई क्षेत्र में शनिवार को अवैध कोयला खनन के क्रम में चाल धंसने से एक मजदूर की मौत हो गयी। घटना सुबह चार बजे के आसपास की है। मृतक मजदूर का नाम गुज्जर है। घटना की सूचना पर परियोजना पदाधिकारी जीएस मीणा, माइंस मैनेजर आरपी यादव भी पहुंचकर अवैध माइंस का जायजा लिया। चर्चा है कि एक मजदूर दब गया है। जानकारी मिलते ही सदर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव और मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो पहुंचे और छानबीन शुरू की है।

### छात्राओं से छेड़छाड़ मामले में सीएम सख्त

**रांची।** राजधानी के कोतवाली थाना क्षेत्र में स्कूली छात्राओं के साथ हुई छेड़छाड़ मामले को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गंभीर हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर शनिवार को रांची पुलिस को सख्त निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द छेड़खानी करने वालों पर कार्रवाई करें। सीएम के आदेश के बाद पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

## हमारे लिए संविधान की सुचिता, पवित्रता सर्वोपरि : पीएम मोदी

# कांग्रेस ने कई बार संविधान का शिकार किया

**एजेंसी**

**लोकसभा में बोले पीएम**
- देश का सबसे बड़े जुमला गरीबी हटाओ था
- कांग्रेस की चार पीढ़ियों ने इसे चलाया
- आजादी के बाद ही संविधान पर हमा शुरू किया
- कांग्रेस के मुंह में संविधान संशोधन का खून
- छह दशक में 75 वार बदला संविधान



**नयी दिल्ली।** भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर लोकसभा में चर्चा के दौरान पीएम मोदी ने कहा, ... जब देश संविधान के 25 वर्ष पूरे कर रहा था उसी समय हमारे संविधान को नोच दिया गया, आपातकाल लाया गया। संवैधानिक व्यवस्थाओं को समाप्त कर दिया गया, देश को जेल खाना बना दिया गया, नागरिकों के अधिकारों को लूट लिया गया, प्रेस की स्वतंत्रता को ताला लगा दिया गया, कांग्रेस के माथे पर यह जो पाप है वह धूलने वाला नहीं है...। इससे पहले एनडीए और विपक्षी सदस्यों के बीच बीच तीखी बहस हुई। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और महुआ मोइत्रा समेत अन्य नेताओं ने इसपर अपने विचार रखे। सदन में चर्चा के दौरान पीएम ने अपने भाषण में नेहरू-गांधी परिवार पर जबरदस्त हमला बोला और कहा- कांग्रेस ने संविधान का कई बार शिकार किया। देश के पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू का अपना संविधान चलता था । अपने बयान में पीएम मोदी ने राहुल गांधी के अध्यादेश फाड़ने का भी जिक्र किया। साथ ही यह भी कहा कि राजीव गांधी ने अपने कार्यकाल में वोट बैंक के लिए संविधान की भावना की बलि चढ़ा दी थी। कांग्रेस के मुंह में संविधान संशोधन का खून लग गया था। छह दशक में 75 बार संविधान बदला गया। पीएम मोदी ने कहा, वहीं हमारे लिए संविधान लोकतंत्र की जननी हैं। अटल जी ने कभी सौदेबाजी का नहीं और देश चलाने के लिए संविधान का रास्ता चुना।

### भाजपा हर समय संविधान पर हमला करती है : राहुल गांधी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा हर समय संविधान पर हमला करती है। मोदी सरकार देशवासियों का हक एक उद्योगपति के हवाले कर देश के किसानों, मजदूरों, गरीबों, दलितों तथा पिछड़ों का हिस्सा उनको दे रही है। उन्होंने कहा, हमारा संविधान एक जीवन दर्शन है। भारतीय संविधान हमारे देश की एकता और विचारधारा का प्रतिनिधित्व करता है, जो महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अंबेडकर और पंडित जवाहरलाल नेहरू के विचारों से प्रेरित है। राहुल गांधी ने अपने भाषण में अभय, निडरता, अहिंसा और सत्य के बारे में बात की। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमारा अगल कदम जाति जनगणना कराना है।

## जेएसएससी सीजीएल को लेकर राज्यभर में अलर्ट

# आंदोलन और धमकी के बाद आयोग की सुरक्षा और कड़ी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा (सीजीएल) को लेकर उठा विवाद शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। चयनित 2231 अभ्यर्थियों का 16 दिसंबर से सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन होना है। रांची में 16 दिसंबर को छात्रों का प्रदर्शन होना है, लेकिन उनके जुटान की तैयारी रविवार को ही है। ऐसे में रांची आने वाले वाहनों पर पुलिस विशेष नजर रखी जायेगी। रांची के अलावे हजारीबाग, धनबाद, रामगढ़, बोकारो, गुमला, चतरा, गिरिडीह, जमशेदपुर, दुमका, सरायकेला-खरसावां, पलामू व गढ़वा से पांच हजार से अधिक छात्रों के जुटान का अंदेशा भी राज्य पुलिस की विशेष शाखा ने जताया है। आंदोलन को कई दल व संगठन पीछे से समर्थन दे रहे हैं। रांची में विभिन्न होटल, लॉज, धर्मशाला पर भी पुलिस की नजर होगी। छात्र आंदोलन और धमकी भरे पत्र के बाद राज्य पुलिस मुख्यालय ने अलर्ट जारी किया है। पुलिस मुख्यालय ने रांची समेत अन्य कुछ जिलों में अतिरिक्त बलों की तैनाती की है। वहीं आयोग के सचिव सुधीर गुप्ता का कहना है कि प्रमाण पत्रों की जांच हेतु चयनित 2231 उम्मीदवार में से 2145 अभ्यर्थी झारखंड के निवासी हैं। 96 फीसदी अभ्यर्थी झारखंड के चयनित हुए हैं। परीक्षा कदाचार मुक्त एवं निष्पक्ष ढंग से 21 और 22 सितंबर को हुई थी। जिस तरह से कुछ लोगों ने अफवाह फैलाकर विद्यार्थियों को बरगलाया वह ठीक नहीं है। उन्होंने का, अफवाह फैलायी गयी कि झारखंड से बाहर के अभ्यर्थियों को बड़ी संख्या में पास हुए हैं। उन्होंने इसे पूरी तरह निराधार बताया।

**जान से मारने की धमकी**

आयोग के एक पदाधिकारी को ईमेल के जरिए जान से मारने की धमकी भी मिली है। इससे आयोग कार्यालय में हड़कंप मचा हुआ है। सचिव सुधीर गुप्ता ने कहा कि इस ईमेल में आयोग के पदाधिकारी को भद्दी-भद्दी गलियों के साथ गोली मारने की धमकी दी गयी है। आयोग की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। आयोग दफ्तर पहुंचने के रास्ते में कई स्थानों पर पुलिस की बैरिकेडिंग लगा दी गयी है।

**सीआईडी जांच के आदेश**

इन विवादों के बीच आयोजित हुए स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा की जांच सीआईडी करेगी। आयोग के द्वारा मुख्यमंत्री को अनुशंसा किए जाने के बाद कार्मिक विभाग ने सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर सीआईडी को इसकी जांच का जिम्मा सौंपा है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के सचिव के अनुसार आयोग जांच में पूरा सहयोग करेगा।

## दोबारा मौका देने का आभार, आपकी उम्मीद, आकांक्षा टूटने नहीं दूंगा : हेमंत

# सरकार ने राज्य की आधी आबादी को सशक्त किया

**भोगनाडीह में बोले**
- अबुआ सरकार गांवों से चलने चलती है
- राज्यहित में हमसबको साथ चलना होगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा किझारखंड के आदिवासी-मूलवासी, किसान, मजदूर, गरीब और वंचित लोगों को सशक्त बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। राज्य की आधी आबादी को हमारी सरकार ने सशक्त करने का काम किया है। अब राज्य के हर पात्र गरीब जरूरतमंद महिलाओं के खाते में प्रति माह 2500 रुपये की सम्मान राशि पहुंचेगी। श्री सोरेन शनिवार को साहिबगंज के बरहेट प्रखंड स्थित भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अबुआ सरकार के दोबारा गठन के बाद मैं आप सबके बीच आया हूं। आप ने इस चुनाव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया एवं अबुआ सरकार को चुनने का कार्य किया। इसके प्रति मैं आप सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, हमारी सरकार गांव से चलने वाली सरकार है। अधिकारी घर-घर जा कर समस्याएं सुनते हैं और समाधान करते है।

### गांव से चलती है आपकी सरकार

इस मौके पर उन्होंने साहेबगंज जिले को लगभग 24784.550 लाख रुपये की विभिन्न योजनाओं की दी सौगात। इसमें कुल 224 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें 53 योजनाओं का उद्घाटन एवं 171 योजनाओं का शिलान्यास हुआ। वहीं पाकुड़ जिला को लगभग 10084.879 लाख रूपए की विभिन्न योजनाओं की दी सौगात। इसमें कुल 107 विकास योजनाओं का उदघाटन-शिलान्यास किया। इसमें 34 योजनाओं का उद्घाटन एवं 73 योजनाओं की रखी आधारशिला। इस अवसर पर हेमलाल मुर्मू, विधायक कल्पना सोरेन, मो ताजुद्दीन, धनंजय सोरेन समेत तमाम नेता और अधिकारी मौजूद थे।

### जनकल्याण कार्य जारी रहेगा

सीएम ने कहा कि सरकार जनहित में कल्याणकारी योजनएं और तेज करेगी। गरीब, मजदूर एवं वंचित वर्ग के लोगों के जरूरत के अनुरूप विकास की लकीर खींची जा रही है। खनिज संपदा से संपन्न होने के बावजूद झारखंड के आदिवासी-मूलवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे। अब यह अबुआ सरकार प्रदेश वासियों के हितों की रक्षा के साथ-साथ जनकल्याण के कार्य में लगी है। कई महत्वकांक्षी जन कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया है। एक-एक लोगों तक सरकार के विभिन्न योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है।

## चतरा में बोले चिराग पासवान झारखंड की बदलनी है तस्वीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड खनिज संपदा से भरपूर है। झारखंड विकसित राज्य बन सकता है। दूसरे राज्यों के लोग यहां आकर अपना भविष्य बना सकते हैं, लेकिन दुख की बात है कि यहां के लोगों को न तो बेहतर शिक्षा मिल रही है और न ही रोजगार। यहां के लोग रोजगार और शिक्षा के लिए पलायन कर रहे हैं। उक्त बातें लोजपा सुप्रीमो व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शनिवार को चतरा में कही। वह पार्टी की ओर से आयोजित नव संकल्प महासभा अभिनंदन सह मिलन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की इस तस्वीर को बदलने के लिए काम होना चाहिए। चिराग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को आगे ले जाने का काम कर रहे हैं। पीएम मेरे पिता की सोच को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम ने हर घर में शौचालय बनवाकर और रसोई गैस पहुंचा कर महिलाओं को सम्मान दिया। चिराग पासवान ने कहा कि पीएम मेरे पिता की सोच और संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं।

## कमसार में सड़क हादसा, पांच की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** कसमार प्रखंड के दांतु में शुक्रवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गयी। वहीं तीन अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना बोकारो-रामगढ़ नेशनल हाईवे (एनएच-23) पर डाकबंगला के समीप हुई है। दांतू गांव के पास एक बोलेरो ने खड़े हुए ट्रेलर से जा टकराई। कार में सवार लोग रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड के सूतरी गांव के रहने वाले थे। ये सभी अपने रिश्तेदार के यहां मुंडन कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। हादसे में कार में सवार पांच लोगों की मौत हो गयी, जिनमें से चार एक ही परिवार के थे। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो, कसमार बीडीओ, सीओ, जरीडीह ,पेटरवार थाना ने पीड़ित परिवार के परिजनों के साथ वार्ता कर सड़क जाम हटवाया है। वहीं घायलों को ईलाज के लिए अस्पताल भेजवाया है। लगभग दो घंटे से अधिक समय तक जाम के बाद जाम को हटाया गया। बताया गया कि घायलों में एक की हालत गंभीर है। उसे रेफर कर दिया गया है। 2 की स्थिति ठीक है। घायलों के परिजनों को फोन किया गया, तो एक घंटे बाद वे पहुंचे। मृतकों की पहचान सुंदरलाल सिंह (35), उनकी पत्नी धूपिया देवी (30), पुत्र कृष्ण कुमार (10) और पुत्री गुंजन कुमारी (7) के अलावा उसी गांव के सुजीत मुंडा (30) की मौत हो गयी।

## 40 लाख के सात इनामी नक्सली ढेर

**एजेंसी**

**बस्तर।** सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच नारायणपुर और बीजापुर की सीमा पर मुठभेड़ में मारे गये सभी नक्सलियों की पहचान हो गयी है। बस्तर आईजी ने सुंदरराज पी ने जगदलपुर में इस एनकाउंटर को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि 12 को हुए नक्सल एनकाउंटर में नक्सलियों के माड़ डिवीजन को आघात पहुंचाने का काम फोर्स ने किया। सभी नक्सली 40 लाख रुपये के इनामी थे और सभी सातों वदीर्धारी माओवादी थे। इन नक्सलियों में पांच पुरुष और दो महिला नक्सली थे। जो नक्सली मारे गये, उनमें 25 लाख से लेकर दो लाख तक के इनामी नक्सली थे। बस्तर आईजी ने बताया कि रामचंद्र ऊर्फ कार्तिक उर्फ दसरू उर्फ जीवन पर कुल 25 लाख रुपये का इनाम घोषित था. इसके अलावा नक्सली रैनी उर्फ रमिला मडकम पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। उन्होंने बाताया कि अबूझमाड़ नक्सल एनकाउंटर में ओडिशा का भी नक्सली मारा गया है, जो अबूझमाड़ में रहकर नक्सली गतिविधियों में शामिल था। नक्सली रामचन्द्र उर्फ कार्तिक के रूप में इसकी पहचान हुई है। इसे दसरू उर्फ जीवन के रूप में भी जाना जाताथा। इसके ऊपर कुल 25 लाख रुपये का इनाम घोषित था और यह नक्सलियों का स्टेट कमेटी मेंबर (एससीएम) था।



गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 72300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 93000 रु./प्रति किलो |





## शीघ्र जारी होगी मंईयां सम्मान योजना की राशि : किशोर

### वित्त मंत्री ने देरी का कारण और राजस्व बढ़ाने का उपाय भी बताया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रशासनिक प्रक्रिया में देरी होने के कारण मंईयां सम्मान योजना की राशि अब तक महिलाओं के खाते में नहीं जा सकी है। जल्द ही यह प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी और लाभुकों के खाते में उतनी ही राशि जायेगी। राशि जारी होने में लेट पर उठ रहे सवालों के बीच वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने यह खुलासा किया। श्री किशोर शनिवार को पलामू कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उक्त मंत्री श्री किशोर ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार जो भी घोषणा करती है, उसे पूरा भी करती है। 50 लाख लाभुकों के खाते में हर महीने 2500-2500 रुपये दिये जाने हैं। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना की राशि पूरी करने के लिए सरकार कई बिंदुओं पर काम कर रही है। झारखंड को 70 फीसदी राजस्व कमर्शियल डिपार्टमेंट से मिलता है। राजस्व में बढ़ोतरी होने से मंईयां सम्मान योजना की राशि पूरी हो जायेगी।

**फाइनेंशियल लीकेज बंद करेंगे:** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि समीक्षा के दौरान उन्होंने पाया है कि झारखंड सरकार के राजस्व में कई लीकेज हैं। इस लीकेज को रोकने के निर्देश दिये गये हैं। वित्त मंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि 2018-19 में एक्साइज से एक हजार करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। 2019-20 में यह राजस्व बढ़कर दो हजार करोड़ हो गया। 2019-20 के बाद राजस्व में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है. पूरे मामले में मुख्यमंत्री से बात करेंगे और संभव हुआ तो नीति में बदलाव भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार को फिलहाल खनिज संपदा से 11 हजार करोड़ का राजस्व मिलता है। ओड़िशा जैसे राज्य को खनिज संपदा से 45 से 50 करोड़ का राजस्व मिलता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में माइनिंग और सेल टैक्स से 10 हजार करोड़ रुपये का राजस्व बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।





## मुखिया पति व शिक्षक नेता सोनू सरदार की हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- सरायकेल शिक्षक संघ के अध्यक्ष थे, पुलिस जांच में जुटी



**सरायकेला।** गंहरिया थाना अंतर्गत यशपुर पंचायत की मुखिया पार्वती सरदार के पति और पारा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सोनू सरदार की शुक्रवार देर रात अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। सोनू सरदार गंजिया से एक शादी समारोह से लौट रहे थे। जब वह अपने स्कूल के पास पहुंचे तो पहले से घात लगाकर बैठे अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। यह घटना उनके बडडीह गांव की है। परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अपराधियों की तलाश जारी है। पारा शिक्षकों के प्रमुख नेता की हत्या से न केवल उनका परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों और पारा शिक्षक संघ ने घटना की उच्चस्तरीय जांच और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। सोनू सरदार की हत्या ने इलाके में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। सदर अस्पताल पहुंचे सरायकेला एसडीपीओ समीर कुमार सवैया ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्दी पूरे मामले का खुलासा हो जायेगा। स्थानीय नेताओं ने 24 घंटे के अंदर हत्यारे को नहीं पकड़ा तो उग्र आंदोलन करेंगे।

# सीजीएल परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं, सारे आरोप बेबुनियाद : सचिव जेएसएससी

- परीक्षा में बरती गयी पारदर्शिता, किसी स्तर पर गड़बड़ी के नहीं हैं प्रमाण



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जेएसएससी के सचिव सुधीर कुमार गुप्ता ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा है कि सीजीएल परीक्षा में किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। हर तरह की जांच के बाद वह यह कहने की स्थिति में हैं कि कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि हाल में जेएसएससी के पदाधिकारियों को जान से मारने की धमकी भी दी गई है। धमकी ई-मेल के जरिये दी गई है। सुधीर कुमार गुप्ता ने आगे बताया कि गड़बड़ी की बात कहते हुए प्रदर्शन करने वालों ने जो सीडी उपलब्ध करायी थी, वह ब्लैंक पायी गयी। शिकायत कर्ताओं द्वारा जो आरोप लगाये गए थे, उसे शपथ पत्र के जरिये देने के लिए कहा गया, लेकिन नहीं दिया गया। कहा कि शिकायत में जो आरोप लगाये गए थे, उनकी जांच में यह पाया गया कि जिस सीट का जिक्र किया गया है, वहां छात्र परीक्षा में शामिल ही नहीं हुआ। प्रश्न पत्र वायरल होने के जो पत्र उपलब्ध कराये गये, वह शाम के पांच बजे के बाद की ली गई तस्वीर है। किसी भी परीक्षा का परिणाम सामान्य पाया गया है। हर परीक्षा केंद्र से अभ्यर्थी सफल हुए हैं।

संयुक्त सचिव सुधीर कुमार गुप्ता ने बताया कि 21-22 सितंबर 2024 को 823 परीक्षा केंद्रों पर सीजीएल परीक्षा हुई। इनमें 304694 कैंडिडेट शामिल हुए। इस परीक्षा से संबंधित परिवाद पत्र 26 सितंबर को राज्यपाल सचिवालय से प्राप्त हुआ। इस परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक से संबंधित परिवाद पत्र कुछ कोचिंग संचालकों के द्वारा राज्यपाल सचिवालय को 25 सितंबर और जेएसएससी कार्यालय को 26 सितंबर को सौंपा गया। पर जांच का इंतजार किये बिना 26 सितंबर और 30 सितंबर को सक्षम पदाधिकारी को सूचित किये बिना सैकड़ों की संख्या में आयोग कार्यालय के समक्ष भीड इकट्ठा की गयी। पत्थरबाजी करायी गयी, जिसमें कई पदाधिकारी भी घायल हुए और इसमें एफआईआर भी दर्ज कराई गई। सुधीर गुप्ता ने यह भी बताया कि पांच बार आयोग की तरफ से नोटिस जारी कर कैंडिडेट से परीक्षा में गड़बड़ी के प्रमाण मांगे गए पर अबतक कोई सामने नहीं आया। मौके पर आयोग के पदाधिकारी अरविंद लाल भी उपस्थित थे।

संयुक्त सचिव ने जानकारी देते कहा कि परीक्षा को कदाचारमुक्त करने को सभी परीक्षा केंद्रों पर हर कमरे में कम से कम दो वीक्षक के अतिरिक्त परीक्षा ऑब्जर्वर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। उन्होंने कहा कि यह अफवाह उड़ायी जा रही है कि परीक्षा की अवधि में बाहर के प्रदेशों में उत्तर रटवाए गये हैं लेकिन इस संदर्भ में आयोग कार्यालय को साक्ष्य प्राप्त नहीं हुए हैं। सुधीर गुप्ता ने चिंता जताते बताया कि प्रमाण पत्रों की जांच के लिए सूचना प्रकाशित होने के उपरांत आयोग को ई-मेल के माध्यम से धमकी भरा पत्र प्राप्त हुआ है। इसमें आयोग के पदाधिकारी, कर्मियों को भद्दी गालियों के साथ जान से मारने की धमकी दी गई है।

### फैलायी जा रही अफवाह

संयुक्त सचिव के स्तर से कहा गया कि सोशल मीडिया के माध्यम से यह प्रश्न किया जा रहा है कि डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के साथ कट ऑफ मार्क्स क्यों नहीं जारी किया गया है। सच यह है कि यह प्रथम डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन है, सो कट ऑफ मार्क्स जारी नहीं किया गया है। कट ऑफ मार्क्स अंतिम परीक्षाफल प्रकाशन के बाद प्रकाशित किया जाता है। कहा जा रहा है कि झारखंड के बाहर के कैंडिडेट को बड़ी संख्या में सफल किया गया है जो पूरी तरह निराधार है। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए जारी की गयी सूची पूरी तरह आरक्षण नियमावली एवं मेधा सूची के तहत जारी की गई है। बड़ी संख्या में आरक्षित श्रेणी के कैंडिडेट अनारक्षित श्रेणी में चयनित हुए हैं। इस सूची में एसटी के 30%, एससी के 12%, ओबीसी (वर्ग-1) के लगभग 22% और पिछड़ा वर्ग के लगभग 19% अभ्यर्थी हैं। मतलब 83.5% कैंडिडेट स्थानीय ही हैं। प्रमाण पत्रों की जांच के लिए कुल 2231 कैंडिडेट आमंत्रित किए गए हैं जिसमें 2145 (96%) झारखंड के निवासी हैं।

# स्वास्थ्य मंत्री दूर करवाएं धनवार के स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की कमी : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को पत्र लिखकर धनवार विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की भारी कमी को दूर करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के मरीजों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं, जिससे उन्हें इलाज के लिए दूरदराज के अस्पतालों का रुख करना पड़ता है।

**32 स्वीकृत पद, मात्र 6 डॉक्टर मौजूद :** अपने पत्र में मरांडी ने उल्लेख किया कि धनवार क्षेत्र में विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों के 32 स्वीकृत पद हैं, लेकिन केवल 6 डॉक्टर ही नियुक्त हैं। इनमें से भी कुछ डॉक्टर दूसरे स्थानों पर प्रतिनियुक्त हैं। उन्होंने बताया कि तिसरी रेफरल अस्पताल और गांचा स्वास्थ्य केंद्र में स्थिति काफी खराब है। वहीं माल्या और बलहारा स्वास्थ्य केंद्रों में एक भी डॉक्टर नियुक्त नहीं हैं।

**इलाज के लिए 90 किमी दूर जाना मजबूरी :** मरांडी ने पत्र में लिखा कि डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को इलाज के लिए गिरिडीह जिला अस्पताल जाना पड़ता है, जो धनवार से करीब 90-95 किमी दूर है। गरीब मरीजों को इतनी दूरी तय करना मुश्किल हो जाता है, जिससे इलाज में देरी होती है और उनकी स्थिति और खराब हो जाती है।

**सरकार पर उठाये सवाल, समाधान की मांग :** उन्होंने राज्य सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने नई सरकार से अपेक्षा जताते हुए आग्रह किया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में स्वीकृत पदों के अनुरूप डॉक्टरों की त्वरित नियुक्ति की जाये।

**जनहित में तत्काल कार्रवाई की अपील :** मरांडी ने कहा कि सरकार का दायित्व है कि हर नागरिक को उचित चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएं। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से अपील की कि इस गंभीर मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई कर क्षेत्र के लोगों को राहत पहुंचाई जाये।

## बहन बेटियों के लिए सुरक्षित माहौल प्रदान करे सरकार

**रांची।** राजधानी के एक स्कूल की छात्रा के साथ छेड़खानी की घटना की ने राजधानी को शर्मसार किया। साथ ही बेटियों की सुरक्षा को कटघरे में ला खड़ा कर दिया है। भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी कुमुद झा ने कहा ने कहा मनचलों में पुलिस का खौफ खत्म हो गया है, प्रशासन नींद से कब जागेगा, कब बेटियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करेगा। राजधानी के लिए यह शर्मनाक और घृणित है, यह पूरी प्रशासन व्यवस्था के लिए चुनौती है। रांची में पूरे झारखंड की बेटियां भी पढ़ाई और रोजगार के लिए आती हैं, आज इनकी सुरक्षा को लेकर हर अभिभावक चिंतित हैं। रांची पुलिस इन क्षेत्रों की गश्त और बेटियों की सुरक्षा हेतू गश्ती करें पुलिस को सिर्फ चौक-चौराहों पर खड़ा कर और प्रशासन सिर्फ बैठकर खाना पूर्ति करने में लगा है। सरकार मंईयां को सम्मान देने में पूरी तरह से विफल नजर आ रही है। इस तरह से अगर बेटियों के साथ होते है तो हम मां-बहनें अपनी सुरक्षा में हथियार उठाने के लिए बाध्य होंगे।

## मंत्रियों ने की आप्त सचिवों के नाम की अनुशंसा, सरकार पुलिस वेरिफिकेशन करायेगी

- पिछली सरकार ने कुछ आप्त सचिवों के कारण सरकार की किरकरी हुई थी

**खबर मन्त्र बयूरो**

**रांची।** नये सरकार के मंत्रियों ने कार्यभार संभाल लिया है। अपनी प्राथमिकता को लेकर रोज उनके बयान सामने आ रहे हैं। इसके साथ ही मंत्रियों ने अपने सहयोग के लिए आप्त सचिवों के नामों की अनुशंसा भी कर दी है। इस बीच सरकार ने फैसला लिया है कि किसी अधिकारी को मंत्री का आप्त सचिव बनाने से पहले उनका पुलिस वेरिफिकेशन होगा।

मंत्रियों ने जिनके नाम की अनुशंसा अपने आप्त सचिव के लिए किया है, उनमें उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने राजमहल के एसडीओ कपिल कुमार की, परिवहन एवं राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने रवि कुमार की, नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने विनय प्रकाश तिग्गा की, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर के बीडीओ मनोरंजन कुमार की, आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने सिमडेगा के एसडीओ अनुराग लकड़ा की, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने संदीप पांडेय के नाम की अनुशंसा की है। मालूम हो कि पिछली सरकार ने कुछ आप्त सचिवों के कारण सरकार की किरकरी हुई थी। खास करके पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल के मामले में। इस मामले में आलमगीर आलम अभी भी जेल में हैं। यही कारण है कि सरकार ने संबंधित अधिकारी के बारे में जांच परख करने के बाद ही आप्त सचिव बनाने का फैसला लिया है।

## गौतम अडानी कथित जालसाजी का पर्दाफाश करने एवं मणिपुर की घटना को लेकर कांग्रेस का राजभन मार्च 18 को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- उक्त कार्यक्रम में मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों सति सभी विभाग, प्रकोष्ठों की व्यापक भागीदारी अपेक्षित है



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार गौतम अडानी और उनके सहयोगियों पर अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा लगाए गए आरोपों ने भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और छल की कथित जालसाजी का पर्दाफाश करने एवं मणिपुर की घटना को लेकर आगामी 18 दिसंबर 2024, बुधवार को कांग्रेस भवन, रांची से पूर्वाह्न 11:30 बजे राजभवन मार्च का आयोजन किया गया है।

इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में मंत्रीं, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्षों, कार्यकारी अध्यक्षों, अग्रणी संगठन, विभाग, प्रकोष्ठों की व्यापक भागीदारी अपेक्षित है, जो लोकतंत्र में जवाबदेही और न्याय के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को फिर से पुष्ट करने के लिए अत्यावश्यक है।

श्री सिन्हा ने बताया कि हाल ही में गौतम अडानी और उनके सहयोगियों पर अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा लगाए गए आरोपों ने भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और छल की कथित जालसाजी का पदार्फाश किया है। इन आरोपों ने रिश्वतखोरी, मनी लॉन्ड्रिंग और बाजार में हेरफेर के एक परेशान करने वाले पैटर्न को उजागर किया है, जो भारतीय व्यापार और वित्त की प्रतिष्ठा को धूमिल करते हैं। यह घटना भारत में कॉरपोरेट गवर्नेंस और नियामक निगरानी के संबंध में गंभीर चिंताएँ उत्पन्न करती है। इस मुद्दे पर मौन रहना जिम्मेदारी और जवाबदेही से बचने का एक चिंताजनक संकेत है।

श्री सिन्हा ने बताया कि मणिपुर निरंतर हिंसा, गोलीबारी, कर्फ्यू और व्यापक अराजकता के एक अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहा है। कई लोगों की जानें चली गई हैं और नागरिक एक अनिश्ति भविष्य का सामना कर रहे हैं। संकट की गंभीरता के बावजूद, केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार इस स्थिति को संबोधित करने या इसे कम करने में पूरी तरह विफल रही है। हैरानी की बात यह है कि प्रधानमंत्री ने अभी तक मणिपुर का दौरा नहीं किया है।

## बेटियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं : संजय सेठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची के एक स्कूल की छात्रा के साथ छेड़खानी की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा मनचलों में पुलिस का खौफ खत्म हो गया है, प्रशासन कब जागेगा? राजधानी के लिए इससे शर्मनाक और घृणित कुछ और नहीं हो सकता। यह पूरी व्यवस्था के लिए चुनौती है। रांची में पूरे झारखंड की बेटियां भी पढ़ाई और रोजगार के लिए आती हैं। आज इनकी सुरक्षा को लेकर हर अभिभावक चिंतित हैं। रांची पुलिस इन क्षेत्रों की गश्त और बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

उन्होंने कहा कि प्रशासन स्कूल कॉलेज के पास पुलिस गश्त तेज हो। गश्ती पुलिस सिर्फ चौक चौराहा पर खड़े होकर अपनी ड्यूटी पूरी न करें। प्रशासन केवल बैठ कर खानापूर्ति करने में लगा है और बेटियां राह चलते शर्मसार होती हैं। राजधानी में ऐसी हरकत करने वाले की 24 घंटे में गिरफ्तारी के साथ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें। बेटियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। झारखंड पुलिस ऐसे सभी क्षेत्रों को चिन्हित कर, बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित करें।

## मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप पर 17 साल बाद आदिम जनजाति वर्ग के युवा को अनुकंपा पर मिली नौकरी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हस्तक्षेप पर 17 वर्ष के संघर्ष के बाद आखिरकार लातेहार निवासी आदिम जनजाति के युवा सुनील ब्रिजिया को उसका हक -अधिकार मिल गया। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद उसे अनुकंपा के आधार पर नौकरी मिल गई। इस संबंध में मुख्यमंत्री को सूचित करते हुए उपायुक्त लातेहार ने बताया कि उक्त मामले में अनुकंपा समिति के निर्णय के आधार पर सुनील ब्रिजिया को नियुक्त करते हुए योगदान की तिथि से पदस्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री को जानकारी मिली थी कि लातेहार के हेनार गांव निवासी सुनील ब्रिजिया के पिता रामदास बृजिया सरकारी शिक्षक थे। वर्ष 2007 में उनकी मृत्यु हो गई थी। सरकारी प्रावधान के तहत अनुकंपा के आधार पर उन्हें सरकारी नौकरी दी जानी थी। लेकिन उन्हें नौकरी नहीं मिली थी।

## क्रशर मालिक से 20 लाख की रंगदारी मांगने वाले अपराधियों को एटीएस ने दबोचा

**रांची।** झारखंड एटीएस की टीम ने क्रशर मालिक से 20 लाख की रंगदारी मांगने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों को एटीएस ने रांची पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार, बरियातू थाना क्षेत्र के हरिहर सिंह रोड निवासी क्रशर संचालक शैलेंद्र प्रताप नारायण सिंह उर्फ अनूप सिंह से देवा गिरोह के सदस्य अविनाश तिवारी ने 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। इस संबंध में शैलेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने बताया था कि वे विगत एक साल से टाटीसिलवे में क्रशर संचालन का व्यवसाय कर रहे हैं। उनके फोन पर देवा गिरोह का सदस्य अविनाश तिवारी ने कॉल कर धमकी दी। धमकी देने वाले ने कहा कि तुम्हारा बच्चा संत थॉमस स्कूल धुर्वा में पढ़ता है और तुम अंजली अपार्टमेंट में घर लिए हो। उसने आगे कहा कि एक सप्ताह के अंदर 20 लाख रुपये का इंतजाम करके रखो, वरना जान से मरवा दूंगा। इस साल सितंबर में भी उन्हें धमकी भरा फोन आया था जिसके संबंध में उन्होंने सिकिदरी थाना में सनहा दर्ज कराया था।

## किसानों के अधिकार सुनिश्चित करने के लिए मंत्री ने विधायकों से भी की अपनी जिम्मेदारी निभाने की अपील

**रांची।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी धान अधिप्राप्ति योजना 2024-25 के अंतर्गत खरीफ विपणन मौसम में धान अधिप्राप्ति कार्य का शुभारंभ खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी द्वारा 15 दिसंबर दिन रविवार को जामताड़ा में किया जाएगा। इस योजना के तहत सरकार ने धान का समर्थन मूल्य रुपये 2300/- प्रति क्विंटल और बोनस रुपये 100/- प्रति क्विंटल, यानी कुल रुपये 2400/- प्रति क्विंटल की दर तय की है। योजना यह सुनिश्ति करेगा कि किसानों को उनके धान का उचित मूल्य मिले और उनकी आय में वृद्धि हो। मंत्री ने इस योजना के लाभ का जिक्र करते कहा कि किसानों को सरकार द्वारा संचालित लैम्पस के माध्यम से उनके धान का बेहतर मूल्य मिलेगा। बिचौलियों और खुले बाजार में कम मूल्य पर धान बेचने की मजबूरी खत्म होगी। बोनस और समर्थन मूल्य से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मंत्री ने किसानों से अनुरोध किया है कि सभी किसान भाई अपने धान की बिक्री केवल सरकार द्वारा संचालित लैम्पस केंद्रों के माध्यम से करें और योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं। झारखंड सरकार किसानों की मेहनत का सम्मान करते हुए उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए प्रतिबद्ध है। इरफान अंसारी ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों से भी अनुरोध किया है कि वे अपने क्षेत्रों में इस कार्यक्रम में शामिल हों और किसानों को जागरूक करने के साथ-साथ योजना को सफल बनाने में सहयोग करें। मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गरीब-गुरबा और किसानों की सरकार है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है। धान अधिप्राप्ति योजना के माध्यम से झारखंड के अन्नदाताओं को उनके अधिकार और सम्मान दिलाने का यह अभियान जारी रहेगा।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित होने के सौ वर्ष पूरा होने पर कांग्रेस राज्य भर में करेगी कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- कार्यक्रम के आयोजन के लिए नियुक्त जिला प्रभारियों को 19 से 22 दिसंबर के बीच जिला का दौरा कर जिला कमिटी की बैठक करने का निर्देश दिया गया है।

**रांची।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बेलगाम सत्र में कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित होने के 26 दिसंबर को 100 वर्ष पूर्ण होने पर तथा 28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस पर पूरे प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर शनिवार को प्रदेश स्तर पर गठित संचालन समिति की बैठक कांग्रेस भवन में संयोजक अनादि ब्रश की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में लिए निर्णय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से कार्यक्रम को भव्य स्तर पर पूरे राज्य में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के आयोजन के लिए नियुक्त जिला प्रभारियों को 19 से 22 दिसंबर के बीच जिला का दौरा कर जिला कमिटी की बैठक करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रभारी बैठक में 26 दिसंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए जिला पदाधिकारी, प्रखंड, पंचायत अध्यक्षों, पूर्व एवं वर्तमान सांसद-विधायक,एआईसीसी डेलीगेट,सभी प्रकोष्ठों,विभागों के अध्यक्ष, स्वतंत्रता सेनानियों, बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों, कांग्रेस समर्थकों, सामाजिक कार्यकताओं, कांग्रेस से जुड़े मजदूर संगठनों,खेल समितियों की सूची तैयार करेंगे। प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक गांधी जी के विचारों को दशार्ते हुए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार आयोजित करने की रूपरेखा तैयार कर निर्णय लेंगे। राम धुन के साथ प्रभात फेरी निकालने हेतु उचित दिशा निर्देश देंगे। 26 दिसंबर को जिला स्तर पर गांधीजी प्रासंगिक थे,हैं और रहेंगे, विषय पर परिचर्चा आयोजित करने हेतु आवश्यक निर्देश देंगे। उन्होंने बताया कि 28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस पर प्रदेश मुख्यालय सहित पूरे जिले के कार्यालय में झंडोतोलन किया जाएगा तथा स्वतंत्र भारत के निर्माण में कांग्रेस की भूमिका एवं संविधान बचाने पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी। बैठक में समिति के सदस्य प्रदीप तुलस्यान, सतीश पॉल मुजनी, आभा सिन्हा, आलोक दुबे, रमा खलको के अलावा विशेष रूप से मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, सोनाल शांति, गजेंद्र सिंह, राजन वर्मा उपस्थित थे।

## सीएमल और कल्पना सोरेन ने विस अध्यक्ष के घर जाकर उनके स्व. पिता को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन शनिवार को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो के जामताड़ा जिला के नाला स्थित आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री वहां विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो के दिवंगत पिता स्व गोलक बिहारी महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कहा कि ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दु :ख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। विधायक कल्पना सोरेन ने भी स्व गोलक बिहारी महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने विधानसभा अध्यक्ष श्री रबीन्द्र नाथ महतो एवं उनके अन्य परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की।

## सीएम और कल्पना सोरेन ने सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन शनिवार को सिदो-कान्हू मुर्मू पार्क भोगनाडीह, बरहेट में अमर वीर शहीद सिदो- कान्हू, चांद-भैरव और वीरांगना फूलो- झानो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## लोहरदगा में 21 को रांची यूनिवर्सिटी की महिला टीम का चयन ट्रायल

**रांची।** पूर्वी क्षेत्र विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता ने भाग लेने के रांची विश्वविद्यालय टीम का गठन किया जाना है। इसी कड़ी में 21 दिसंबर को लोहरदगा के बीएस कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड में चयन ट्रायल का आयोजन किया गया है। सुबह 10 बजे तक खिलाड़ियों को रिपोर्ट करना है। भाग लेने वाले कॉलेज के सभी खिलाड़ियों को एडमिशन स्लिप परिचय पत्र, मार्कशीट इंटरमीडिएट, मैट्रिक व सर्टिफिकेट लाना अनिवार्य होगा। इसके अलावा एडमिट कार्ड आधार कार्ड और कॉलेज के प्रिंसिपल द्वारा बोनाफाइड स्टूडेंट खिलाड़ियों को साथ लाना होगा। रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता 2024-25 आगामी 17 से 20 दिसंबर तक बीएस कॉलेज लोहरदगा में आयोजित है। प्रतियोगिता के सभी मैच नॉकआउट चरण में खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में कुल 13 टीमों ने भाग लिया है। एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची, केसीबी कॉलेज बेड़ो, डोरंडा कॉलेज रांची, मारवाड़ी कॉलेज रांची, योगदा सत्संग कॉलेज रांची, एसजीएम कॉलेज रांची, आरएलएसवाई कॉलेज रांची, सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची, गोस्सनर कॉलेज रांची, बिरसा कॉलेज खूंटी, जेएन कॉलेज धुर्वा, पीपीके कॉलेज बुंडू और बीएस कॉलेज लोहरदगा की टीम शामिल है।

# बीआईटी मेसरा में ब्लॉकचेन-आधारित सुरक्षित ऊर्जा प्रबंधन के लिए माइक्रोग्रिड पर कार्यशाला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** बीआईटी मेसरा के विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (ईईई) विभाग ने 14 से 15 दिसंबर, 2024 तक ब्लॉकचेन तकनीक और इसका उपयोग माइक्रोग्रिड में सुरक्षित ऊर्जा प्रबंधन के लिए विषय पर दो दिवसीय संकाय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्घाटन शनिवार को शुरू हुआ। यह कार्यशाला विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने वित्तपोषित और साइंस एंड इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड के तहत समर्थित परियोजना ब्लॉकचेन तकनीक के माध्यम से माइक्रोग्रिड ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली के लिए सुरक्षित डेटा विश्लेषण का हिस्सा है।

दो दिवसीय इस कार्यशाला में आसपास के कॉलेजों से 25 संकाय सदस्यों ने भाग लिया, जिन्हें पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर चयनित किया गया। प्रतिभागियों ने इंटरैक्टिव सत्रों, विशेषज्ञ चचाओं और प्रयोगशाला डेमो के माध्यम से उन्नत ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। कार्यशाला में ब्लॉकचेन का उपयोग, सुरक्षित ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली, साइबर-फिजिकल सिस्टम, पीयर-टू-पीयर ऊर्जा व्यापार, और रीयल-टाइम ऊर्जा प्रबंधन के लिए आईओटी एकीकरण जैसे प्रमुख विषयों को कवर किया गया।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में कई विशिष्ट वक्ताओं ने भाग लिया। डॉ। आर।सी। झा, प्रोफेसर और ईईई विभाग के प्रमुख, ने विभाग के उभरती प्रौद्योगिकियों में योगदान पर प्रकाश डाला। सहायक प्रोफेसर और कार्यक्रम समन्वयक डॉ। दीपक कुमार ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यशाला के उद्देश्यों को रेखांकित किया।

प्रोफेसर और डीन ऑफ फैकल्टी अफेयर्स डॉ। अशोक शरण ने समकालीन ऊर्जा प्रबंधन चुनौतियों को हल करने में ब्लॉकचेन तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। सहायक प्रोफेसर (ईईई विभाग) डॉ। जी।एस। गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रतिभागियों व आयोजकों के योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यशाला ने प्रतिभागियों को माइक्रोग्रिड की सुरक्षा, लचीलापन और दक्षता को बढ़ाने में ब्लॉकचेन तकनीक की क्षमता को समझने का अवसर प्रदान किया। गहन चचाओं और व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों ने बहुमूल्य जानकारी प्राप्त की। प्रयोगशाला सत्रों में अपने सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों में लागू किया। सभी प्रतिभागियों को कार्यशाला में भाग लेने और इसे पूरा करने के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। बीआईटी मेसरा उन्नत प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान और ज्ञान के प्रसार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान अकादमिक समुदाय को सशक्त बनाकर भविष्य के लिए स्थायी और अभिनव समाधानों में योगदान देने का प्रयास करता है।

# सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को अतिशीघ्र पूर्ण करें : उपायुक्त

- रांची जिला अन्तर्गत चल रही विभिन्न परियोजनाओं- पथ निर्माण विभाग, भू-अर्जन से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने शनिवार को समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित सभागार में रांची जिला अन्तर्गत चल रही विभिन्न परियोजनाओं पथ निर्माण विभाग, भू-अर्जन से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कि गई।

बैठक में उपायुक्त द्वारा सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रांची शहरी क्षेत्र, रांची जिला के ग्रामीण क्षेत्र में चल रही विभिन्न परियोजनाओं को ससमय पूरा करें।

रांची जिला के महत्वपूर्ण परियोनाओं की समीक्षा बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रांची, के. के. राजहंस, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल रांची (शहरी) एवं रांची जिला के सभी अंचल अधिकारी एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

**सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को अतिशीघ्र पूर्ण करें :** उपायुक्त द्वारा कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल को निर्देश दिया गया कि सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को अतिशीघ्र पूर्ण करें - यथा सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी के पहुंच पथ का निर्माण कटहल मोड़ से अरगोडा पथ का चौड़ीकरण। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से कुटियातु मोड़ पथ निर्माण, रांची रेलवे स्टेशन तक दूसरा पहुंच पथ निर्माण परियोजना, सिरम टोली चौक-राजेंद्र चौक मेकन गोलचक्कर पर 4 लेन फलाई ओवर, अरगोड़ा से कटहल मोड़ भाया पुंदाग पथ चौड़ीकरण मजबूतीकरण परियोजना, ईटकी सेंटोसियम से मोरो नारी चंनगनी पथ परियोजना, बारियातु मुख्य मार्ग से बड़गाई लेम से बोड़ेया तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूती करण एवं अन्य सभी परियोजना।

**मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया पूरा करें :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जिला भूअर्जन पदाधिकारी को कैंप लगाकर मुआवजा भुगतान कि प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

**एक सप्ताह के अन्दर वंशावली का सत्यापन व भूमि प्रतिवेदन देने के निर्देश :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी अंचल अधिकारी को एक सप्ताह के अन्दर वंशावली का सत्यापन व भूमि प्रतिवेदन देने को कहा गया । उपायुक्त द्वारा सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रांची शहर में किसी तरह कि अड़चन को सम्बंधित पदाधिकारी तुरंत दूर करें। जिन रैयतों का भुगतान किसी कारण से नही हुआ है, उनका भुगतान तुरंत करें। ताकि रांची शहर को जाम मुक्त किया जा सकें। शहर में चल रही सारी परियोजना काफी महत्वपूर्ण है।

## खबर एक नजर में

### बरियातू रोड में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पीटल पनासिया का उद्घाटन



**रांची।** बरियातू रोड में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पीटल पनासिया का उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम के करकमलों के द्वारा किया गया। इस समारोह में जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, संगठन सचिव आदिल इमाम, संयुक्त सचिव युवा मोर्चा महताब अंसारी, हॉस्पीटल के डायरेक्टर डॉ प्रशांत कुमार और उनकी पूरी टीम सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद थे। इस हॉस्पीटल में न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, आर्थोलॉजी, डायलिसिस की अत्याधुनिक सुविधा से लैश है।

### वर्ष के अंतिम लोक अदालत में निपटे 10 लाख से ज्यादा मामले

**रांची।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर झारखंड की सभी जिला अदालतों और हाईकोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सह हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने लोक अदालत का उद्घाटन किया। इस दौरान आपराधिक सुलहनीय मामले, चेक बाउंस के मामले, बिजली चोरी के मामले, उत्पाद, वन, मापतौल के मामले, वैवाहिक प्रकृति के मामले और विभिन्न दीवानी मामलों का निष्पादन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के मौके पर लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कुल 15 लाख 45 हजार 112 प्री–लिटीगेशन और 1 लाख 25 हजार 34 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया और कुल 17 अरब 36 करोड़ 01 लाख 90,237 रुपए के मामलों का निपटारा किया गया। झारखंड में 2 बेंचों का गठन किया गया था। इसमें कुल 45 मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें प्री–लिटीगेशन के 10 मामले और 35 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया।

### संविधान रक्षक अभियान समिति की बैठक संपन्न

रांची। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी संविधान रक्षक अभियान की बैठक समिति के संयोजक आलोक कुमार दूबे की अध्यक्षता में शनिवार को कांग्रेस भवन हुई। बैठक में समिति के सदस्य सुरेन राम, सतीश पाल मुंजिनी, गजेंद्र सिंह शामिल हुए। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार संविधान रक्षक अभियान को पूरे राज्य में 60 दिन आयोजित की जाएगी जिसमें संविधान और समानता की लड़ाई, संविधान द्वारा गारंटीकृत आरक्षण की सुरक्षा,भेदभाव का उन्मूलन एक मुख्य संवैधानिक मूल्य,गरीबों के संविधान के विरुद्ध पूंजीवादी सरकार,संविधान द्वारा गारंटीकृत लोकतंत्र और स्वतंत्रता की रक्षा विषय पर कार्यक्रम आयोजित करना है। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने बताया कि संविधान रक्षक दिवस का आयोजन राज्य भर में 26 नवम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक किया जाना है। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिलावार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश द्वारा की गयी है। श्री शाहदेव ने बताया कि कई जिलों में प्रखण्ड स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पार्टी अपने उद्देश्यों के तहत देश के संविधान की रक्षा के लिए इस अभियान को गांव तक ले जाकर हर व्यक्ति से जोड़ने का काम कर रही है।

### मैकलुस्कीगंज का तापमान 3.5 डिग्री और कांके का 3.3 पहुंचा

**रांची।** मैकलुस्कीगंज में शनिवार की सुबह खेत–खलिहान में ओस की बूंदें सफेद चादर बन गई। मैकलुस्कीगंज के लोग सुबह जब उठे तो खेत–खलिहान में पुआल पर सफेद चादर सी दिख रही थी। मैकलुस्कीगंज स्थित राणा कंट्री कॉटेज में शुक्रवार की रात एक से दो बजे 3 .5 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। मैकलुस्कीगंज में तापमान गिरने से ठंड का सितम बढ़ने लगा है। इस कारण देर शाम में ठिठुरन बढ़ने लगी है। शाम होते ही लोग घरों में दुबक जा रहे हैं और कई जगहों पर लोग अलाव तापते नजर आ रहे हैं। अभी जिस तरह से तापमान में गिरावट देखी जा रही है, उससे लगता है कि अभी तापमान और नीचे जाने का अनुमान है। वहीं कांके का न्यूनतम तापमान 3 .3 डिग्री और अधिकतम 22 .4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। राजधानी रांची में तापमान गिरने से लोग ठंड से ठिठुरने लगे हैं। मौसम विभाग रांची ने तीन दिनों तक शीतलहर चलने की बात कही है।

### कांग्रेस अनुसूचित जाति की बैठक कल

रांची। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की बैठक 16 दिसम्बर दिन सोमवार को पूर्वाह्न 11.00 बजे से कांग्रेस भवन, रांची में आहूत की गयी है। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष केदार पासवान उपस्थित रहेंगे जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष केदार पासवान ने बताया कि बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा आगामी 18 दिसम्बर 2024 को आहूत राजभवन मार्च में अधिक से अधिक भागीदारी के संबंध में विचार–विमर्श किया जायेगा।

## शहर में हजारों स्ट्रीट लाइट खराब, शाम होते ही गलियों में होता है अंधेरा कायम

- कई बार नगर निगम में खराब पड़े स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने के लिये आग्रह किया, लेकिन कोई पहल नहीं हुई : पूर्व पार्षद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में हजारों की संख्या में स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। शाम होते ही शहर में अंधकार छाने लगता है। इस कारण शहर के गली मुहल्लों में अंधेरा होने से लोग अपना घरों से निकलने में कतराने लगते हैं। चूंकि एक तो ठंड का मौसम और ऊपर से अंधेरा, जो किसी अनहोनी की ओर इशारा करने लगते हैं। लेकिन निगम अपने कान में तेल डालकर बैठा है।

पूर्व पार्षद अरुण कुमार झा ने कहा कि इस संबंध में कई बार नगर निगम में खराब पड़े स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने के लिये आग्रह किया। लेकिन इस दिशा में अबतक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सफाई और खराब स्ट्रीट लाइटों से संबंधित ज्ञापन समाधान के लिये राज्यपाल को भी हम पूर्व पाषदों के दल ने दिया है।

**निगम की बिजली शाखा कर रही सर्वे :** नगर निगम के ओएस मनोज कुमार ने कहा कि शहर में बड़ी संख्या में स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। इन्हें ठीक करने के लिये विभागीय स्तर पर शहर में बैठक कर समाधान की पहल की जा रही है। नगर निगम की बिजली शाखा शहर के खराब स्ट्रीट लाइटों का सर्वे कर रही है। जल्द ही एजेंसी का चयन कर शहर की खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक किया जायेगा।

## झारखंड आंदोलनकारी की विशेष बैठक आज

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारियों की एक विशेष बैठक रविवार 15 दिसंबर 2024 को राजधानी रांची के कचहरी चौक स्थित आरटीआई बिल्डिंग में धरती धन के ऊपर आयोजित की गई है। बैठक में आंदोलनकारियों के साथ हो रहे षडयंत्रों का खुलासा किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी मानव घोष दसतीदार और युवा तुर्क नेता प्रभाकर तिर्की मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। झारखंड आंदोलनकारियों से अनुरोध है कि वे आंदोलन से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी या समस्या के समाधान के लिए बैठक में उपस्थित होकर अपना बहुमूल्य विचार दे कर बैठक को सफल बनाएं।

## शहर के पुराने सिनेमा हॉल में से एक मिनी सुजाता अब 'द स्टड्स बार एंड ग्रिल'

- द स्टड्स बार एंड ग्रिल 21 दिसंबर से अपनी सेवा शुरू करेगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सुजाता सिनेमा हॉल के पहले और द्वितीय तल्ले पर स्थित मिनी सुजाता हॉल अब 'स्टड्स बार एंड ग्रिल ग्रैंड' में तबदील हो गया है। द स्टड्स बार एंड ग्रिल 21 दिसंबर से अपनी सेवा शुरू करेगा। इस बार को शहर के पहले प्रीमियम लाइफस्टाइल बार के रूप में देखा जा रहा है। यहां अमेरिकी ब्रॉडवे-स्टाइल मनोरंजन और ग्लोबल क्यूलिनरी का अद्भुत मेल मिलेगा। द स्टड्स बार एंड ग्रिल के को-फाउंडर और निदेशक मीतेन शाह, अभिलाष मेनन, अभिषेक मुखर्जी, अर्चिता श्रीवास्तव और तुषार कृष्णन ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि इस पुराने सिनेमा हॉल को बार में तब्दील कर इसे नया लुक दिया गया है। इस तरह का सिनेमा हॉल में बनने वाला अमेरिकिन स्टाइल में बार पूरे भारत में पहला बार है। द स्टड्स अवॉर्ड-विनिंग नेशनल बार ब्रांड है और भारत के 8 शहरों में मौजूद है। यह अपने हाई-एनर्जी और एंगेजिंग एंटरटेनमेंट के लिए जाना जाता है। यहां ब्रॉडवे-स्टाइल लाइव इवेंट्स, बड़े स्क्रीन पर लाइव मैच और मनोरंजन का शानदार अनुभव मिलेगा। यहां 145 लोग एक साथ बैठकर क्वालिटी समय बिता सकते हैं।

## प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी एवं सहायक गोदाम प्रबंधकों के साथ बैठक

- जिला आपूर्ति पदाधिकारी रांची ने की आपूर्ति संबंधी बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार शनिवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत द्वारा आपूर्ति संबंधी बैठक की गयी। समाहरणालय स्थिल एनआईसी सभागार में आयोजित बैठक में प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी एवं सहायक गोदाम प्रबंधक उपस्थित थे।

बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, आकस्मिक खाद्यान्न कोष, जन शिकायत, मोबाईल सिडिंग, ई-केवाईसी, चना दाल, नमक, किरोसिन, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, ईआरसीएमएस एवं पीजीएमएस पोर्टल पर लंबित आवेदन, चीनी का उठाव एवं वितरण, आवंटित खाद्यान्न की आपूर्ति जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की गयी।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी/सहायक गोदाम प्रबंधकों को जिस प्रखण्ड का आपूर्ति संबंधी कार्य प्रगति प्रतिवेदन जिला के औसत से कम है, उन्हें कार्यशैली में सुधार करते हुए ससमय कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। उन्होंने बुण्डू, अनगड़ा, नामकोम प्रखण्ड की चिंताजनक प्रगति प्रतिवेदन पर सख्त चेतावनी के साथ कार्यशैली एवं वितरण व्यवस्था में सुधार करने का निदेश दिया। प्रदीप भगत ने कहा कि सहायक गोदाम प्रबंधकों को आवंटित खाद्यान्न का ससमय उठाव कर उसी समय डोर स्टेप डिलिवरी के माध्यम से संबंधित जन वितरण प्रणाली दुकानों तक खाद्यान्न उपलब्ध करायें, ताकि ससमय लाभुकों को आवंटित खाद्यान्न उपलब्ध करायी जा सके।

## लोयला मैदान से निकली क्रिसमस यात्रा



रांची। क्रिसमस यात्रा लोयला स्कूल मैदान से अलबर्ट एक्का चौक तक निकला गया। यात्रियों में हजारों की संख्या में युवाओं ने शिरकत की। उनमें उल्लास देखने को मिल रहा था। क्रिसमस यात्रा का शनिवार को जेसीवाइए द्वारा आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों युवा नाचते- गाते शामिल हुए। फादर बिशप तिरीमान तिर्की ने फिरायालाल में केक काट कर क्रिसमस का संदेश युवाओं को दिया। उन्होंने कहा कि हमारा संपर्क हमेशा प्रभु यीशु से बना रहना चाहिए। जेसीवाइए के अध्यक्ष कुलदीप तिर्की ने युवाओं को संदेश दिया कि क्रिसमस एक प्रेम का पर्व है, इसलिए सभी को साथ मिलकर मनाना चाहिए। मौके पर संरक्षक अलबिन लड़का ने कहा कि यह रांची शहर का सबसे बड़ा मसीही कार्यक्रम है।

## आदिवासी युवा महोत्सव में गीतों ने सबको झुमाया, लोकल व्यंजन के लगे हैं स्टॉल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविदयालय के दीक्षांत मंडप में शनिवार को आदिवासी युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। युवा महोत्सव के पहले दिन में 17 कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए. जिसमें खोड़हा डांस,पैनल डिस्कशन,आदिवासी खोड़हा नृत्य,म्युजिकल ड्रामा,फैशन, रॉक शो और रैम्प शामिल था। मंच का संचालन प्रतीत कच्छप और अनुपमा कुजूर ने किया. मुख्य अतिथि के रूप में कांके विधायक सुरेश बैठा शामिल हुए. पाहन ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की। शाम पांच बजे सबसे पहले लिविंग स्टोन एकेडमी के छात्रों ने स्टेज पर ढोल बाजे मांदर बाजे चल गुया संगे खेले जाब के गीतो पर नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद रांची के खोड़हा मंडलियों ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों से एक से बढ़कर एक लोक गीतों की प्रस्तुति दी। युवाओं ने आदिवासी परिधान पहनकर नृत्य प्रस्तुत किया। इस, महोत्सव में आदिवासी व्यंजनों के स्टॉल लगाये गये। जिसमें मडुवा कुकीज,मडुवा रोटी और डुम्बु शामिल है। इसके अलावा बिरयानी, भेज बिरयानी, ईडली, चाक लेट टाट, कप केक की दुकानें सजाई गई हैं। ट्राइबल भाषा,संस्कृति औरनाच गान से महफिल को उत्साह बढ़ाया जा रहा था।

# इस युवा महोत्सव के काफी सकारात्मक और सार्थक परिणाम निकलेंगे : वीसी

- डीएसपीएमयू में तीन दिवसीय युवा महोत्सव स्पंदन का समापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) सभागार में आयोजित तीन दिवसीय युवा महोत्सव स्पंदन का समापन शनिवार को हुआ। आज तीसरे और अंतिम दिन इस प्रतियोगिता के अंतर्गत वन एक्ट प्ले, जिसमें 32 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और जिसका थीम था, अनकही, जस्टिस लीग और फियर ऑफ मिसिंग। स्किट का थीम था, जस्टिस और इन सबके अलावा मिमिक्री तथा इंस्टालेशन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने सभागार में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के इस युवा महोत्सव, स्पंदन के समापन के अवसर पर यहां उपस्थित सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों और कर्मियों को मेरी ओर से बधाई और शुभकामनाएं , इस आयोजन की पूर्ण सफलता पर। मैं इस अवसर पर आयोजित की गई विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। साथ ही जो विजेता नहीं हो पाये उनके लिए यह संदेश है कि आपको इस प्रतियोगिता के माध्यम से एक लक्ष्य मिल गया है, जो आनेवाली ऐसी अनेक प्रतियोगिताओं के लिए आपको सफलता प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि यह बड़े ही हर्ष का विषय है कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय द्वारा युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार का मंच पिछले कई वर्षों से प्रदान किया जा रहा है। निःसन्देह इस प्रकार के महोत्सव युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और सीखने के लिए उत्कृष्ट मंच प्रदान करते हैं। इस वर्ष का यह महोत्सव हमारी परंपराओं और आधुनिकता का अनूठा संगम रहा है। हम सभी जानते हैं कि हमारा देश विकसित भारत, 2047 के लक्ष्य की ओर अग्रसरित है। ऐसे में इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन युवाओं को प्रेरित करने का काम करते हैं। कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के इस प्रकार के आयोजनों का मूल उदेश्य है कि यहां के अनुभवों के आधार पर प्रतिभागी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करने में सफल होंगे। मौके पर ऊह्र डॉ सर्वोत्तम कुमार ने भी कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी ।

इस अवसर पर हिंदी के सेवानिवृत प्रो जेबी पांडेय के अलावा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के दो सेवानिवृत प्रो डॉ पंकज कुमार और प्रो रामदास उरांव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, कुलसचिव नमिता सिंह और अन्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस तीन दिवसीय युवा महोत्सव में 500 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी भागीदारी निभाई। इस तीन दिवसीय युवा महोत्सव के सफल आयोजन में प्रतियोगिता के समन्वयकों के अलावा आयोजन के लिए गठित विभिन्न कमिटी जैसे, गायन और नृत्य, साहित्यिक, थियेटर, फाइन आर्ट्स, अनुशासन, तकनीकी सेल और मीडिया कमिटी के सभी सदस्यों के साथ एनसीसी के कैडेट और स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के विद्यार्थियों के साथ विश्वविद्यालय के विभिन्न वॉलेंटियर्स का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## प्रो. सीताराम शर्मा मेमोरियल ट्रॉफी में बीआईटी मेसरा के शिक्षकों ने दिखाया दम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

- फैकल्टी क्रिकेट लीग, 13वां संस्करण बीआईटी मेसरा

**रांची।** प्रो. सीताराम शर्मा मेमोरियल ट्रॉफी का 13वां संस्करण बीआईटी मेसरा में शनिवार को खेला गया। शनिवार को रॉयल एडमिन बनाम देवघर प्रीडेटर्स के बीच खेले गये मैच में रॉयल एडमिन ने 12 ओवर में स्कोर-51/5 गौतम ने -19 नंदलाल ने -11 रन बनाए, देवघर की ओर से अमित ने 2 विकेट लिए। जवाब में देवघर प्रीडेटर्स ने 7 ओवर में बिना विकेट खोए 52 रन बनाये.रामकिशोर 22,आशुतोष 22 रन बनाये। देवघर 10 विकेट से विजयी रहा। मैन ऑफ द मैच अमित रहे।

**मैकेनिकल बनाम ईबीएस :** टॉस- ईबीएस ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, स्कोर- 12 ओवर में ईबीएस-71/8, सोलंकी-13, एमएसडी के लिए मुकेश ने 2 विकेट लिए, जवाब में एमएसडी ने 11.5 ओवर में 72/2 रन बनाए, ईबीएस कार्तिक के लिए रवि-37 नाबाद 2 महत्वपूर्ण विकेट लिए। एमएसडी ने 8 विकेट से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच रवि रहे।

**सीएसके बनाम डीपी :** सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। स्कोर- सीएसके का स्कोर 12 ओवर में 80/9 श्रीधर-27, रजनीश 18, डीपी के लिए रामकिशोर और अमित ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में देवघर ने 75/4 रन बनाये, सीएसके की ओर से बिनय और मुस्तफी तथा जीतेन्द्र ने 1-1 विकेट लिया। सीएसके 5 रन से जीती मैन ऑफ द मैच कप्तान श्रीधर रहे।

## स्पीड न्यूज

### चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार



छतरपुर पलामू। छतरपुर पुलिस ने चोरी के बाइक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बताया कि खोड़ी के जगदीश यादव पिता नरेश यादव 12 दिसंबर को छतरपुर थाना में आवेदन दिया कि वे अपनी बाइक (जेएच 03 एबी 8538) से खेत में पानी पटाने गये थे। बाइक खड़ी कर दी थी। लौटे तो देखा कि बाइक गायब है। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक नहीं मिली तो थाना में आवेदन दिया। जिसपर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। जिसके बाद डाली के वकील अंसारी पिता गुलाम रसूल व चैनपुर थाना क्षेत्र के गरदा निवासी गोल्डेन अंसारी पिता हजरत मियां धराये।

### बिश्रामपुर को अनुमंडल बनाने की मांग



विश्रामपुर (पलामू)। प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू शनिवार को राज्य के वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मिले। दोनो की यह मुलाकात मेदिनीनगर के कांग्रेस के जिला कार्यालय में हुई। श्री शुक्ला ने श्री किशोर को मंत्री बनने पर बधाई दी। उन्हें बुके देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। रवींद्र शुक्ला ने मंत्री से बिश्रामपुर को अनुमंडल बनवाने की मांग रखी। कहा कि बिश्रामपुर अनुमंडल बनने की सारी अहर्ता पूरी करता है। बिश्रामपुर को अनुमंडल बनाने की मांग 25 वर्ष पुरानी है। इस पर अमल किया जाये।

### समर्थकों ने किया वित्त मंत्री को सम्मानित



पाटन पलामू। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के पलामू आगमन पर पाटन प्रखंड के हजारों समर्थकों ने उनके निवास पर जाकर सम्मानित किया। मंत्री ने सभी का आभार जताते हुए सभी की समस्याएं सुनी। कहा कि क्षेत्र का दौरा कर समस्या का निदान किया जायेगा। मौके पर सिरमा मुखिया राकेश दुबे, पूर्व मुखिया अखिलेश पांडेय, ऋषि उपाध्याय, पाटन झामुमो अध्यक्ष रंजीत सिंह, उपेंद्र सिंह, सतीश यादव, दया सिंह, मुखिया मनोज कुमार, श्रीकांत सिंह, गोपाल दुबे थे।

### पति-पत्नी के बीच चल रहा विवाद सुलझा



मेदिनीनगर। कुटुंब न्यायालय में पति पत्नी के बीच चल रहा विवाद राष्ट्रीय लोक अदालत में कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास के पहल पर सुलझाया गया। विदित हो कि दोनों पति पत्नी छह माह से अलग रह रहे थे। पति पत्नी दोनों साथ रहने पर सहमत हुए। दोनों ने एक दूसरे को माला पहनाकर गले लगाया व घर के लिए विदा हो गये। मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव दास ने दोनों को दांपत्य जीवन बिताने की सलाह दी।

### वित्त मंत्री का किया गया भव्य स्वागत



मेदिनीनगर। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को नयी मुहल्ला स्थित मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार के आवास पर भव्य समारोह में पुष्प माला व बुके व शाल ओढ़ा कर स्वागत किया गया। मोर्चा ने एक ज्ञापन सौंपा। सतीश ने कहा कि झारखंड लड़ कर राज्य बना है मगर आंदोलनकारी आज सबसे उपेक्षित हैं। सरकार आंदोलनकारी को जेल जाने की बाध्यता समाप्त कर सभी चिन्हित आंदोलनकारी को मान सम्मान व पेंशन दिया जाये। बिकेश शुक्ला ने आंदोलनकारियों के आश्रितों को स्वास्थ्य व शिक्षा की गारंटी देने की मांग की। मौके पर प्रमोद सोनी, बाल किशुन उरांव, बिलंगना किंडो, प्रदीप सिन्हा, तुलसी शुक्ला, दाउद केरकेट्टा, राम लव तिवारी, धर्मेंद्र कुमार, विकास चंद्रवंशी, गणेश रवि, जग नारायण महतो भी थे।

### टेंपो चालकों की हड़ताल से परेशानी



नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। ऑटो चालक महासंघ के आह्वान पर जिले ऑटो चालक हड़ताल पर चले गये हैं। इसका असर नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड में भी देखा गया। प्रखंड के अधिकतर ऑटो चालक आज से हड़ताल पर हैं। इससे यात्रियों को शहर आने जाने में परेशानी बढ़ गयी है। कई यात्री बस से गांव से शहर आते देखे गये। इधर पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ के बैरिया चौक के पास ऑटो चालक हड़ताल कर अपना विरोध दर्ज कराया। झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि आए दिन ऑटो चालक, ई रिक्शा वाहन चालकों के साथ दुर्व्यहार एवं शोषण किया जाता है। यातायात व्यवस्था में हुए फेरबदल को लेकर उनकी हड़ताल बेमियादी चलेगी। मौके पर संघ के सिकंदर पासवान, मंदीप कुमार, बसंत कुमार, सुनील प्रसाद, शंभू नाथ विश्वकर्मा, मनोज दुबे थे।

### श्रीकृष्ण-सुदामा सुन लोग भावविभोर



मेदिनीनगर। शहर के रेडमा ठाकुरबाड़ी में हो रहे सात दिवसीय भागवत कथा का समापन किया गया। अंतिम सातवें दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारी कथा व्यास स्तुति दीदी जी ने कृष्ण सुदामा मिलन का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि संसार में सुदामा-कृष्ण के सबसे अनोखे भक्त रहे हैं। वह जीवन में जितने गरीब नजर आये, उतने वे मन से धनवान थे। उन्होंने अपने सुख व दुखों को भगवान की इच्छा पर सौंप दिया था। श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन का प्रसंग सुन श्रद्धालु भावविभोर हो गये। उन्होंने सुदामा चरित्र का बखान कर कहा कि संसार में मित्रता भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा की तरह होनी चाहिए। वर्तमान समय में स्वार्थ के लिए लोग दोस्ती करते हैं, जिसके बाद कार्य निकल जाने पर एक-दूसरे को भूल जाते हैं। इसलिए अपने छोटे से जीवन में प्राणी को परमात्मा से रिश्ता जरूर बनाना चाहिए, क्योंकि परमात्मा से ही बना रिश्ता प्राणी को मोक्ष की तरफ ले जायेगा।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा मनातू का एकलव्य विद्यालय

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के मनातू प्रखंड के बंशी खुर्द में बन रहे एकलव्य विद्यालय भवन निर्माण भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया है। विभाग और संवेदक की मिलीभगत से एकलव्य विद्यालय भवन निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। अभी तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है, लेकिन विभाग की माने तो भवन को हैंड ओवर कर दिया गया है। बताते चलें कि वर्ष 2018-19 में सीलदिलिया कंस्ट्रक्शन को एकलव्य विद्यालय भवन निर्माण का जिम्मा मिला था। भवन निर्माण समय पर पूर्ण नहीं होने पर पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता के द्वारा विधानसभा में मामला उठाया गया, मगर विभाग और संवेदक की मिलीभगत से भवन का निर्माण समय पर पूरा नहीं किया जा सका। संवेदक पर कार्रवाई करने की जगह मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। भवन का निर्माण करीब 11 करोड़ से अधिक की लागत से कराया जा रहा है। विधायक ने कहा कि भवन निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। सबसे अहम बात है कि भवन हैंड ओवर करने के बाद संवेदक द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल धड़ल्ले से हो रहा है। अभी तक चारदीवारी का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है। चहारदीवारी का अंदर पीसीसी का रोड भी अधूरा है। मीटिंग हॉल का निर्माण कार्य चल रहा है, उसमें बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है।



**बनते ही टूट रहा भवन :** लोग बताते हैं कि एक तरफ भवन का निर्माण हो रहा है और दूसरे तरफ टूटते जा रहा है। भवन निर्माण का प्लास्टर टूटकर नीचे गिर रहा है। दीवार में कई जगहों पर दरारें आ गई है। खिड़की का दरवाजा और शीशा टूट फूट गया है। जो निर्माण कार्य चल रहा है, उसमें भी बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। मिट्टी युक्त बालू (लोकल नाला के बालू) से बन रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2018-19 से निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हो सका है। संवेदक मनमानी तरीके से निर्माण करा रहा है। चौंकाने वाली बात है कि जहां एक ओर आदिवासियों के बौद्धिक विकास के लिए केंद्र सरकार ने आदिवासी बहुल प्रखंड में एकलव्य विद्यालय भवन बनाने

- कार्य अधूरा होने के बावजूद कर दिया गया हैंड ओवर
- पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने विभाग और संवेदक को ठहराया दोषी, कहा - भवन निर्माण में जमकर हुई भ्रष्टाचार

**जंगल के बीचों बीच हो रहा एकलव्य विद्यालय का निर्माण, पहुंचने के लिए सड़क नहीं**



जिस स्थान पर एकलव्य विद्यालय भवन का निर्माण हो रहा है, वह जंगल के बीचों बीच है। वहां जाने के लिए सड़क नहीं है। कई जंगल और नाला को लांघकर वहां तक पहुंचा जा सकता है। लोग बताते हैं कि एकलव्य विद्यालय अनुपयोगी जगह पर बनाया जा रहा है। वहां सुरक्षा की दृष्टि कौन से जगह ठीक नहीं है। अभी तक चारदीवारी का निर्माण पूरा नहीं हुआ है। निर्माण कार्य को देखने के लिए कोई अधिकारी वहां नहीं जाते हैं। ग्रामीण बताते हैं कि बच्चे वहां कैसे जायेंगे और पढ़ेंगे।

**जंगल के बीचों बीच हो रहा एकलव्य विद्यालय का निर्माण, पहुंचने के लिए सड़क नहीं**



जिस स्थान पर एकलव्य विद्यालय भवन का निर्माण हो रहा है, वह जंगल के बीचों बीच है। वहां जाने के लिए सड़क नहीं है। कई जंगल और नाला को लांघकर वहां तक पहुंचा जा सकता है। लोग बताते हैं कि एकलव्य विद्यालय अनुपयोगी जगह पर बनाया जा रहा है। वहां सुरक्षा की दृष्टि कौन से जगह ठीक नहीं है। अभी तक चारदीवारी का निर्माण पूरा नहीं हुआ है। निर्माण कार्य को देखने के लिए कोई अधिकारी वहां नहीं जाते हैं।

**विभाग और संवेदक की मिलीभगत से हुआ है भ्रष्टाचार : डॉ मेहता**



पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने बताया कि मनातू के बंशी खुर्द गांव से काफी दूर अनुपयोगी जगह घनघोर जंगल में एकलव्य विद्यालय भवन बन रहा है। सात साल में भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया। निर्माण अधूरा होने का बावजूद भवन को हैंड ओवर कर देने की सूचना मिल रही है, जो गंभीर बात है। विभाग और संवेदक की मिलीभगत से कार्य में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। जिस स्थान पर निर्माण हो रहा है, वहां जाने के लिए सड़क नहीं है। चारों ओर वन विभाग की जमीन है। वन विभाग की जमीन में सड़क नहीं बन पायेगी। सड़क, बिजली, पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। अनुपयोगी जगह पर भवन बनने से बच्चों को कोई लाभ नहीं मिलनेवाला। इसमें विभाग पूर्ण रूप से दोषी हैं। निर्माण में भ्रष्टाचार भी हावी है।

### आरसीयू में आयोजित फिट इंडिया यूनिवर्सिटी सप्ताह का समापन

# विजेता किये गये पुरस्कृत





महाराज जरासंध स्टेडियम में आयोजित फिट इंडिया यूनिवर्सिटी सप्ताह के समापन के मौके पर उपस्थित विजयी प्रतिभागी व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीयू के महाराज जरासंध स्टेडियम में आयोजित फिट इंडिया यूनिवर्सिटी सप्ताह का समापन शनिवार को हो गया। इस फिटनेस वीक की शुरुआत नौ दिसंबर को हुई थीं। फिट इंडिया के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमे इलेक्ट्रिक योगा, मेडिटेशन, जुंबा, कबड्डी सहित कई भारतीय देसी मनोरंजात्मक खेल शामिल था। प्रतियोगिता के विजेता व उप विजेता टीमों को आज ट्रॉफी व मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। विजेताओं के बीच पुरस्कारों का वितरण आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य जीवन के लिए खेल बेहद जरूरी है। खेल से शारीरिक, बौद्धिक व मानसिक विकास होता है। मौके पर उपनिदेशक अनुराग चंद्रवंशी, कुल सचिव डॉ देवाशीष मंडल, खेल समिति के अध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार त्रिपाठी, आयोजन समिति के सुनील पटेल, छोटन प्रसाद, अमन कुमार यादव, सत्य प्रकाश, उपेंद्र पाल, श्रेया कुमारी, सुनील चौधरी, इदरीश हवारी, दामोदर यादव, रामानंद तिवारी, धीरन तिवारी सहित रामचंद्र चंद्रवंशी विवि से संबंध सभी कॉलेज के प्राचार्य, वकील समिति के सभी सदस्य, विवि के सभी कर्मचारी मौजूद थे।

# संपन्न कार्डधारियों को चिह्नित कर 20 तक राशन कार्ड सरेंडर करायें : बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

सतबरवा पलामू। प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक की गई। संचालन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार ने की। बैठक में प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के अलावे पंचायत स्तर पर बनाए गए सतर्कता समिति के सदस्य मौजूद थे। बीडीओ ने निर्देश दिया कि वैसे राशन कार्ड धारी जिनके पास चार पहिया वाहन, तीन कमरे से अधिक का मकान, कृषि यंत्र, वाहन तथा 5 एकड़ से अधिक सिंचित भूमि है। वैसे कार्ड धारी 20 दिसंबर तक कार्ड को सरेंडर करना सुनिश्चित कर दे। उन्होंने आगे बताया कि जो कार्डधारी इनकम टैक्स के दायरे में आते हैं तथा जीएसटी भरते हैं अथवा उस परिवार का कोई सदस्य सरकारी सेवा में होगा वैसे कार्ड धारियों को चिन्हित कर 20 दिसंबर तक कार्ड सरेंड़र करवाने के लिए प्रेरित करेंगे।





बैठक में राशन कार्ड पर रणनीति बनाते बीडीओ व उपस्थित अन्य।

**खास बातें :** बीएसओ अरविंद कुमार ने कहा कि तय सीमा के बाद अगर कोई राशन कार्डधारी जांच में पकड़े जाते हैं, तो उठाव किए गए राशन पर 12% ब्याज दर से रिकवरी के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अयोग्य कार्ड धारी के कारण बहुत से योग्य कार्ड धारी राशन से वंचित हो जा रहे हैं। समय सीमा के अंदर सरेंड़र नहीं करने पर चिन्हित करके कार्रवाई की जाएगी।बैठक में सतर्कता समिति अध्यक्ष सह पोंची पंचायत के मुखिया गिरवर प्रसाद राम, धावाडीह की मुखिया रिंकी यादव, बोहिता मुखिया कलावती देवी, लाल बिहारी प्रसाद, बकोरिया पंचायत के मुखिया संतोष उरांव के साथ बैजनाथ प्रसाद,भारत भूषण प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, दीनानाथ प्रसाद, राजेश्वर राम, भास्कर पाठक समेत कई पीडीएस डीलर मौजूद थे।

# ड्यूटी में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई : मंत्री राधाकृष्ण किशोर

- वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पाटन प्रखंड का किया दौरा
- पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जाना हकीकत कर्मियों को दी चेतावनी
- ग्राम गम्हेथा में सड़क व बिजली की समस्या से हुए अवगत

खबर मन्त्र संवाददाता



पाटन पलामू। झारखंड सरकार के वित मंत्री ने पाटन प्रखंड का दौरा कर लोगों के समस्या से अवगत हुए। मंत्री श्री किशोर ने पाटन प्रखंड के गम्हेथा, सगुना, पाटन, नावा चेतमा का दौरा किया। इस दौरान श्री किशोर को गम्हेथा पाटन में लोगों ने जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने मंत्री सड़क व बिजली की समस्याओं से अवगत कराया। इस पर मंत्री ने गम्हेथा ग्राम में सड़क व बिजली की समस्या को पुरा करने का आश्वासन दिया। इसके बाद मंत्री ने पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि काम के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा। मेरे कार्यक्रम में जिम्मेवारी के साथ काम करना होगा। लोगों को समुचित इलाज समय पर होना चाहिए अब अब मटरगश्ती नहीं चलेगी।

# जपला के भीषण सड़क दुर्घटना में दो की मौत, दो की स्थिति गंभीर

गौतम पटेल

- दो बाइकों की आमने-सामने से हुई टक्कर, घटना के बाद लोगों ने किया घंटों सड़क जाम
- ऊपरी कला के समीप मुख्य सड़क में हुई घटना, मौके पर पंहुचे विधायक





हुसैनाबाद पलामू। अंचल थाना क्षेत्र में ग्राम ऊपरी के समीप जपला-डालटनगंज मुख्य सड़क में सुबह भीषण सड़क दुर्घटना हुई जिसमें दो लोगो की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। जबकि दो छात्रों की स्थिति गम्भीर है। बताया जाता हैं कि दो बाइक की आमने सामने टक्कर हो गयी जिसमें देवरी ओपी क्षेत्र के जपला सीमेंट फैक्ट्री हार्वे लाइन के नफीस अहमद का पुत्र आदिल अहमद (18) व दिनेश चंद्रवंशी का पुत्र संग्राम कुमार उर्फ गोलू (17) की घटनास्थल पर मौत हो गयी। जबकि हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के रपुरा निवासी मनोज राम के पुत्र व पुत्री दीपक कुमार व रूबी कुमारी गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में ईलाज के बाद गंभीर स्थिति को देख चिकित्सकों ने मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

### प्रशासन ने करायी अलाव की व्यवस्था



विश्रामपुर (पलामू)। कड़ाके की ठंड को देख स्थानीय प्रशासन ने नगर परिषद क्षेत्र के चौक चौराहों पर अलाव की व्यस्था करायी है। बस स्टैंड, बी मोड़ चौक व रेहला स्टेशन चौक पर सीओ राकेश तिवारी ने खुद अलाव की शुरुआत की। कहा कि अलाव से लोगों के साथ यात्रियों को भी ठंड से राहत मिलेगी। मौके पर युवा समाजसेवी विजय रवि, बसपा नेता गोपाल राम, पूर्व पार्षद मजमुद्दीन अंसारी, मुन्ना यादव, सुबोध केशरी, रमेश कुमार, मुबारक अंसारी, नीरज कुमार व कई लोग मौजूद थे।

### टेंपो चालकों ने किया टेंपो चालन का विरोध



चैनपुर पलामू। टेंपो चालकों ने ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले टेंपो को रोककर टेंपो चलाने का विरोध किया। उन्होंने शाहपुर चौक पर जबरन रोक टेंपो नहीं चलाने का विरोध जताया। कारण पूछने पर बताया कि हमें टेंपो चलाने के लिए रूट बांटा गया है। जिससे हमारा भरण पोषण संभव नहीं है। हमें सवारी नहीं मिलेगी तो शहर आकर क्या करेंगे? वहीं शहर में प्रवेश करने पर अधिभार चालान किया जाता है। साथ ही पुलिस दुर्व्यवहार करती है। ट्रैफिक पुलिस प्रभारी सब्बा अहमद ने बताया कि रुट टू रुट ही टेंपो चलाना होगा। जिलाधिकारियों के साथ बैठक में सभी टेंपो संचालकों ने यह स्वीकार किया था, जो लागू रहेगा । शहर की जाम को देख यह निर्णय जरूरी है। अगर टेंपो संचालक बुकिंग में जाते हैं तो उन्हें प्रवेश पर रोक नहीं है। ई रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष ट्विंकल गुप्ता ने बताया कि जाम को मुक्त करना मार-पिटाई से निवारण नहीं है हम बैठक कर उचित निर्णय लेंगे।

# बालू का अवैध खनन और भंडारण नहीं रोक पा रहे अधिकारी : प्रमुख

खबर मन्त्र संवाददाता



चैनपुर (पलामू)। थाना व अंचल स्तर पर बालू बंदी के बावजूद भी अवैध तरीके से बालू का खनन व भंडारण बेखौफ जारी है। प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए स्थानीय बालू माफिया अपनी मनमर्जी से बालू की बेखौफ निकासी में दिन-रात लगे हुए है। दरअसल ऐसा ही मामला चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अवसाने पंचायत के टोला मड़ही में प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने उत्क्रमिक प्राथमिक विद्यालय के पास बालू माफियाओं के द्वारा दर्जनों ट्रैक्टर से बालू का भंडारण का औचक निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि मालूम हो कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा नदी से बालू खनन व भंडारण के लिए पाबंदी लगा दी गयी है साथ ही कहा कि प्रखंड मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर अवसाने पंचायत से सटे कोयल नदी गुजरी है।



### कांग्रेस के रूद्र शुक्ला ने किया वित्त मंत्री का स्वागत

मेदिनीनगर। झारखंड सरकार के नव नियुक्त वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर जी उर्फ चुनु राम के पलामू जिला में आगमन पर मेदिनीनगर आवास पहुंच कर मंत्री बनने पर पांकी विधानसभा क्षेत्र पूर्व विधायक प्रत्याशी, प्रदेश कोऑर्डिनेटर कांग्रेस सह युवा नेता रूद्र शुक्ला ने घर पर जाकर मुलाकात की।

# सड़क किनारे हुए अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



हरिहरगंज पलामू। उपायुक्त पलामू के निर्देश पर हरिहरगंज नगर पंचायत में अतिक्रमण हटाने की अभियान शुरू हो चुकी है। शनिवार को अंचल कार्यालय और नगर पंचायत ने मिलकर सड़क और फुटपाथ पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ करवाई किया। इस दौरान अधिकारियों ने फुटपाथ पर रखे समान, छोटी दुकानें व गुमटी को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। साथ ही सड़क किनारे रखे गिट्टी व बालू को जब्त किया गया। वही फुटपाथ तथा सड़क के बीच लगाए गए वाहनों से दंड शुल्क भी वसूली की गयी। इस अभियान में सीओ मनीष कुमार सिन्हा, कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी, नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी तथा बीडीओ पारितोषित प्रियदर्शी सहित नगर पंचायत व अंचल कर्मी शामिल थे।

### गुड न्यूज : रामगढ़ में बालू का उठाव शुरू



रामगढ़ पलामू। लंबे समय से बालू की किल्लत झेल रहे रामगढ़ पंचायतवासियों को अब सरकारी दर पर बालू उपलब्ध हो पायेगा। शनिवार को रामगढ़ प्रमुख प्रेमनी देवी, जिला पार्षद छोटन सिंह, हूटार मुखिया शोभा देवी के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर बालू उठाव कार्य का शुभारंभ किया। छोटन ने कहा कि अब पंचायत क्षेत्र के लोगों को सरकारी दर पर बालू मुहैया कराने के लिए सतबहिनी नाला से बाल उठाओ कार्य शुरू किया गया है। सभी योजनाओं में बालू उपलब्ध कराया जाएगा। प्रमुख प्रेमनी देवी ने इस निर्णय को सार्थक बताया और कहा कि इससे क्षेत्रवासियों को आसानी से बालू उपलब्ध हो सकेगा।

# शिविर का उद्देश्य समाज के वंचित लोगों को लाभान्वित करना : अखिलेश कुमार

- सदर प्रखंड परिसर में लगा जिला स्तरीय विधिक सशक्तिकरण शिविर
- लाभुकों के बीच सरकारी परिसंपत्ति का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



छात्राओं को साइकिल देते अतिथि व उपस्थि अन्य।

मेदिनीनगर। पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को सदर प्रखंड परिसर में जिला स्तरीय विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कई लाभुकों के बीच सरकारी परसंपत्ति का वितरण किया गया।

इसकी अध्यक्षता जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय अखिलेश कुमार व संचालन लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने किया। इस मौके पर जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सहित अन्य अतिथियों को प्रखंड प्रशासन के द्वारा बुके देकर व स्वागत गान गाकर स्वागत किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान जिला व सत्र न्यायाधीश द्वितीय अखिलेश कुमार, शंकर महाराज, स्वेता ढींगरा, आयशा खान, संजय सिंह यादव, निशिकांत, परमानंद उपाध्याय, रोजलिना बारा, रीतू कुजूर, अमित आकाश, कमल प्रकाश, सदर उप प्रमुख शीतल सिंह, बीडीओ जागो महतो, सीओ अमरदीप बल्होत्रा, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी अनुप बिलियन लकड़ा, कौड़िया पंसस अजीत सिंह, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, उपाध्याय सिंह, चियांकी पूर्व पंसस पिंटु तिवारी आदि ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। मुख्य अतिथि जिला व सत्र न्यायाधीश द्वितीय अखिलेश कुमार ने कहा कि विधिक सशक्तिकरण शिविर का उद्देश्य समाज के कमजोर वंचित लोगों को लाभान्वित करना है। उन्होंने कहा कि समाज में कमजोर वंचित लोगों को मदद कैसे पहुंचा जाए इस उद्देश्य से आज जिले के सभी प्रखंडों में सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया है।

### संत मरियम स्कूल ने आयोजित किया कैरियर जागरूकता सेमिनार

# बेहतर और उच्च शिक्षा के लिए उपयोगी सिद्ध होगा यह सेमिनार : अविनाश देव

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। स्थानीय टाउन हॉल में संत मरियम स्कूल और देश के अग्रणी शिक्षण संस्थान में शुमार मेंटर्स एड्यूसर्व द्वारा संयुक्त रूप से एक कैरियर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। मेंटर्स एड्यूसर्व के असिस्टेंट निदेशक मनीष जायसवाल, सीनियर रसायन शास्त्र प्रमुख राहुल राजा, भौतिक शास्त्र प्रमुख प्रकाश ओझा, संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव और प्राचार्य कुमार आदर्श द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी।



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अविनाश देव व अन्य।

**खास बातें :** मेंटर्स के रसायन विभाग प्रमुख राहुल राजा ने कहा कि विगत कई वर्षों में लगभग 4000 से ज्यादा बच्चों को हमारे संस्थान ने आईआईटी और मेडिकल के विभिन्न संस्थाओं में दाखिला कराया है। झारखंड के टॉप स्कूल के साथ जुड़कर हमने विगत कई वर्षों से झारखंड टॉपर दिया है और उसी कड़ी में पलामू प्रमंडल में बच्चों को पारंगत बनाने हेतु आज हम लोग संत मरियम स्कूल के साथ जुड़ रहे हैं । भौतिक विभाग प्रमुख प्रकाश ओझा ने कहा कि हम सभी का प्रयास है कि बच्चे को आईआईटी और नीट जैसे कठिन परीक्षा हेतु हम पलामू में ही संत मरियम स्कूल के सौजन्य से बड़े शहरों की शिक्षा उपलब्ध करा सके। मौके पर संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि आज का यह सेमिनार पलामू में अध्यनरत बच्चों और अभिभावक के लिए मिल का पत्थर साबित होगा क्योंकि आज के बाद बच्चों को आईआईटी और नीट जैसे कठिन परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोटा, दिल्ली पटना और रांची जाने की आवश्यकता नहीं है। वहां के प्रतिष्ठित शिक्षक स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम के माध्यम से हमारे स्कूल के साथ जुड़ रहे हैं।

स्पीड न्यूज

## हरविंदर सिंह ने 11 बार प्लेटलेट दान किया



**जमशेदपुर।** हरविंदर सिंह ने ग्यारहवीं बार प्लेटलेट दान किया। ब्लड बैंक से अरिजीत सरकार का फोन आया की भैया आप एक सामाजिक व्यक्ति है 0+ प्लेटलेट की जरूरत है किसी गरीब की जान बचानी है तो मैं तुरंत ब्लड बैंक में जाकर उस वक्ति को प्लेटलेट दिया। हौसला अफजाई में अरिजीत सरकार, रश्मीत सिंह, इशमीत सिंह, ब्लड बैंक के संजय कुमार थे।

## गंदगी की सफाई के लिए भी प्रयास हो



**जमशेदपुर।** डिमना लेक का पानी जो जमशेदपुर के लिये वरदान कहा जा सकता है। जहां बारिश के पानी का प्राकृतिक रूप से एकत्रित पानी पूरे बर्ष टाटा स्टील कारखाने एवं लौह नगरी की जनता की प्यास बुझाने का काम करता है वही मूर्ति विसर्जन के बाद लेक के किनारे पड़े पूजा सामाग्री एवं मूर्तियों के अवशेष पानी को बड़े पैमाने पर प्रदूषित करता है। यही नहीं प्लास्टिक की थैलियों को मछलियां खाकर मर जाती हैं। अतः हम सबको आस्था के साथ साथ स्वच्छता का ध्यान रखते हुवे इन इलाकों की सफाई की व्यवस्था करना चाहिए।

## धातकीडीह में मजदूरों का सम्मेलन आज




**जमशेदपुर।** झारखंड असंगठित मजदूर यूनियन धातकीडीह मुखी बस्ती स्थित ठक्कर बाप्पा भवन में मजदूर संघर्ष संकल्प अभियान सम्मेलन रविवार को आयोजित करेगा। झारखंड असंगठित मजदूर यूनियन ठेका साफ सफाई एवं सेनिटेशन और असंगठित मजदूरों का संगठन है।

## डायट में एसएचडब्ल्यूपी के प्रशिक्षण का समापन

**गम्हरिया।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को विधिवत समापन हो गया क समापन पर प्रभारी प्राचार्य पंकज कुमार ने सभी आरोग्य दूतों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत सभी शिक्षकों को अपने अपने विद्यालय में एसएचडब्ल्यूपी के सभी मॉडलो को लागू कर प्रशिक्षण का लाभ बच्चों को दें। इस दौरान सभी साधन सेवियों को मोमेंटो प्रदान करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

## स्कूलों में विजय संदेश पढ़ मना विजय दिवस



**जमशेदपुर।** इतनी सी बात हवाओं को बताए रखना, रोशनी होगी, चिरागों को चलाये रखना, लहू देकर जिसकी हिफाजत की है हमने, उस तिरंगे को भी दिल में बसाये रखना। उपर्युक्त बात अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जमशेदपुर द्वारा विद्यार्थियों को विजय दिवस के अवसर पर सुनाये गये विजय गाथा में कही गयी। 16 दिसंबर 1971 को बांग्लादेश युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में पूर्व सैनिकों सेवा परिषद् ने शनिवार को शहर के विद्यालयों में युद्ध की कहानी युद्धवीरों की जुबानी कार्यक्रम कर विजय दिवस मनाया। 5 स्कूलों में पूर्व सैनिकों व प्राचायों ने विजय संदेश पढ़कर सुनाये।

## जीएसटी विषय पर सेमिनार का आयोजन

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और स्पर्श ट टैली प्राइम द्वारा प्रायोजित जीएसटी के अंतर्गत विषयक सेमिनार का आयोजन चेंबर भवन में किया गया। सेमिनार का शुभारंभ एससीसीआई के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने स्वागत भाषण ट कोलकाता से आये प्रमुख वक्ता सीए विकास बंका का हार्दिक स्वागत कर किया।

# डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

खबर मन्त्र ब्यूरो







**जमशेदपुर।** डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शनिवार को दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हुआ। सम्मेलन ₹हरित पहलों को अपनाने और अपनाने के लिए शिक्षा की शक्ति का उपयोग₹ विषय पर आधारित था। सम्मेलन का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के माध्यम से प्रदूषण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था। टाटा स्टील के सहयोग से आयोजित सम्मेलन में विभिन्न प्रांतों से आये सात एनजीओ ने भी पर्यावरण संबंधित अपने कार्यों को छात्रों के साथ साझा किया। जिनमे कोलकाता से प्रेक्सिस और विनीशा, हाउस ऑफ ग्रोनेस्ट कोइम्बटुर, ग्लोनेस्ट आसनशोल, कोरू फाउंडेशन और विपोनी (जमशेदपुर) शामिल थे।

कार्यक्रम की शुरूआत सचिव श्रीप्रिया धर्मराजन के स्वागत भाषण से हुआ। इसके बाद श्रीमती पामेला घोष दत्ता ने पहले दिन का सारांश दिया। उन्होंने बताया कि डीबीएमएस कदमा स्कूल के नौंवी के बच्चों के लिए वर्ल्ड बैंक के डॉ अशेष ने शानदार प्रस्तुति दे कर कॉन्फ्रेंस का आगाज किया था। 13 दिसंबर को टाटा स्टील यूआईएसएल के द्वारा सौर ऊर्जा का उपयोग करते हुए विद्युत के उत्पादन के बारे में बताया और इसके 3 प्रकार ऑन ग्रिड, ऑफ ग्रिड और हाइब्रिड सोलर सिस्टम को भी बताया। घोरामारा टापू, सुंदरवन से आए छात्रों ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से कैसे झेलते हैं अपनी बंगला भाषा में सुनाया। इसके बाद हाउस ऑफ ग्रोनेस्ट कोइम्बटोर से दीपिका और श्रीकांत ने बायो एंजाइम के बारे में बताया जो ऑर्गेनिक अपशिष्ट सामग्री जैसे फलों के छिलके, चीनी या गुड़ के किण्वन प्रक्रिया के माध्यम से बनाया जाता है ये एक इको फ्रेंडली उत्पाद है जो घर की सफाई के लिए इस्तेमाल होते है। कोरु फाउंडेशन के दीपक सोनी ने वीडियो के जरिए जीरो वेस्ट और एंप्लीफाइंग कम्युनिटी वॉयसेस प्रोजेक्ट के द्वारा जलवायु परिवर्तन को पाठ्यक्रम में शामिल करने को कहा। फिर जूनियर कार्मेल कॉलेज के छात्रों ने सतत विकास के लक्ष्य को बताया। गाय के गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने की विधि को सुरदीप प्राकृतिक पेंट ने विस्तार से बताया। विनिशा के संस्थापक कोलकाता से आए रमेश चंद्र ने स्कूल के बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के अपने अनुभव साझा किये। कांफ्रेंस में रिडुस, रिसाइकिल, रियुज पद्धति अपनाई गई। यह कार्यक्रम जीरो वेस्ट था। डी बी एम एस इंग्लिश स्कूल के छात्रों ने पंचतत्व पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। श्रेष्ठ शोध पत्र लेखन के लिए कंचन कुमारी, एंजेला मुंडा, रशिका ददियाला, और नताशा मेरी जोसफ राणा सूर्या मुखर्जी, दीक्षा कुमारी तथा कक्षा 9 के सौरभ और सिद्धि को दिया गया इनका मूल्यांकन टाटा स्टील के चीफ दिलीप और श्री आनंद ने किया था। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। समापन सत्र के मुख्य अतिथि हुलाडेक के सीईओ श्री नंदन मॉल थे इनका परिचय देते हुए प्राचार्या डॉ जूही समर्पिता ने बताया कि डीबी एमएस कॉलेज ई वेस्ट का कलेक्शन सेन्टर भी है। दूसरे दिन समापन सत्र के विशिष्ट अतिथि डॉ संजीव आनंद कोल्हान यूनिवर्सिटी के सीवीसी ने डी बीएमएस को देश के 10 श्रेष्ठ बीएड कॉलेज की सूची में आने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि कोल्हान यूनिवर्सिटी को भी इस उपलब्धी पर गर्व है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ मोनिका उप्पल के द्वारा हुआ जिसमें चेयरपर्सन ललिता चंद्रशेखर, अध्यक्ष बी चंद्रशेखर, सचिव श्रीप्रिया धर्मराजन, सह सचिव सुधा दिलीप, गवर्निंग बॉडी सचिव सतीश सिंह, प्राचार्या डॉ जूही समर्पिता, श्रीमती पद्मा शिवा एवं शिक्षकगण को उनके अथक प्रयास के लिए आभार जताया।

# पूर्व मंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा के निधन पर आज घोड़ाबांदा आवास पर कुटुंब भोज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा के निधन पर आज उनको घोड़ाबांदा स्थित आवास पर कुटुंब भोज और मित्र भोज का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में जमशेदपुर के अलावे राज्य के अलग अलग हिस्सों से लोग शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इनमें झारखंड के महामहीम राज्यपाल संतोष गंगवार, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, झारखंड के उच्च शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजातीय आयोग की सदस्य आशा लकड़ा, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, विधायक सरयू राय, पूर्णिमा साहू, मंगल कालिंदी, दशरथ गगराई, राज सिन्हा, नीरा यादव, देवेंद्र कुंवर, सत्येंद्र तिवारी, पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो, गीता कोड़ा, आभा महतो, पूर्व विधायक अनंत ओझा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले के अलावे टाटा स्टील, टाटा मोटर्स सहित विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि, टाटा मोटर्स्र वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, भाजपा नेता शैलेंद्र सिंह, शिवशंकर सिंह,, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, पूर्व विधायक बड़कुंवर गगराई, भानुप्रताप शाही, मेनका सरदार, गंगोत्री कुजूर, लक्ष्मण टुडू, सूर्य सिंह बेसरा, जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा, उदय सिंहदेव, चंडीचरण साव, राकेश्वर पाण्डेय, काली शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के हर वर्ग के प्रतिनिधि शामिल हुए। अर्जुन मुंडा एवं उनकी धर्मपत्नी मीरा मुंडा सहित परिवार के सदस्यों ने आगंतुकों की आगवानी की।



परिजनों को ढाढ़स पहुंचाने पहुंचे राज्यपाल व अन्य।

## मृतक सोनू सरदार के शोक संतप्त परिवार से मिले अर्जुन मुंडा, घटना की घोर निंदा की



**गम्हरिया।** प्रखंड के यसपुर पंचायत की मुखिया पार्वती सरदार के पति और पारा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सोनू सरदार की हत्या कर खबर पाकर शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा उनके घर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात कर मामले का शीघ्र उद्भेदन और अपराधियों को सख्त सजा दिलाने की बात कही। पूर्व मंत्री ने कहा कि सोनू सरदार एक सक्रिय समाजसेवी और शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी व्यक्ति थे। उनकी हत्या जघन्य अपराध है। उनकी लोकप्रियता के चलते उनकी पत्नी मुखिया बनी थी। हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाना अत्यंत जरूरी है।

## एक नजर में

### सड़क पर खड़ी गाड़ियों और अवैध पार्किंग को देखकर नाखुश दिखीं अनुमंडलाधिकारी



**जमशेदपुर।** जुबिली पार्क गेट के सामने सड़क पर खड़ी गाड़ियों और अवैध पार्किंग को देखकर धालभूम अनुमंडलाधिकारी शताब्दी मजूमदार नाखुश दिखी। उन्होंने सड़क पर खड़ी गाड़ियों की पुलिस बल से फोटोग्राफी करवाई और लोगों को चेतावनी दी। उपरोक्त कार्रवाई से लोगों के बीच हड़कंप मच गया।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा ने किया पुतला दहन



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जुबिली पार्क गोलचक्कर पर सोरेन सरकार का पुतला दहन किया। पुतला दहन करते हुए मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बताया कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुए धांधली का मामला न्यायालय में लंबित होने के बावजूद युवा विरोधी सरकार के इशारे पर आयोग ने रिजल्ट जारी किया। भाजपा युवा मोर्चा जमशेदपुर महानगर के ज़िला अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा ने कहा की राज्य के लाखों अभ्यर्थी इसको लेकर विरोध प्रकट कर रहे हैं, भारतीय जनता युवा मोर्चा सभी अभ्यर्थियों के साथ खड़ी है और राज्य के युवाओं को इंसाफ दिलाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक हर लड़ाई लड़ने को तैयार है।

### सेवानिवृत्त मित्र मंडली का वार्षिक मिलन 22 को



**जमशेदपुर।** जुस्को टाउन इलेक्ट्रिकल सेवानिवृत्त मित्र मंडली के सदस्यों ने सर्वसम्मति से तीसरा वार्षिक मिलन समारोह 2024-25 मनाने का निर्णय लिया है। मंडली के श्रीकांत देव ने बताया कि टाउन इलेक्ट्रिकल से सेवा अवकाश प्राप्त सदस्यों ने वर्ष 2022 में एक दूसरे के साथ परिवार की तरह जुड़े रहने का संकल्प लिया था, तत्पश्चात संस्था का गठन किया गया, ताकि कार्य स्थल की भांति सेवा अवकाश में भी एक दूसरे के सुख दुख में भागीदारी बन सके। संस्था के वार्षिक मिलन का आयोजन 22 दिसंबर को साकची गुरुद्वारा के समीप स्थित होटल में मनाया जायेगा।

### एसडीओ ने जानी वृद्ध आश्रम हकीकत



**जमशेदपुर।** धालभूम के एसडीओ शताब्दी मजूमदार ने एमजीएम थाना अंतर्गत गेरूआ में वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण कर वृद्धजनों के खान-पान समेत सभी सुविधाओं का हाल जाना। उन्होंने सभी वृद्धजनों से अलग-अलग बातचीत की तथा वृद्धाश्रम में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। वृद्धजनों द्वारा अवगत कराया गया कि आश्रम में समय से नास्ता, भोजन आदि मिलता है। किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। उपस्थित वृद्धजन यहां की व्यवस्था से संतुष्ट है। वृद्ध आश्रम में वृद्धजन को आवासित रहने के लिए उचित प्रबन्ध किए गये है। ठंड से बचाव हेतु रजाई, कंबल की भी व्यवस्थायें कमरों में पायी गयी।

### आगाज के सदस्य नगर कीर्तन में हुए शामिल



**जमशेदपुर।** पश्चिम बंगाल के चन्द्रकोणा टाऊन स्तिथ गुरूद्वारा साहिब नानकसर में गुरु नानक देव जी महाराज जी के प्रकाश पर्व को समर्पित नगरकीर्तन आज दोपहर 2 बजे गुरूद्वारा साहिब से अरदास उपरांत आरंभ हुआ, जो कि नगर भ्रमण कर संध्या 6 बजे समाप्त हुआ। आगाज संस्था के सदस्य भी आज नगरकीर्तन में शामिल हुए। संस्था के सदस्य सह संत कुटिया गुरूद्वारा साहिब के नौजवान सभा के सदस्य सरदार मलविंदर सिंह एवं आगाज के सदस्यों ने पालकी साहिब के फूलों की सजावट की सेवा की, गुरूद्वारा कमिटी द्वारा आगाज के संस्थापक अध्यक्ष इंदरजीत सिंह, मलविंदर सिंह, सिमरन भाटिया, बारीडीह नौजवान सभा के प्रधान सरदार जगजीत सिंह जग्गी को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। संस्था के सदस्यों में संस्थापक अध्यक्ष इंदरजीत सिंह, मलविंदर सिंह, सिमरन भाटिया, अभय महंती, रोहित कुमार, बाबा बंदा सिंह गतका जमशेदपुर के सदस्य सरदार गुरप्रीत सिंह प्रिंस भी थे।

### गोविंदपुर में विधायक मंगल का अभिनंदन



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा में प्रचंड जीत के बाद विधायक मंगल कालिंदी जी का गोविंदपुर के विभिन्न स्थानों में नागरिक अभिनंदन किया गया एवं लड्डू का वितरण किया गया। सर्वप्रथम बस स्टैंड में टेम्पो संघ द्वारा मनोज झा एवं मृत्युंजय बॉल के नेतृत्व, रांची रोड में अमित मिश्रा, सोनू सिंह के नेतृत्व में विद्यापति नगर में हरेंद्र मिश्र, सुभाष उपाध्याय के नेतृत्व में डबल रूम में राजकिशोर यादव जी के नेतृत्व में, डबल स्टोरी में रवि चौधरी एवं मुनि जी के नेतृत्व में, तीनतल्ला में रमन सिंह के द्वारा स्वागत किया गया एवं जगह जगह जीत की खुशी में लड्डू वितरण किया गया। इसके पश्चात विधायक मंगल कालिंदी, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, सदस्य डॉ परितोष द्वारा गोविंदपुर यशोदा नगर में 4.5 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यस किया। इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी जी ने कहा की गोविंदपुर की जनता ने जो प्रेम और विश्वास उन पर जताया हैं उसके लिए वह क्षेत्र की जनता का ऋणी रहेंगे और अपने हृदय की गहराइयों से उन सभी शुभचिंतकों का आभार जताया।

# मानगो पेयजल परियोजना का एक-एक इंच देखेंगे सरयू राय

- इंटकवेल में कमी की बात कहता है पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
- नगर निगम कहता है कि मोटर खराब हो जाते हैं, जल जाते हैं

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने शनिवार को मानगो के कई इलाकों का भ्रमण किया। उनसे इलाके के लोगों ने शिकायत की कि मानगो पेयजल परियजोना से पानी नहीं मिल रहा है। कुमरुम बस्ती, हलधर अपार्टमेंट इनमें प्रमुख है। इस बारे में श्री राय ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता से फोन पर बात की और उनसे कहा कि यह शर्म की बात है कि 100 करोड़ से अधिक रुपये खर्च करके मानगो पेयजल परियोजना बनी लेकिन लोगों के घरों में पानी ही नहीं जा रहा है। इस पर कार्यपालक अभियंता का कहना था कि इंटकवेल में ही खराबी है।

उधर, जब श्री राय ने नगर निगम में बात की तो अधिकारियों ने उन्हें बताया कि पानी चढ़ाने के लिए कई पंप लगे हुए हैं।

# जादूगोड़ा में सीएम-शिक्षा मंत्री का स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जादूगोड़ा।** भारत सरकार की संस्थान यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में आदिवासियों की समस्याओं का निराकरण समेत उसके हक व अधिकार को संरक्षण देने वाली संस्था यूसिल अनुसूचित जन जाति कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री राम दास सोरेन व संघ के महासचिव दीपतेंदु हांसदा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व डुमरी विधायक कल्पना सोरेन से अलग-अलग शिष्टाचार मुलाकात की। यह मुलाकात झारखंड विधानसभा के आवासीय कार्यालय में हुई। इस दौरान संघ केमहासचिव दीपतेन्दु हांसदा ने अन्य कई समस्याओं पर विचार-विमर्श किया। शिक्षा मंत्री राम दास सोरेन की अगुवाई में यूसिल अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व उनकी पत्नी कल्पना सोरेन से अलग-अलग की शिष्टाचार मुलाकात व प्रचंड जीत लेकर बधाई भी दी गयी।



**सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात करने गये प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोग :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करने प्रतिनिधिमंडल में के कई लोग गये। जिनमें प्रमुख रूप से संघ के कार्यकारी महासचिव (संपर्क) सृजन टुडू, कार्यकारी महासचिव (औद्योगिक संबंध) दामू नाईक उपस्थित थे।

# विधायक सविता महतो ने कुंकडू, नीमडीह व चांडिल में किया आठ सड़कों का शिलान्यास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चांडिल।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत कुंकडू, नीमडीह व चांडिल में 8 सड़को का शिलान्यास शनिवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक नें कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के कारकीडीह पुल से रेलवे लाइन तक 3.20 किमी, जानुम से पलाशडीह तक 1.84 किमी, आरईओरोड से चौड़ा ग्राम होते हुए सोभा नदी तक 2.0 किमी, सितु बड़ालापांग पथ से बाकारकुड़ी तक 2.93 किमी, नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के झिमरी निर्मल महतो चौक से बलराम महतो घर तक 1.67 किमी व चांडिल प्रखंड क्षेत्र के एन एच 32 से कंगलाटांड तक 4.3 किमी, पीडब्लूडी मेन रोड से डोबो गांव तक 1.65 किमी व काठजोर से कदमझोर तक 5.92 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य का आधार शीला रखा। विधायक ने कहा आठ सड़क का निर्माण 12 करोड़ 91 लाख 75 हजार दो सौ रुपये की लागत से होगा।



विभिन्न सड़कों का शिलान्यास करतीं विधायक व उपस्थित अन्य।

# गुरु कृपा से ही भगवान का भी दर्शन: पंडित पवन कृष्ण गौतम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** शनिवार को जोगार्स पार्क गोलमुरी में चल रही भागवत कथा का पंचम दिन कृष्ण भगवान की बाल लीला का रसपान भक्तों ने किया साथ ही भगवान श्री कृष्ण महराज ने पूतना का वध किया कथावाचक ने बताया कि पूतना ने प्रभु को अपने स्तन में जहर भर के दूध पिलाने का प्रयास किया लेकिन भगवान की लीला से पूतना का भी उद्धार हो गया इसके बाद माखन चोरी कर नटखट अवस्था का अहसास कराया और भक्तों के मन मोह लिया। झांकी में सब कुछ दिखाते हुए बाल अवस्था से बढ़ते हुए गाय माता को चराने निकले और दोस्तो संग हसी ठिठोली से सभी का मन मुग्ध कर दिया। भागवत कथा में श्याम ने इंद्र के अहंकार को तोड़ गोवर्धन महराज की पूजा चलाई कराई उक्त अवसर पर भक्तों ने 56 प्रकार की भोग गोवर्धन महराज को लगाया।

# डीसी के निर्देश पर अधिकारी पहुंचे पंचायत, सरकारी संस्थाओं का निरीक्षण कर विकास योजनाओं की स्थिति धरातल पर देखा

- जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने नोडल पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय में बैठक कर क्षेत्र भ्रमण का लिया फीडबैक, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पंचायत एवं ग्राम स्तर पर सरकार की संस्थाएं एवं उनके माध्यम से लोगों को दी जा रही बुनियादी सेवायें, सुविधायें तथा कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किस तरीके से धरातल पर हो रहा है इसकी वस्तुस्थिति जानने के लिए सभी प्रखडों व नगर निकायों के नोडल पदाधिकारी पंचायत व वार्डों में पहुंचे। विदित हो कि जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा सभी नोडल पदाधिकारी को प्रत्येक शनिवार को क्षेत्र भ्रमण कर पंचायत भवन, स्वास्थ्य उपकेंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल, मनरेगा की योजनाएं, पीडीएस दुकान के माध्यम से राशन वितरण की स्थिति आदि के जांच का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में अपर उपायुक्त श्री भगीरथ प्रसाद ने पटमदा के ओड़िया पंचायत, कार्यपालक दंडाधिकारी धालभूम चंद्रजीत सिंह ने जमशेदपुर के दलदली पंचायत, कार्यपालक दंडाधिकारी घाटशिला अमन कुमार ने मुसाबनी के पारूलिया पंचायत, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह ने बोड़ाम के पहाड़पुर पंचायत, निदेशक एनईपी ने गुड़ाबांदा के फॉरेस्ट ब्लॉक पंचायत, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने धालभूमगढ़ के चुकरीपाड़ा पंचायत, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने डुमरिया के आस्ताकोवाली पंचायत, अनुमंडल पदाधिकारी, घाटशिला ने चाकुलिया का सरडीहा पंचायत, जिला कृषि पदाधिकारी ने घाटशिला के झांटीझरना पंचायत, भूमि सुधार उप समाहर्ता, घाटशिला ने बहरागोड़ा का गोपालपुर पंचायत, भूमि सुधार उप समाहर्ता, धालभूम ने पोटका के नारदा पंचायत तथा जिल पंचायती राज पदाधिकारी ने जमशेदपुर अक्षेस व जिला परिवहन पदाधिकारी ने जुगसलाई नगर परिषद का निरीक्षण किया। समाहरणालय सभागार में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनसे क्षेत्र भ्रमण का फीडबैक भी लिया। उन्होने कहा कि नोडल पदाधिकारी प्रखंड के सभी पदाधिकारी और कर्मी की जवाबदेही तय करते हुए निरीक्षण के दौरान दिये गये आदेश का शत प्रतिशत अनुपालन करायें तथा अपेक्षित सुधार भी लायें।

## समय संवाद

अब इस देश में स्टैण्डप कॉमेडियन क्यों अप्रासंगिक हो रहे हैं, इस बात का जवाब भी मिल गया है। उनके इस बयान के बाद हास्य कलाकार ने अपना बोरिया–बिस्तर यह कहते हुए समेट लिया कि अब भला मेरा यहां काम ही क्या रह गया है? लोगों को हंसाने का सारा दारोमदार राजनीति ने अपने ऊपर ले लिया है। नतीजतन कॉमेडियन को स्टार्टअप की तलाश में भटकना पड़ रहा है। अब तो बच्चे भी टीवी पर नेताओं को देख हसने लगे हैं। शायद उन्हें उनमें टॉम एंड जैरी, मोटू–पतलू या डोरेमॉन का कोई किरदार नजर आ जाता हो।

# क्यों महंगाई देश से जाती ही नहीं है



**निधि सिंह**



आज जब मैंने उन्हें सुना तो स्वयं की बुद्धि और शिक्षा पर बड़ा गुस्सा आया, यूं तो हर दिन ही नेता बिरादरी के लोग कुछ न कुछ बोलते ही रहते हैं, लेकिन इनका बोलना बाकियों के बोलने से भिन्न था। इनकी माने तो हमें आजादी 99 बरस की लीज पर मिली है। यह कितनी नई बात बताई गई, जिससे इतिहासकार भी अनजान थे। हमने कभी ऐसा नहीं सुना, पढ़ने का तो सवाल ही नहीं उठता। हम यहां आजादी का अमृत महोत्सव मनाने में लगे हुए हैं और अब जाकर पता चल रहा है कि 25 बरस बाद आजादी की वैलिडिटी उनके कहें अनुसार खत्म होने वाली है! उन्हें सुन यह सिद्ध हो गया कि इतिहास से जुड़े झूठ को इतने आत्मविश्वास के साथ बोला जाए तो वह सच लगने लगता है।

अब इस देश में स्टैण्डप कॉमेडियन क्यों अप्रासंगिक हो रहे हैं, इस बात का जवाब भी मिल गया है। उनके इस बयान के बाद हास्य कलाकार ने अपना बोरिया-बिस्तर यह कहते हुए समेट लिया कि अब भला मेरा यहां काम ही क्या रह गया है? लोगों को हंसाने का सारा दारोमदार राजनीति ने अपने ऊपर ले लिया है। नतीजतन कॉमेडियन को स्टार्टअप की तलाश में भटकना पड़ रहा है। अब तो बच्चे भी टीवी पर नेताओं को देख हसने लगे हैं। शायद उन्हें उनमें टॉम एंड जैरी, मोटू-पतलू या डोरेमॉन का कोई किरदार नजर आ जाता हो।

पिछले छह-सात बरस में पार्टी प्रवक्ताओं ने जो मुकाम हासिल किया है वह अतुलनीय है। उन्हें सुनने पर उनके तर्क और तथ्य के आगे वाह किए बिना नहीं रहा जा सकता, यह बात अलग है कि आह निकल रही होती है। क्या सच, क्या झूठ, इसका अंतर ही समाप्त करके रख दिया है। बेचारी अभागी जनता एक दफे तो न्यूज एंकर और पार्टी प्रवक्ता में कन्फ्यूज हो रही होती है कि दोनों में असली प्रवक्ता कौन है। इस दौर में जब इतिहास के किसी ऐसे सच से पर्दा उठता है तो महंगाई के उत्सव में हंसी के फव्वारे छूट पड़ते हैं। महंगाई का तनाव कम करने के लिए ऐसे बयान बहुत जरूरी हैं।

वैसे उन्होंने यह तो बताया कि आजादी 99 साल की लीज पर मिली है, लेकिन यह बताना तो भूल ही गई कि इसे आगे बढ़वाने के लिए हमें क्या करना होगा? इधर पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल भरवाते समय हर दिन मशीन में जीरो के बजाय मूल्य को पहले देखने वाला आम आदमी इस दुविधा में है कि महंगाई से लड़ने में ही उसके प्राण निकले जा रहे हैं, ऐसे में 25 बरस बाद आजादी की लड़ाई के लिए भी तैयार होना होगा, यह उसे अभी से चिंता में डाले देता है। अब तक तो सिर्फ यही कहा जाता था कि गलत इतिहास पढ़ाया गया है, किसे पढ़ाया गया है, अब यह भी समझ आ रहा है। यदि एनसीबी वाकई अपना काम ठीक से करती तो कम से कम इस तरह के बयान तो नहीं आते।

महंगाई को आप वैसे क्रांति से जोड़ सकते हैं जिसमें शासकों ने कहा था देश तुम्हें देता है सबकुछ तुम भी तो कुछ देना सीखों। हम ठहरे गुलाम ले-ले कर इतना आदी हो गये कि हम समझ ही नहीं पाते कि देना हमारे स्वभाव में है नहीं। कई दर्जन लोग कहते हैं यह महंगाई विकास के लिये है अगर आप इसके शिकंजे से जिंदा बच गये तो आपके लिये एक शानदार भारत होगा, सभी सुविधा से युक्त धनपतियों से भरा खुश होने के लिये।

# समय तय है आपके कार्य और जीवन के

**-स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



समय से हटकर कोई निर्णय नहीं हो सकता है। सब कुछ समयबद्ध होता है। संसार में किसी के पास अनंत समय नहीं है। भक्ति के लिए भी समय निकालना होता है। भक्ति सदैव सुख प्रदान करती है और हर व्यक्ति की चाह सुख पाने की होती है। सवाल निष्ठा का है। आपकी निष्ठा जितनी मन,तन कर्म, वचन से मजबूत होगी आपको उतना ही आनंद प्राप्त होगा। अहिरावण ने जब राम लक्षमण का अपहरण कर लिया तो हनुमान को छोड़ सभी निराश थे। लेकिन हनुमान की निष्ठा थी उन्होंने अहिरावण से राम-लक्ष्मण को मुक्त कराया। जिसकी चाह होती है जो चाह होती है वही उसे प्राप्त होता है। भक्तों में हनुमान श्रेष्ठ हुये। प्रेम में राधा की तुलना किसी से हो ही नहीं सकती है।

राधा ने पत्नी बनने की चाह नहीं की, रानी बनने की चाह नहीं कि कृष्ण के लिए सब कुछ छोड़ा, यहां तक की कृष्ण को भी छोड़ दिया उन्हें द्वारिका जाने दिया। राधा संग गोपियां वृदांवन में ही रह गयी। दुनिया में आगे और पीछे का आदमी हर क्षेत्र में है। आगे वाले से श्रद्धा और पीछे वाले से प्रेम करना सीखो। नीति कहती है जो चाह रहा है उसे ही दें। भक्ति में धर्य की आवश्यकता है। जाउं कहां तजि शरण तुम्हारे। जैसे कर्त्ता धर बसै, वैसे बसे विदेश। जिसे करना है उसके लिए घर और बाहर कुछ नहीं होता। कोई समस्या समस्या नहीं रह जाती है। भक्ति के लिए कई जन्मों तक प्रयास किये जाते हैं तब मिलती है। भक्त धर्य नहीं खोता है। मृत्यु अगर भयकारी है तो उसके पहले और बाद जीव बैचेन रहता है। लेकिन भक्ति पाने की चाह में मृत्यु के भय से भी उबर जाता है। संसार में किसी चीज की कमी नहीं है आवश्कयता है कि हमें क्या चाहिए यह तय करें। राधा ने परिवार और भक्ति का अनूठा कृत्य प्रस्तुत किया। धर्य क्यों आवश्यक है इस पर उन्होंने कहा कि एक बार दो भक्तों ने समाधि लगाने की सोची। एक इमली के पेड़ के नीचे तो दूसरा पीपल के पेड़ के नीचे बैठा। इसी बीच नारद मुनि उस ओर से गुजरे। भक्तों ने जानना चाहा कि उनकी समाधि कितने में लग जाएगी। नारद ने कहा पीपल के नीच वाले भक्त से कहा कि जितना इस पीपल में पत्ता है उतने दिन लगेंगे। वह डर गया और उठकर घर भागा। दूसरे को नारद ने यही जबाव दिया उसने कहा चलो यह तो तय है कि मिलेगा चाहे समय कितना भी लगे। समय बीतने पर उसे सफलता हासिल हो गयी।

वर्तमान समय में धर्य की कमी पर स्वामी जी ने कहा कि लेन में चलें। लेकिन कुछ लोग अकबकाये से चलते हैं और सड़क के बजाये खेत में पहुंच जाते हैं। जो नियम है वह जीवन में व्यवहार जगत और भक्ति जगत दोनों पर लागू होता है। जैसे छपरा से चलकर स्वामी परमहंस दयाल ने जो टेरी में भक्ति फैलाया वह आज फिर से छपरा में स्थापित हुआ। इसमें समय लगा। अध्यात्म और भक्ति में निरंतरता बनाये रखना होता है। भक्ति अपनी होती है अपना भाव बनायें। भक्ति को समझने और उसे जानने के लिये गुरु की नितांत आवश्यकता होती है। श्री राम हो या श्री कृष्ण सभी ने गुरु की आज्ञा को सब कुछ मानकर कार्य किया जिसके कारण उनका धर्म एक निष्ठ रहा कर्म सर्वोत्तम रहा।

जीवन में जो कुछ घट रहा है वह आपके प्रारब्ध में ही है। वह होनी है जो प्रबल है। प्रकृतिबद्ध है और इसे बदलने का कोई नियम नहीं है। प्रकृति के नियम को बदला नहीं जाना चाहिए।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर शाखा कुटी रांची)

# बढ़ता मानसिक रोग



**मानसिक रोग उपचार में अभूतपूर्व प्रगति, अभी भी मानसिक रोग को माना जाता है कलंक।**

सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं सम्बद्ध पीबीएम चिकित्सालय के मानसिक रोग विभाग के आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. हरफूल सिंह ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य का अर्थ महज शारीरिक रुप से स्वस्थ होना नहीं है बल्कि स्वस्थ व्यक्ति का मस्तिष्क भी स्वस्थ होना चाहिए। मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू है। पिछले कुछ वर्षों में मानसिक रोगों के कारणों को समझने और उनके उपचार की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, लेकिन अभी भी मानसिक रोग को कलंक माना जाता है। मानसिक रोगी एवं उनके परिवारजन अपने रोग को पहचानने में पूर्णतया सक्षम नहीं होते है, अगर सक्षम होते भी है तो स्वीकार नहीं करते हैं क्योंकि इन समस्याओं के प्रति ज्यादातर रोगों की जानकारी या तो बहुत ही सीमित है या काफी हद तक गलत या भ्रांतिपूर्ण मानी जाती है।

डॉ. हरफूल के अनुसार मानसिक समस्याओं और मनोरोगों के प्रति जागरुकता और वैज्ञानिक आधार पर सही सोच-समझ होना, इन समस्याओं के समाधान व उपचार में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होगी। कुछ प्रमुख लक्षण जैसे नींद में परेशानी, अकारण चिड़चिड़ापन, अवसाद, आत्महत्या के विचार आना, नशे की आदत, बेवजह शक करना, न चाहते हुए भी अनावश्यक विचारों का बार-बार आना, तेजी से बदलता व्यवहार, बैचेनी, घबराहट, बच्चों में अति चंचलता, लिखने-पढ़ने में परेशानी तथा वृद्धजनों में भूलने की आदत, स्वभाव में बदलाव, दिखाई देने पर मनोचिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। देश में बड़ी तेजी से मानिकस रोग फैल रहा है।

# प्रेग्नेंसी में उपवास सोच-समझ कर

**शिखर चंद जैन**



व्रत और त्योहार हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। अक्सर व्रत करने का महिलाओं पर ज्यादा जोर रहता है। इसमें बुराई भी नहीं, लेकिन प्रेगनेंसी में व्रत आदि करना हो तो बेहतर होगा अपनी चिकित्सक या डाइटीशियन से सलाह ले लें। डाइटिशियन संगीता मिश्र का कहना है कि प्रेगनेंसी में लंबे समय तक बिल्कुल भूखे पेट नहीं रहना चाहिए। फास्टिंग के दौरान पौष्टिक व कार्बोहाइड्रेट युक्त फूड लेना जरूरी है।

**कर्बहाइड्रेट का महत्व समझें**

कार्बोहाईड्रेट दो तरह के होते हैं-स्लो और फास्ट, जो किसी फूड के ग्लाइसेमिक इंडेक्स पर निर्भर करता है। फास्ट कार्ब में हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है जो तेजी से एनर्जी रिलीज करता है और इसका इस्तेमाल भी जल्दी हो जाता है। इसके सेवन से भूख बार-बार लगती है और वजन बढ़ने का जोखिम रहता है। इनमें प्रोसेस्ड फूड जैसे ब्रेड, शुगर, स्टार्च वाली सब्जियां, फ्रूट जूस आदि होते हैं, जबकि स्लो कार्ब का जीआई लो होता है और यह शरीर में धीरे-धीरे एनर्जी रिलीज करता है। इसके सेवन से लंबे समय तक तृप्ति महसूस होती है, ब्लड शुगर लेवल मेंटेन रहता है। लो कार्ब के लिए व्होल ग्रेन, सीड, नट्स, बीन्स, लेग्युम्स, वेजिटेबल्स आदि का सेवन करना चाहिए। इनमें फाइबर भी समुचित मात्रा में होता है। इनसे वेट गेन का जोखिम नहीं रहता और कैलोरी मेंटेन करने में भी मदद मिलती है।

**फ्लेक्सिबल रहें**

व्रत के दौरान प्रेगनेंट महिलाओं को थोड़ा लचीला रुख रखना चाहिए। पोषण की कमी से न सिर्फ प्रेगनेंट महिलाओं बल्कि सामान्य महिलाओं को भी कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। जिन प्रेगनेंट महिलाओं को डायबिटीज, एनीमिया हाई बीपी जैसी समस्याएं हो उन्हें फास्टिंग से बचना चाहिए। ध्यान रहे कि अगर फास्टिंग बहुत जरूरी हो तो फल, दूध, मेवे आदि लेते रहने चाहिए।

**भोजन का चयन सावधानी से**

फास्टिंग में आप बार-बार नहीं खातीं इसलिए स्लो कार्ब फूड लेने चाहिए ताकि एक बार खाने के बाद लंबे समय तक भूख न लगे। इन्हें पचने में भी समय लगता है। आप आलू और साबूदाना लें। फाइबर युक्त सब्जियां (पालक, पत्तागोभी, टमाटर, शिमला मिर्च, लौकी आदि) लें। सामक चावल भी व्रत में लिए जाते हैं। इनमें अच्छी मात्रा में फाइबर, विटामिन बी कॉम्पलेक्स, प्रमुख मिनरल्स (आयरन, मैग्नीशियम) आदि होते हैं।

बेहतर होगा कि डीप फ्राई की गई पूरी, साबूदाना बड़ा, आलू के चिप्स या अन्य तेज नमक, चीनी या वसा वाले गरिष्ठ व्यंजन न लें। सूखे मेवे लें जिनमें आपको खूब पोषण मिलेगा। मौसमी फल और सब्जियां लें। पानी पर्याप्त मात्रा में पीएं। अच्छा होगा कि नींबू पानी, छाछ और नारियल पानी आदि का सेवन करें।

# नगर निकाय चुनाव शीघ्र कराए सरकार : सुनीत शर्मा

### राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की कार्यकारिणी की बैठक में संगठन को 4365 पंचायतों तक पहुंचने का लक्ष्य तय किया गया





### कांग्रेस का सबसे महत्वपूर्ण संगठन है राजीव गांधी पंचायती राज संगठन : अमित गुप्ता

रांची कांग्रेस भवन प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश संयोजक सुनीत शर्मा ने कहा कि 73 और 74 संविधान संशोधन के बाद पंचायत और नगर निकाय के जनप्रतिनिधियों के अधिकार तय किए गए हैं, पंचायतों के 29 विभाग और नगर निकाय के 18 विभाग भी शामिल किया गया है परन्तु पंचायत एवं नगर निकाय प्रतिनिधियों के एकजुटता की कमी के कारण आज तक इन विभागों को पंचायत और नगर के प्रतिनिधियों तक पूर्णतया हस्तांतरित नहीं किया गया है , नगर निकाय चुनाव नहीं होने पर सुनीत शर्मा ने आगे कहा कि नगर निकायों में प्रतिनिधियों का कोई संगठन नहीं है हम राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के माध्यम से यह प्रयास कर रहे हैं कि उनको एक मंच पर लाया जाए, जनता को जागरूक करने का भी हम प्रयास कर रहे हैं, चुनाव की मांग जनता के और निकायों के पूर्व जनप्रतिनिधियों से आने की आवश्यकता है परंतु इसमें बहुत उदासीनता देखी जाती है इसलिए हम अपनी सरकार से आग्रह करते हैं की यथाशीघ्र नगर निकाय चुनाव कराया जाए , सरकार से पेसा कानून को फास्ट्रैक में नियमावली बना कर लागू करने पर जल्द एक प्रतिनिधिमंडल के द्वारा एक मांग पत्र सौंपने की तैयारी कर रहें हैं। प्रभारी अमित गुप्ता ने कहा कि राजीव गांधी पंचायती राज संगठन कांग्रेस का सबसे महत्वपूर्ण संगठन है और आने वाले समय में सभी मुखिया, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, नगर निकायों के पूर्व प्रतिनिधियों की आवाज होगा आर जी पी आर एस। विधानसभा चुनाव के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के सदस्यों में प्रशस्ति पत्र का वितरण झारखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर और गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री राजीव रंजन प्रसाद में संयुक्त रूप से किया । बैठक में पांचों प्रमंडल से लोग मौजूद रहे, मुख्यत शांतनु मिश्रा, डॉ अमित, सुभाष नाग, त्रिशानु, फुलगेंसिया, विकाश महालि, शशिकला तिर्की, देवलाल कुमार, बाल मुकुंद यादव, फणीश्वर नाथ, अंजनी रंजन, विवेक विशाल, बादल सुंडी, मंजू बिरुआ, रितेश तामसोय, पुष्पा कुल्लू, अतिन सुरीन, रोहित कुमार, समशीर अहमद और सैकड़ों उपस्थित हुए ।

# डार्क चॉकलेट से फायदे

बच्चे हों या बड़े सबको चॉकलेट खाना अच्छी लगती है। वहीं कोई खास मौका हो या अपने प्यार का इजहार करना हो चॉकलेट खास जरिया बनती रही है। चॉकलेट जहां खाने में टेस्टी लगती है, वहीं शरीर के लिए भी यह कई तरह से फायदेमंद होती है। यह ब्लड शुगर लेवल को संतुलित बनाए रखने के साथ ब्रेन फंक्शन में भी सुधार करती है। यही वजह है कि आज यह लोगों की पसंदीदा चीजों में शामिल है।

जानिए डार्क चॉकलेट के सेवन कुछ के अद्भुत फायदे -

१. दिल को बीमारियों से रखती है दूर -

डार्क चॉकलेट हार्ट को कई तरह की बीमारियों से दूर रखने में मददगार होती है। इसमें कार्डियो प्रोटेक्टिव गुण पाया जाता है। ऐसे में हृदय संबंधी रोगों से बचाव में इसका सेवन फायदा देता है।

२. ब्लड शुगर लेवल को संतुलित रखती है -

ब्लड शुगर लेवल संतुलित रहे तो सेहत के लिए बेहतर रहता है। वहीं इसके बढ़ने से कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। वहीं कई पोषक तत?वों से युक?त डार्क चॉकलेट शरीर में ब्लड शुगर लेवल को मेंटेन बनाए रखने में मददगार होती है।

३. ब्रेन फंक्शन में करती है सुधार -

एक हेल्थ मैगजीन के रिपोर्ट के मुताबिक डार्क चॉकलेट आपके दिमाग की कार्यप्रणाली को भी बेहतर कर बनाए रखने में मददगार होती है। कई अध्ययनों से पता चला है कि पांच दिनों के लिए उच्च फ्लेवनॉल कोको खाने से मस्तिष्क में रक्त के प्रवाह में सुधार हुआ है। इसके अतिरिक्त कोको में कैफीन और थियोब्रोमाइन जैसे उत्तेजक पदार्थ होते हैं, जो एक प्रमुख कारण हो सकते हैं कि यह ब्रेन फंक्शन में सुधार कर सकती है।

४. बहुत पौष्टिक होती है -

अगर आप डार्क चॉकलेट खरीदते हैं, तो यह वास्तव में काफी पौष्टिक होती है। इसमें घुलनशील फाइबर की अच्छी मात्रा के साथ भरपूर मात्रा में खनिज भी होते हैं।

# रेडियोलॉजी टैक्नीशियन के क्षेत्र में बेहतरीन करियर

**अर्पणा कुमारी**



करियर

मेडिकल का दायरा सिर्फ डॉक्टर या नर्स तक सीमित नही है, इसमें कई लोग जुड़े होते हैं। उन्हीं में से एक है रेडियोलॉजी टेक्नीशियन। आजकल हर छोटी बड़ी बीमारी का आकलन करने के लिए एक्स रे किया जाता है। यह कार्य रेडियोलॉजिस्ट करते हैं। वर्तमान समय में यह क्षेत्र काफी तेजी से उभर रहा है। करिअर बनाने के लिए इस क्षेत्र में बेहतरीन संभावनाएं हैं। रेडियोलॉजिस्ट शरीर के विभिन्न अंगों का एक्स रे करते हैं। एक्स रे करते वक्त मरीज तथा आस पास के लोगों पर रेडियोएक्टिव किरणों का साइड इफेक्ट न हो, इस बात की निगरानी भी रखते हैं। इसके अलावा वे रेडियोग्राफिक उपकरणों की देखभाल तथा रोगियों के रिकॉर्ड्स भी मेंटेन करते हैं। एक सफल और कुशल रेडियोलॉजिस्ट के लिए चिकित्सा और साथ ही तकनीकी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त होना चाहिए। कुशल कंप्यूटर कौशल, सकारात्मक दृष्टिकोण, सर्मपण के साथ सेवाभाव, बेहतरीन और धाराप्रवाह संचार कौशल का ज्ञान होना जरूरी है।

**कोर्स, योग्यता एवं अवसर**

रेडियोलॉजी टेक्नीशियन बनने के लिए कई तरह के कोर्स उपलब्धय हैं इसमें सर्टिफिकेट कोर्स से लेकर डिप्लोकमा, डिग्री और मास्टर्स तक के कोर्स उपलब्ध हैं। जैसे बैचलर ऑफ रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी (3 वर्ष), बीएससी इन मेडिकल रेडियोलॉजी (3 वर्ष) डिप्लोमा इन मेडिकल रेडियोलॉजी (1 वर्ष), डिप्लोमा इन रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी (2 वर्ष) पीजी डिप्लोमा इन रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक (1 वर्ष) आदि। कोर्स करने के लिए फिजिक्स, केमेस्ट्री व बॉयोलॉजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं पास होना जरूरी है। यदि आप साइंस विषयों में स्नातक हैं तो पीजी डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं गौरतलब है कि इसमें प्रवेश मुख्यतः बारहवीं पास अंकों के आधार पर ही होता है, लेकिन कुछ संस्थान एंट्रेंस टेस्ट व इंटरव्यू के आधार पर भी चयन करते हैं। बीर टिकेंद्रजीत



यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रोफेसर बीएन मिश्रा के मुताबिक इस क्षेत्र में एक स्नातक ऐसे रेडियोग्राफर, रेडियोलाजिक प्रौद्योगिकीविदों, वैज्ञानिक प्रयोगशाला सहायक, क्लीनिक सहायक, एक्स-रे तकनीशियन, अल्ट्रासाउंड विशेषज्ञों के रूप में काम कर सकते हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे विकास के साथ ही रेडियोलॉजी के क्षेत्र में रोजगार की काफी संभावनाएं पैदा हुई हैं। रेडियो इमेजिंग प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पेशेवरों की भारी कमी है। डॉक्टर पूरी तरह से इमेजिंग विशेषज्ञों पर निर्भर रहते हैं। दिल्ली पैरामेडिकल एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट की प्रिंसिपल अरुणा सिंह के मुताबिक यह करिअर लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए उपयुक्त है। कोर्स के दौरान छात्रों को शरीर रचना विज्ञान, शरीर विज्ञान, विकिरण भौतिकी, इमेजिंग भौतिकी और रेडियोग्राफिक स्थिति के बारे में जानकारी दी जाती है। सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में काफी संभावना है। रेडियोलॉजिस्ट बनने के बाद आप किसी भी नर्सिंग होम्स, अस्पताल, डाइग्नॉस्टिक सेंटर, अत्याधुनिक अस्पताल या फिर खुद का काम शुरू कर सकते हैं। भारत में रेडियोलॉजी टेक्नीशियन की शुरूआती सैलरी 8 से 10 हजार रुपये प्रतिमाह होती है। वहीं एक अनुभवी व प्रशिक्षित रेडियोलॉजिस्ट 15 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह प्राप्त कर सकता है। विदेशों में रेडियोलॉजी टेक्नीशियन की अधिक मांग है। अमेरिकन सोसाइटी ऑफ रेडियोलॉजी के अनुसार रेडियोलॉजिस्ट टेक्नीशियन की जितनी मांग है उतनी पूर्ति नहीं है।

प्रमुख संस्थाहन

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, नयी दिल्ली

दिल्ली पैरामेडिकल एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, नयी दिल्ली

बीजे मेडिकल कॉलेज, अहमदाबाद, गुजरात

## स्पीड न्यूज

### मेजर जनरल भारद्वाज ने पंजाब रेजिमेंटल सेंटर का किया दौरा



रामगढ़। मुख्यालय झारखंड एवं बिहार सब एरिया के जनरल ऑफिसर ऑफ कमांडिंग, मेजर जनरल विकास भारद्वाज, विशिष्ट सेवा मेडल ने 13 और 14 दिसंबर को रामगढ़ छावनी में पंजाब रेजिमेंटल सेंटर का दौरा किया। उन्होने ऑपरेशन की तैयारी, ढांचागत विकास कार्यों और अग्निवीरों के प्रशिक्षण मानको की समीक्षा की। उन्होंने पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में अत्याधुनिक प्रशिक्षण और प्रशासनिक सुविधाओं का निरीक्षण किया और भूतपूर्व सैनिको और उनके आश्रितों के लिए केंद्र द्वारा की गई सुविधाओ के बारे में जानकारी दी। उन्होने अग्निवीरों से बातचीत करते हुए बताया कि उन्हे उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और राष्ट्र की सेवा के लिए खुद को समर्पित करने के लिए आह्वान किया । जनरल ऑफिसर ऑफ कमांडिग ने उन्हे उत्कृष्टता की खोज और राष्ट्र की सेवा में उनकी आकांक्षा में अथक बने रहने और हमारे राष्ट्र के विकसित भारत की ओर बढ़ने में योगदानकर्ता बनने के किए प्रोत्साहित किया।

### मजदूरों पर शोषण बर्दास्त नहीं : विधायक

**बड़कागांव।** नसिर्री बगान में विस्थापित प्रभावित कामगार संघर्ष समिति सोनबरसा के तत्वाधान में बैठक की गई। बैठक में विधायक रोशनलाल चौधरी और पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने मजदूरों की बातों को विस्तार से सुनते हुए इस पर कंपनी प्रबंधन से बात कर हल निकालने का भरोसा दिया वहीं विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि मैं आपके हर कदम के साथ हूँ, आपकी मांगे जायज है इस पर ईमानदारी से पहल कर संबंधित विभाग से अविलंब उचित कदम उठाने के लिए वार्ता कर आगे की कार्रवाई के लिए मांग रखूँगा, कोल कंपनियो द्वारा मजदूरों पर शोषण बर्दास्त नही किया जाएगा, मै आप सभी का आवाज बन कर हमेशा आपके उचित मांगो पर मुखर रहूँगा।बैठक में यह भी निर्णय हुआ की मांगो पर कंपनी प्रबंधन जल्द विचार नही करती है तो आंदोलन कर हड़ताल किया जाएगा जिसकी जवाबदेही कंपनी प्रबंधन पर होगा। बैठक में समिति के अनेकों सदस्य उपस्थित थे।

### मनरेगा कर्मी ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**रजरप्पा।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ रामगढ़ जिला इकाई के जिला सचिव कुमार विवेक के नेतृत्व में पेयजल एवं स्वच्छता और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद से मुरुबंदा आवास में मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा. इससे पूर्व मंत्री को बुके देकर स्वागत किया गया. मांग पत्र में ग्रेड पे वेतन लागू, मृत्यु उपरांत अनुकंपा पर आश्रितों को नौकरी आदि प्रमुख मांग शामिल है। वही मंत्री ने संघ को अश्वासन देते हुए कहा कि आपकी समस्याओं को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत करा दूंगा। मांग पत्र सौंपने वालों में राजकपूर राम, शत्रुघ्न सिन्हा, बालेश्वर महतो, अब्दुल कलाम, महेंद्र नायक, दीपक गुप्ता, रंजीत कुमार, शिवेंद्र भारती, दीपक राम, मनोज कुमार, रामकुमार महतो आदि मौजूद थे।

### खुले में मांस बिक्री पर लगे रोक

रामगढ़। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी ने शनिवार को कहा कि धार्मिक स्थल और महापुरुषों के स्मृति स्थान के समीप में खुले में मांस बेचने पर कड़ा विरोध किया है। चतुर्वेदी ने जिला प्रशासन से त्वरित निदान की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिला के आस्था एवं देश के दुशमनों के दांत खट्टे करने वाले महान योद्धा और हम सभी के आदर्श वीर कुंवर सिंह चौक के साथ नईसराय में जहां हिन्दुओ के आस्था के मंदिर स्थित हैं । वहीं, हर रोज सुबह – शाम श्रद्धालु पूजा अर्चना करने आते है । उस पावन स्थल के समीप रोड पर गलत रुप से अतिक्रमण कर झोपड़ी बनाकर खुलेआम मांस को बगैर कपडें से ढंके या अन्य जरुरी नियमों को दरकिनार कर आस्था को चुनौती देना और मांस को सामने लटकाकर बेचा जाना अमानवीय हैं।

### व्यवहार न्यायालय में लोक अदालत

रामगढ़। व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत लगा, जिसमें आलोक कुमार दुबे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रामगढ़, संजय कुमार प्रधान जिला न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, अनिल कुमार सचिव डीएलएसए, चंदन कुमार उपायुक्त रामगढ़, अजय कुमार पुलिस अधीक्षक रामगढ़ एवं रोहित कुमार न्यायिक दण्डाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय लोग अदालत का उदघाटन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में आये परिवादी /आवेदकों को लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी गयी तथा उनकी लंबित मामलों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निष्पादन किया गया। इस दौरान रामगढ़ पुलिस द्वारा माननीय व्यवहार, न्यायालय, रामगढ़ में स्टॉल लगाकर महिला अत्याचार /उत्पीड़न, साईबर क्राईम, सड़क सुरक्षा, बाल यौन शोषण, पीड़ित को मिलने वाले मुआवजा के संबंध में तथा 18 दिसम्बर को समय–11:00 बजे पूर्वाह्न में ₹सिद्धू कान्हू मैदान, रामगढ़₹ में आयोजित होने वाले ₹जन शिकायत समाधान कार्यक्रम₹ के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया।

### कोडरमा : राज इंटरनेशनल स्कूल में मना राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस




**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मना। विज्ञान शिक्षक एमडी इकबाल और सामाजिक अध्ययन के शिक्षक आदित्य राज स्लाइड्स दिखाकर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस का महत्व समझाया। विद्यार्थियों को बताया गया कि हमें कट्टी बिजली व्यर्थ नहीं करनी चाहिए, बल्कि जितनी जरूरत उतनी ही प्रयोग में लानी चाहिए। प्राचार्य राहुल घोष ने स्कूल में लगे सोलर पैनल का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को संदेश दिया कि हम सबको दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहिए और ऊर्जा के संरक्षण व संवर्धन में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। केवल जरूरत पर ही बिजली का उपयोग करना चाहिए।

# ओपी जिंदल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम

## योग, कराटे, वॉलीबॉल, खो-खो, दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक प्रतियोगिता आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ओपी जिंदल स्कूल पतरातू के प्रांगण में शनिवार को अभिव्यक्ति 2024 नाम से वार्षिक कार्यक्रम (खेलकूद प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी) का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने विद्यालय के विद्यार्थियों की रचनात्मकता, खेल कौशल, और वर्ष-भर की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का अनूठा मंच प्रदान किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जेएसपी के प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह और जिंदल लेडीज क्लब की प्रेसिडेंट गुरदीप कौर उपस्थित थीं। वहीं जेएसपी के आईटी हेड अखिलेश चौबे और सिक्योरिटी हेड डीपी साहू भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। वहीं विद्यार्थियों ने अतिथियों का स्वागत गीत जोरदार स्वागत किया। वहीं मार्च पास्ट के दौरान एनसीसी कैडेट्स के साथ चारों सदनों के विद्यार्थियों ने अनुशासित और संगठित तरीके से अपने कौशल का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पाण्डेय ने ह्यअभिव्यक्ति 2024ह्न के आयोजन के उद्देश्य विद्यार्थियों की वर्ष भर की उपलब्धियों की प्रशंसा की। विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई प्रदर्शनी कार्यक्रम का आकर्षण रहा। इसमें विज्ञान (जीवन के हर क्षेत्र में विज्ञान), गणित (गणित खेल और ज्ञान का संगम), सामाजिक विज्ञान (इतिहास से भविष्य तक की यात्रा) अंग्रेजी (सेवन स्टेजेज ऑफ लाइफ-शेक्सपियर), हिंदी (व्याकरण वाटिका), संस्कृत (प्राचीन भाषा/आधुनिक सोच) और आर्ट एंड क्राफ्ट (कला उत्सव) जैसे विषयों के मॉडल और प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और विद्यार्थियों के नवाचार और गहन समझ की प्रशंसा की। इस आयोजन ने विद्यालय और अभिभावकों के बीच सहयोग और विश्वास को मजबूत किया। विद्यार्थियों के ज्ञान कौशल, विषयों में गहन समझ, नवाचार और सर्वांगीण विकास को लेकर अभिभावकों ने हर प्रकार से संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यक्रम अपनी भव्यता और सफल आयोजन के लिए लंबे समय तक याद किया जाएगा। ओपी जिंदल स्कूल पतरातू आज भी इस क्षेत्र के विद्यालयों में सर्वोपरि है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, योग और कराटे के प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों के लिए वॉलीबॉल और खो-खो जैसे टीम इवेंट्स के साथ-साथ दौड़, लंबी कूद, और गोला फेंक जैसे ट्रैक और फील्ड इवेंट्स का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि गुरदीप कौर ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

# चतरा के उपायुक्त ने भारत माला परियोजना की समीक्षा

## अधिग्रहित भूमि का जल्द दें मुआवजा

खबर मन्त्र संवाददाता




चतरा। समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में भारत माला परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान संबंधी समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में हंटरगंज, चतरा, पत्थलगड्डा और सिमरिया अंचल के संबंधित मौजा वार भूमि अधिग्रहण और मुआवजे के मामलों की समीक्षा की गई।उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा कि भारत माला परियोजना केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना है और इसकी निरंतर समीक्षा की जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस परियोजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान भूधारण प्रमाण पत्र के लंबित मामलों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने सभी संबंधित अंचल अधिकारियों और कर्मचारियों को 30 दिसंबर तक सभी लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि विवादित भूमि और अस्पष्ट एवार्ड के मामलों में 7 दिनों के भीतर प्रतिवेदन भू अर्जन कार्यालय को उपलब्ध कराएं। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि अगर 30 दिसंबर तक अपेक्षित प्रगति नहीं मिलती है तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी। विशेष रूप से उन राजस्व उप निरीक्षकों को चेतावनी दी गई, जिन्होंने भूधारण प्रमाण पत्र के मामलों को अधिक समय तक लंबित रखा है। अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम को हंटरगंज अंचल क्षेत्र और अपर समाहर्ता चतरा अरविंद कुमार को सिमरिया क्षेत्र में भारत माला की मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह और एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### सहायक पुलिसकर्मी, होमगार्ड और चौकीदार अब थानों में नहीं करेंगे काम : एसपी



चतरा। एसपी विकास पांडेय ने एक सख्त आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि सहायक पुलिसकर्मी, होमगार्ड और चौकीदारों से थानों, पुलिस निरीक्षक कार्यालयों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों में कोई कार्य नहीं कराया जाएगा। एसपी ने निर्देश दिया है कि यदि किसी भी थाने, पुलिस निरीक्षक कार्यालय या अन्य प्रतिष्ठानों में इस आदेश का उल्लंघन करते हुए पाया गया, तो संबंधित थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक या प्रतिष्ठान प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाएगी। यह कदम कानून व्यवस्था में सुधार और कार्य संस्कृति को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### 17 एकड़ में अफीम की फसल नष्ट

कुंदा (चतरा)। चतरा पुलिस ने अवैध अफीम की खेती को उन्मूलन करने के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया है, जिसके तहत दो दिनों के भीतर कुंदा थाना क्षेत्र के सिकीदाग, अंगरहा और घीयाही में लगभग 17 एकड़ में फैली अफीम की फसल को नष्ट कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया प्रदीप कुमार, कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार और वन विभाग की संयुक्त टीम ने ट्रैक्टर और मशीनों की मदद से यह कार्रवाई की। थाना प्रभारी प्रिंस कुमार ने बताया कि अफीम की खेती रोकने के लिए प्रशासन ने अक्टूबर माह से ही जागरूकता अभियान चलाया था। इसके बावजूद कुछ लोग वन भूमि पर अवैध रूप से अफीम की खेती कर रहे थे। ऐसे मामलों में दोषियों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में अफीम की खेती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन को इस खेती की जानकारी गुप्त रूप से मिली थी, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई की गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर अफीम की फसल को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। अफीम की खेती करने वाले लोगों की पहचान की जा रही है।

# थाना प्रभारी सभी लंबित कांडों का जल्द करें निष्पादित : एसपी

## अवैध खनन पर रोक लगायें : अनुदीप सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी हुयी। एसपी ने थाना प्रभारियों को सभी लंबित कांडों का जल्द करें निष्पादित करने का निर्देश दिया। 11 माह में कई क्षेत्रों के थाना प्रभारियों द्वारा विधि व्यवस्था संधारण, अपराध नियंत्रण और कांडों के निष्पादन को लेकर किये गए कार्यों की समीक्षा कर जल्द से जल्द लंबित मामलों को निष्पादित करने, थाना क्षेत्र अंतर्गत उपद्रवियों, शरारती तत्वों और सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी हाल में अवैध रूप से बालू, पत्थर, स्टोन चिप्स का उत्खनन, भंडारण व परिवहन न हो, इसके लिए नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर अवैध रूप से कार्य करने वाले ऐसे लोगों को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करने, वाहन चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर नियमित रुप से पुलिस गश्ती करने, खास कर बैंकों, एटीएम, ज्वेलरी दुकानों, भीड़भाड़ वाले इलाकों पर कड़ी निगाह रखने, अभियान चलाकर लंबित वारंट, कुर्की के मामले को निष्पादित करने, नियमित रुप से वाहन जांच करने आदि का निर्देश दिया।

मौके पर एसडीपीओ अनिल सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, डीएसपी रतिभान सिंह के अलावे कई थाना प्रभारी मौजूद थे।

### कोडरमा के लोगों को टोल फ्री की मांग भाजपा जिलाध्यक्ष ने मंत्री को लिखा पत्र

**कोडरमा।** जिले के एनएच-31 पर स्थित मदनगुंडी टोल प्लाजा को लेकर स्थानीय लोगों को हो रही परेशानियों पर ड्डारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। उन्होंने स्थानीय वाहनों को टोल मुक्त करने की मांग की है, जिससे रोजमर्रा के कामों के लिए लोगों को राहत मिल सके। वहीं जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने पत्र में उल्लेख किया कि मदनगुंडी टोल प्लाजा कोडरमा स्टेशन से 12 किलोमीटर और बरही से 13 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। टोल प्लाजा के कर्मचारी स्थानीय लोगों से भी टोल वसूल रहे हैं, जो कि नियमों के खिलाफ है। इस वसूली को लेकर कई बार विवाद और झगड़े की स्थिति ड्डी उत्पन्न हो रही है। पत्र में उन्होंने कोडरमा और बरही क्षेत्र के वाहनों जेएच 12 और जेएच 02) को टोल मुक्त करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग स्टेशन, कोर्ट-कचहरी, सरकारी कार्यालयों और बाजारों में रोजमर्रा की जरूरतों के लिए आते-जाते हैं। ऐसे में टोल वसूली से उनकी आर्थिक और मानसिक परेशानियां बढ़ रही हैं। वहीं जिलाध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री से अपील की है कि स्थानीय लोगों की दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए इस टोल वसूली पर तुरंत रोक लगाई जाए। जल्द ही इस मामले का समाधान नहीं किया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस पहल पर कोडरमा जिले की जनता ने जिलाध्यक्ष के कदम की सराहना की और समाधान की उम्मीद जताई।

# निबंधन कार्यालय में मानक के विपरीत हो रहा रिनोवेशन

## निर्माण कार्य में भी भारी अनियमितता

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** बरही अनुमंडल कार्यालय में स्थित निबंधन कार्यालय में रिनोवेशन कार्य में भारी अनियमितता सामने आई है। इस कार्यालय में सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों सहित आसपास के सभी प्रखंडों से लोग आकर निबंधन का कार्य कराते हैं। वर्तमान में यह कार्य जर्जर भवन में संचालित हो रहा है। निवर्तमान अवर निबंधक विकास कुमार के सतत प्रयासों से भवन निर्माण विभाग ने निबंधन कार्यालय के रिनोवेशन कार्य की शुरूआत की, लेकिन निर्माण कार्य के दौरान गंभीर लापरवाहियां देखने को मिल रही हैं। रिनोवेशन कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है। संवेदक द्वारा कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के बजाय निर्माण को जल्दबाजी में पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता भी बेहद खराब है, जिससे भविष्य में इस भवन की मजबूती पर सवाल उठ सकते हैं।

नाबालिगों से करवाई जा रही मजदूरी : पत्रकारों की एक टीम जब निबंधन कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंची, तो एक चौंकाने वाला दृश्य सामने आया। संवेदक द्वारा नाबालिग युवक से मजदूरी करवाई जा रही थी। यह बाल मजदूरी कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। नाबालिग मजदूरों से निर्माण कार्य कराना न केवल अवैध है, बल्कि यह उनके अधिकारों का भी हनन है। स्थानीय नागरिकों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है और संबंधित अधिकारियों से संवेदक पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए और इस तरह की अनियमितताओं पर रोक लगानी चाहिए। इस पूरे मामले पर प्रशासन की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। लोग यह जानना चाहते हैं कि आखिर अनुमंडल कार्यालय में ही प्रशासन इस तरह के अवैध कार्यों को रोकने में असफल क्यों हो रहा है। निबंधन कार्यालय का रिनोवेशन कार्य सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य आम जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। लेकिन, यदि इस कार्य में अनियमितता और बाल मजदूरी जैसे गंभीर मुद्दे सामने आते हैं, तो यह प्रशासनिक तंत्र की विफलता को उजागर करता है। स्थानीय लोगों ने इस मामले में जांच और कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस संबंध में कनीय अभियंता मुकेश कुमार से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने कॉल नही उठाया।

## एक नजर में

### भाजयुमो ने राज्य सरकार का पुतला फूंका



हजारीबाग। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने शनिवार शाम को जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में पेपर लीक होने और उसके बाद रिजल्ट घोषित करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन स्थानीय झंडा चौक पर किया। मौके पर भाजयुमो अध्यक्ष राजकरण पांडेय ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार एक भी परीक्षा अच्छे से संपन्न कराने में सफल नहीं हो पायी है। ऊपर से कोर्ट के रोक के बावजूद परीक्षाफल घोसित कर दिया है। जिसको लेकर छात्रों में आक्रोश है। कहा कि यही नहीं आंदोलन करने वाले छात्रों पर केस दर्ज कर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। हेमंत सरकार अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वाले छात्रों को डराकर घर के अंदर दूबकाना चाहती है। छात्र हेमंत सरकार से डरने वाले नहीं है। सरकार का यही रवैया रहा तो रांची में भाजयुमो एक उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा जो घमंड में चूर हेमंत सरकार की चूले हिला देगा।

### झरपो मुखिया का तबीयत हुआ खराब



टाटीझरिया । प्रखंड के झरपो पंचायत के मुखिया शिबू प्रसाद सोनी जो आम जनता हित सदैव सेवा एक जन प्रतिनिधि होने के साथ साथ क्षेत्र के सेवक के रूप में निरंतर कार्य करते रहते है। उनकी अचानक स्वास्थ्य खराब शुक्रवार को हो गया । जिसके कारण वे तीन दिवसीय 12 से 14 दिसंबर की मुखिया प्रशिक्षण कार्यक्रम टाटीझरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में होने वाला मुखिया प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मात्र एक दिन ही प्रशिक्षण परिसर में सम्मिलित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कर पाए। बता दे कि झरपो पंचायत मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने कभी अपने पंचायत क्षेत्र के जनता के साथ कभी भी भेद भाव नहीं किया है। ईनके कार्यशैली को देख पंचायत वासियों में खुशी व्याप्त है। इनके संज्ञान में क्षेत्रीय जनता की हरेक छोटी बड़ी समस्या आने पर इन्होंने हर संभव समाधान करवाने का प्रयास किया है। इन्होंने जनता के सेवा हितार्थ कभी भी सुबह शाम रात दिन समय को नहीं देखकर निरंतर कार्य करते रहते हैं।

### सूर्यकुंड के अध्यक्ष बने संतोष व सचिव दर्शन

बरकट्ठा । एशिया का सबसे गर्म कुंड ऐतिहासिक, धार्मिक और विज्ञान का संगम स्थल के रूप में विख्यात बरकट्ठा स्थित सूर्यकुंडधाम को झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड रांची ने पंजीकृत किया है। राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने पत्रांक 1717/2024 दिनांक 11 दिसंबर 2024 को पत्र जारी किया है। जारी पत्र के मुताबिक पंजीकृत सार्वजनिक धार्मिक न्यास सूर्यकुंडधाम के पदधारी की घोषणा की गई है। इनमें संतोष कुमार देव को अध्यक्ष, दर्शन सोनी को सचिव, मनोज कुमार पांडेय को कोषाध्यक्ष, संजय कुमार साव, श्यामकिशोर सिंह और प्रवीण कुमार उर्फ टहल महतो को सदस्य बनाये गए हैं। अध्यक्ष संतोष कुमार देव ने कहा कि झारखंड राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड से रजिस्टर्ड होने के बाद सूर्यकुंडधाम के विकास की गति बढ़ेगा। यात्रियों के लिए सुविधा बी बढ़ाई जाएगी। सूर्यकुंडधाम के धरोहरों को सुव्यवस्थित किया जाएगा।

### दौलत महतो मेमोरियल कॉलेज में व्याख्यान संपन्न

विष्णुगढ़। बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुवेर्दी के मुख्य वक्ता डॉ. अजित कुमार राणा ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलन कर किया। वक्ताओं ने अपने वक्तव्य से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया एवं प्रशिक्षुओं को पाठ के उद्देश्य सामग्री गतिविधियों और मूल्यांकन वांछित सीखने को प्रेरित किया। डॉ. सुनील कुमार चतुवेर्दी व्याख्यान श्रृंखला समापन की घोषणा की इस व्याख्यान श्रृंखला में उपस्थित सचिव गौरव पटेल अध्यक्ष जीतेन्द्र पांडेय, प्रबंधन समिति के सदस्य रितेश कुमार विद्वान वक्ताओं डॉ्न अनिल कुमार कुशवाहा, डॉ. शिव कुमार राणा एवं डॉ. अजित कुमार सिंह का महाविद्यालय परिवार की ओर से विशेष आभार प्रकट किया गया।

### सांसद की बेटी शादी में शामिल हुये मनोज यादव

बरही। सरला बिरला यूनिवर्सिटी रांची में आयोजित भव्य विवाह समारोह में राजनीतिक और सामाजिक जगत के कई दिग्गजों ने शिरकत की। यह आयोजन भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा की सुपुत्री के विवाह के उपलक्ष्य में किया गया था। इस खास मौके पर बरही के विधायक मनोज कुमार यादव ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने परिवार को शुभकामनाएं दीं और नवविवाहित जोड़े के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई प्रतिष्ठित नेता और गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। सभी ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया और इस विशेष अवसर को यादगार बनाया। कार्यक्रम के दौरान राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए मेहमानों ने समारोह की भव्यता की सराहना की। विवाह समारोह न केवल राजनीतिक मेल–मिलाप का मंच बना, बल्कि एक सामाजिक समरसता का प्रतीक भी रहा।

बेबी को सुरक्षित करने की बेहतर पहल

### धात्री फाउंडेशन ने हेल्थ वर्कर्स को दी ट्रेनिंग

विष्णुगढ़। स्वास्थ्य व विभिन्न क्षेत्रों में सेवा देनेवाली स्वैच्छिक संस्था धात्री फाउंडेशन की ओर से न्यू बोर्न बेबी को सुरक्षित करने की बेहतर पहल की जा रही है। इसी कड़ी में आदर्श डीएवी स्कूल चेड़रा विष्णुगढ़ में नवजात पुनर्जीवन एवं नवजात देखभाल विषय पर वर्कशॉप कराया गया। इसमें डॉक्टर समीर कुजूर शिशु एवं नवजात रोग विशेषज्ञ एवं डॉ अमन उरवार नवजात रोग विशेषज्ञ के द्वारा वहां के नर्सिंग होम और अस्पताल के स्टाफ व हेल्थ केयर वर्कर्स को इसकी ट्रेनिंग दी गई ।इसके तहत यह बताया गया कि कैसे जब बच्चा जन्म होता है और किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या आती है, तो उसे पहचानने और वहां पर फर्स्ट स्टेप ट्रीटमेंट देने की जानकारी दी गई। फिर वहां से हायर सेंटर जाते वक्त बच्चे को कोई परेशानी न हो और वह सही सलामत वहां पहुंच जाए, इसके लिए प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। इसके बारे में प्रैक्टिकल और थियोरेटिकल ट्रेनिंग दी गई। साथ ही संस्था की ओर से इस वर्कशाप का सर्टिफिकेट भी बांटा गया। इसमें शामिल 40 स्वास्थ्य कर्मियों को यह सर्टिफिकेट बांटा गया। उन्हें शपथ भी दिलाई गई कि कैसे इस प्रोग्राम को आगे बढ़ाएंगे और कम से कम मोर्टालिटी रेट हो, इसके लिए आगे काम करेंगे। कार्यक्रम में धात्री फाउंडेशन के सेक्रेटरी विनय कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे। डॉक्टर समीकुजूर और डॉक्टर अमन उरवार के दिशा निर्देश पर पूरे कार्यक्रम को किया गया शामिल होने वाले लोगों में नरेश महतो, पीयूष कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### एचआइएमएस ने अस्पताल का किया निरीक्षण

**बरही।** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में एचआईएमएस हॉस्पिटल मैनेजमेंट सोसाइटी के सदस्यों ने अध्यक्ष सह बरही बीडीओ जयपाल महतो के नेतृत्व में निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल के विभिन्न कक्षों, ओपीडी, पैथोलॉजी लैब, और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान सदस्यों ने ओपीडी में सर्जिकल उपकरणों की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने जानकारी दी कि मंगलवार से अस्पताल में एक्स–रे मशीन चालू कर दी जाएगी। इसके साथ ही शौचालयों की सफाई और मरीजों के साथ आने वाले परिजनों के लिए बैठने की बेहतर व्यवस्था करने का निर्देश दिया। निरीक्षण में अस्पताल की इमरजेंसी सेवाओं पर भी ध्यान केंद्रित किया गया।

सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रविवार 15.12.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 234

epaper.khabarmantra.net

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



# निरसा को अनुमंडल का दर्जा शीघ्रः अरूप चटर्जी

## मासस विधायक ने मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** विधायक अरूप चटर्जी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर निरसावासियों के बहुप्रतीक्षित मांग निरसा को अनुमंडल बनाय जाने सम्बंधी पत्र दिया। जिसे मुख्यमंत्री ने आवश्यक पहल के साथ त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि विधायक अरूप चटर्जी द्वारा राज्य सरकार से निरसा को तीन प्रखंडों में बांटने का सार्थक प्रयास के कारण ही निरसा, केलियासोल, एगारकुण्ड प्रखंड बना। तीनों प्रखंड के अलावा चिरकुण्डा नगर परिषद क्षेत्र को मिलाकर एवं यहां के सघन अबादी, औद्योगिक क्षेत्र, ग्रैंड कॉर्ड रेलवे लाइन, के साथ-साथ यह पश्चिम बंगाल का सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण निरसा को अनुमंडल और पुलिस अनुमंडल बनाने का प्रस्ताव राज्य सरकार के पास रखा गया था। जिसमें से तो निरसा पुलिस अनुमंडल बन चुका है, लेकिन पिछले लगभग 11 वर्षों से निरसा को अनुमंडल बनाने का प्रस्ताव लंबित है। विधायक श्री चटर्जी ने बताया कि निरसा को अनुमंडल बनाने की दिशा में 21 जुलाई 2014 को तत्कालीन उपायुक्त धनबाद प्रशांत कुमार की अध्यक्षता ने एक बैठक हुई थी। बैठक ने सारी कागजी प्रक्रिया पूरी कर अनुमंडल का प्रस्ताव सरकार के पास भेज दी गया था, तब से मामला अधर में लटका रहा। अब सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया है कि बहुत जल्द कागजी प्रकिया पूरी कर निरसा को अनुमंडल क्षेत्र का दर्जा दे दिया जाएगा।



# झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति ने मो यूनुस का पुतला दहन किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** रणधीर वर्मा चौक पर झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की ओर से बांग्लादेश के मो यूनुस का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में संस्थापक डेंगू ठाकुर ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की चुन चुन कर हत्या करना वहां पर दिलाई गई।

मां बहनों की इज्जत पर खिलवाड़ हुआ है आज वहां पर अल्पसंख्यक हिंदू परिवार भयभीत है बहुत सारे परिवार बांग्लादेश छोड़कर पलायन कर रहे हैं।बांग्लादेश का कट ऑफ पंथी को याद रखना चाहिए भारत में 16 दिसंबर 1971 को पश्चिम पाकिस्तान के कट्टर पंथी पूर्वी पाकिस्तान को बलपूर्वक उदूर्भाषा थोप रहा था। जब विरोध हुआ पश्चिम पाकिस्तान अंधाधुंध गोली वरसाई ना जाने कितने युवा वर्गों की अपनी बलिदान देकर अपनी मातृभाषा को रक्षा की। उस समय भारत ने अगर साथ नहीं देता तो आज बांग्लादेश नहीं रहता। उसी बांग्लादेश को समाप्त करने के कटर पंथी का षड्यंत्र है।

बंगला भाषा उन्नयन समिति के बेंगू ठाकुर ने कहा कि आज भारत में डेढ़ सौ करोड़ हिंदू मुसलमान है सिख ऐसा ही हमारे देश पूरे विश्व में मिसाल है इस तरह शेख हसीना रहते हुए बांग्लादेश में एकता के मिसाल था कट्टरपंथी ने बांग्लादेश में जो विकास हो रहा था अब बांग्लादेश बहुत पीछे चला गया।इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष भवानी बनर्जी गोविंद ठाकुर रघुनाथ राय शिबू चक्रवर्ती गुड्डू दास विद्युत चक्रवर्ती रणजीत चक्रवर्ती अनूप चक्रवर्ती आदि लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### श्रमिक संघ में नाम जोड़े जाने का विरोध

**जोड़ापोखर।** सेल जीतपुर कोलियरी में फर्जी तरीके से असित सरकार द्वारा एक दर्जन मजदूरों को जनता श्रमिक संघ में नाम जोड़े जाने का विरोध किया गया है। मजदूरों द्वारा हस्ताक्षर कर कोलियरी के महाप्रबंधक को पत्र देकर बिरोध किया है।मजदूरों ने कहा है की हम सभी अन्य यूनियन के सदस्य हैं। बिना अनुमति के ही बिना बैठक के ही अपने यूनियन में नाम जोड़ दिया गया है। बिरोध करने वाले मजदूरों में शामिल है संजय कुमार झा, अनिल कुमार झा, अशोक कुमार राम, मनोज कुमार शर्मा, जंग बहादुर, निरंजन कुमार सिंह, छोटे लाल, यजाज अहमद, अतुल भुइया, अनिल कुमार सिंह, आदि शामिल है।

### रानी बांध तालाब का जीणोद्धार कार्य शुरू



**कुमारधुबी।** निरसा क्षेत्र के पोद्दारडीह स्थित रानी बांध (तालाब) जीणोद्धार कार्य शनिवार को शुरू हुआ। पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने शिलान्यास कार्य को आगे बढ़ते हुए मिट्टी कटाव कार्य की विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात नारियल फोड़कर प्रारंभ करवाई। कार्य प्रारंभ होने पर आसपास के गांव के लोगों में खुशी का माहौल है। आज इस क्षेत्र के हजारों लोगों की मुराद पूरी हुई और सैकड़ो लोग इस पल के साक्षी बने। इस अवसर पर गौतम सेनगुप्ता, रघुबीर नारायण सिंह, दोलन सेनगुप्ता, बिशु राय, समल रुद्र, गौतम राय, विकाश रवानी, बैधनाथ रवानी,नकुल रवानी, राजु रवानी, दुलाल दास, रतन चंद्र,परभु नाथ रवानी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# नेशनल लोक अदालत में 12.44 अरब की रिकवरी

## तीन लाख 7 हजार 227 विवादों का हुआ निपटारा

▸▸ प्रेम, शांति, समृद्धि और समरसता लोक अदालत का उद्देश्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** नालसा के निर्देश पर वर्ष 2024 के अंतिम नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के एक्जीक्यूटिव चेयरमैन जस्टिस एस एन प्रसाद ने ऑनलाइन रांची से किया। धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी ने इस मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नेशनल लोक अदालत अब परिचय का मोहताज नहीं रह गया है वह लोगों के स्वाद व आदत में शामिल हो चुका है। नेशनल लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक कदम है, नवम्बर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह मे किया जा रहा है। हमारा संविधान हर लोगों को सामाजिक, आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है। उन्होंने कहा कि बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते। लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बबार्दी से बचा जा सकता है। इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है। साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है। लोगों मे प्रेम, शाति, समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। डीडीसी धनबाद सादात अनवर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं जिला प्रशासन हर वक्त समाज के लोगों की सेवा में डालसा के साथ कंधे से कंधे मिलाकर काम कर रहा है। धनबाद बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो ने कहा कि डालसा आम लोगों के हित मे लगातार काम कर रहा है। सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें समय की बचत के साथ-साथ वादकारियों को विभिन्न कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल रही है।

### मौजूद थे कई न्यायाधीश

न्यायिक पदाधिकारियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय टी, हसन, एस एन मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी, संजय कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, सिविल जज एंजेलिना जॉन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडे, रेलवे मजिस्ट्रेट मनोज कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार, हेमंत कुमार सिंह, संतोषणी मुर्मू , स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष पीयूष कुमार, सर्टिफिकेट ऑफिसर रवींद्रनाथ ठाकुर, जिला उपभोक्ता फोरम की सदस्य शिप्रा डालसा के पैनल अधिवक्ता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के टीम, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### तीन लाख 7 हजार 227 विवादों का निपटारा

अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने बताया कि विवादों एवं मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 13 बेंच का गठन किया गया था जिनके द्वारा विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा किया गया। नेशनल लोक अदालत में कुल तीन लाख 7 हजार 227 विवादों का निपटारा कर रेकॉर्ड 12 अरब 44 करोड़ तीन लाख 22 हजार 704 रूपए की रिकवरी की गई। जिसमें 24 हजार 274 ऐसे मुकदमे थे जो विभिन्न अदालतों में लंबित थे। उन्होंने सभी वादकारी, न्यायिक पदाधिकारियों विभाग के अधिकारियों एवं बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

## एक नजर में

### सिंदरी कॉलेज में फिट इंडिया वीक का समापन



**सिंदरी।** राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट 1 व 2 के अंतर्गत सिंदरी कॉलेज में पाँच दिवसीय फिट इंडिया वीक का समापन शनिवार को किया गया। सिंदरी कॉलेज में योगा एवं मेडिटेशन का आयोजन किया गया। हिंदी विभाग विभागाध्यक्ष डॉ विशु मेंघनानी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। यूनिट 1 कार्यक्रम अधिकारी डॉ नीतू गौरव कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम अधिकारी ने बच्चों को बताया कि वे अपने मोबाइल में फिटनेस ऐप जरूर रखें। इससे वे स्वास्थ्य को लेकर प्रारंभिक जानकारी रख पाएंगे। इसके बाद कॉलेज परिसर में शिक्षकों व छात्रों के द्वारा क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में प्रो मनमोहन सिंह, डॉ शर्मिष्ठा आचार्या, डॉ सुमिरन कुमार रजक, डॉ ममता कुमारी, प्रो निशांत दुबे, प्रो पूजा कुमारी, डॉ अनुराधा दास, डॉ राजेश गुप्ता, प्रो रोमोला जोजो, प्रो अंकित आलोक टोप्पो, एस सी शर्मा, डॉ सनत कुमार सहित छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

### आईसीएआई में सेमिनार में छात्रों को दी गई कॉर्पोरेट और वित्तीय विषय की जानकारी




**धनबाद।** कॉर्पोरेट संस्कृति और वित्तीय नेतृत्व विषय पर शनिवार को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के न्यू मार्केट स्थित ब्रांच में छात्र-छात्राओं के बीच सेमिनार का आयोजन किया। मैथन पावर लिमिटेड के सीएफओ काजल कुमार सिंह ने विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार एक सीए से सीएफओ तक का सफर तय किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) सीए को प्रतिस्थापित नहीं कर सकती, बल्कि एआई की निगरानी करने वाले पेशेवर मौजूदा मानव संसाधन को प्रतिस्थापित करेंगे। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यदि आपलोग निरंतर अपने लक्ष्य कि प्राप्ति करते है तो सीएफओ बनना कठिन नहीं है। आपसभी अपने बड़े लक्ष्यों को छोटे-छोटे भागों में विभाजित करके आगे बढ़ना सिखे। ब्रांच के चेयरमैन सीए राहुल सुरेका ने सीएफओ के व्याख्यान की सराहना की। साथ ही छात्रों को कहा कि दूसरों को प्रेरित करने से पहले खुद को प्रेरित करना सिखे। कार्यक्रम में 52 सदस्य और छात्र उपस्थित रहे। सभा ने मुख्य वक्ता से सवाल भी पूछा। जिसका उन्होंने बड़ी सरलता से जवाब दिया।

### डीवीसी तकनीकी पदाधिकारी संघ की आम सभा



**कुमारधुबी।** डीवीसी मैथन परियोजना स्थित मैथन स्टेशन क्लब में डीवीसी तकनीकी पदाधिकारी संगठन का 31वां आम सभा का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमहाप्रबंधक, विद्युत, सुजित कुमार थे। उनका स्वागत संगठन अध्यक्ष ने पुष्प गुच्छ देकर किया। कार्यक्रम में निगम के सभी परियोजना से प्रतिनिधिमंडल उपस्थित थे। सभी ने अपने अपने परियोजना की समस्याओं एवं संगठन की उपलब्धियों का जिक्र किया। इनमें वक्ताओं में एक बात पर सहमति थी कि अधिकारी वर्ग में पदोन्नति नीति में सबसे ज्यादा नुकसान डीवीसी तकनीकी पदाधिकारी संगठन के सदस्यों का हो रहा है। नई नीति में बदलाव की सख्त जरूरत है। मुख्य अतिथि ने अपने अभिभाषण में यह स्वीकार किया कि आज की तारीख में निगम में मैन पावर की कमी है और डीवीसी तकनीकी पदाधिकारी संगठन के सदस्य उन बदलते हालात में भी अपने कार्य का निस्तारण बखुबी निभा रहे हैं, यह गर्व का विषय है जो निगम के हित में चलते रहना चाहिए। संगठन के कोषाध्यक्ष ने विगत वर्षों का लेखा जोखा पेश किया।वही कार्यक्रम को संगठन के अध्यक्ष जोगेंद्र प्रसाद सिंह ने संबोधित करते हुए संगठन की आवश्यकता पर बल दिया और संगठन की उपलब्धियों का जिक्र किया। संगठन के महासचिव शुभेंदु बनर्जी ने संगठन के प्रारुप पर विस्तार से चर्चा की। संगठन के विकास एवं विस्तार पर अपने विचार रखे। निगम में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन जमशेदपुर के दीपक कुमार दास ने किया।

कार्यक्रम का समापन नई कमिटी के गठन के साथ हुआ। संगठन के नए अध्यक्ष चंद्रपुरा के राजीव कुमार झा चुने गए। महासचिव मैथन के पार्थ दास एवं कोषाध्यक्ष दुगार्पुर के संजय प्रियदर्शी चुने गए। मुख्य संरक्षक शुभेंदु बनर्जी एवं जोगेंद्र प्रसाद सिंह का चुनाव हुआ। संगठन के मुख्य संरक्षक जोगेंद्र प्रसाद सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया।

### लोक अदालत में 21 लाख की रिकवरी

जामताड़ा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान मेन नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें फ्री लेटिगेशन का मामला निष्पादन किया गया । कुल 217 मामलों में समझौता और 15,11,216 रू की रिकवरी वसूली हुई। स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पूर्व प्रधान ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश रिजवान अहमद ने मीडिया को बताया कि यह एक प्लेटफार्म है इसमे न किसी की हार होती है न किसी की जीत । दोनो की सहमति से बीच का रास्ता निकाला जाता है। स्थायी लोक अदालत के सदस्य सुरेश कुमार मालवीय ने बताया कि यहा पर प्री लेटिगेशन का मामला नि:सुरक्षा सुलझाया जाता है।

# धमाबाँध में बदमाशों की फायरिंग से दहशत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कतरास।** धर्मा बांध ओपी अंतर्गत सुड़ियाडीह बस्ती में बदमाशों ने लगातार फायरिंग कर दहशत फैला दी। घटना संतोष सिंह के घर के पास की है। बदमाशों ने संतोष के स्वीफ्ट कार की टायर में आग लगाकर जलाने की कोशिश की। गनीमतथी कि घर के बाहर शोर गुल सुनकर संतोष जग गए। उनके आवाज दिये जाने पर गांव के कई लोग भी पहुंच गए। जिनको देख बदमाश फायरिंग करते हुए वहां से चलते बने। जाते वक्त बदमाशों ने पिस्तौल का भय दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। गांव के लोगों ने टायर में आग को बुझाया। इधर रात में हीं सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच कर छानबीन कर वापस लौट गयी। सुबह में घटना स्थल से तीन खाली कारतुष मिला। जिसे पुलिस जप्त कर ले गयी। संतोष सिंह ने धमाबांध ओपी में लिखित सूचना देकर कारवाई की मांग किया। शिकायत में धमाबांध और मधुबन थाना क्षेत्र कई लोगों का नाम गिनाते हुवे आरोपित किया गया है। इन पर आरोप है कि बाहरी लोगों को बुलाकर गाड़ी को जलाने की कोशिश की गयी। शिकायत में घटना के प्रत्यक्षदर्षियों का भी नाम बताया है। पूरे गांव के लोग दहशत में। ग्रामीणों ने बताया किगांव में बदमाशों ने चार राउंड फायरिंग किया है। गांव के बाहर भी फायरिंग हुई है। पुलिस मामले की जांच और सच्चाई जानने में जुटी है।

# सीनियर सीटिजन की स्थगित रियायत टिकट पुन: शुरू करे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** मंडल रेल मंडल प्रबंधक कार्यालय में शनिवार को डीआरएम कमल किशोर सिन्हा की अध्यक्षता में रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति(डीआरयूसीसी) की बैठक हुई। डीआरयूसीसी के सदस्यों के साथ विभिन्न विकास कार्य एवं यात्री सुविधाओं पर चर्चा की गई। वहीं डीआरयूसीसी के सदस्यों ने 14 सूत्री मांगों को रखा। जिसमें धनबाद से बैंगलूर, दिल्ली, मुम्बई के लिए सीधी ट्रेन, ट्रेन कि बोगियों में साफ सफाई में सुधार, सुपरफास्ट ट्रेनों में जेनरल बोगी बढ़ाने, कोरोना काल से बंद सीनियर सीटिजन के रियायत टिकट पुनः बहाल करने आदि मांगे शामिल थी। उक्त मांगों को लेकर मंडल रेल प्रबंधक ने समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। बैठक का संचालन वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार ने किया। वहीं डीआरयूसीसी के सभी10 सदस्य उपस्थित रहे।

# नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**जोड़ापोखर।** जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डिगवाडीह में शनिवार को निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन शार्प साइट आई हॉस्पिटल द्वारा विद्यालय के प्रांगण में किया गया जिसमें 200 मरीजों का जांच किया जिसमें 35 मोतियाबिंद के लक्षण पाया गया है वही 20 मरीज को रेटिना जांच के लिए हॉस्पिटल बुलाया गया है। स्कूल की प्राचार्या रूना दुबे ने कहा कि इस तरह का शिविर का आयोजन विद्यालय में समय-समय पर लगाता रहता है।

# एक्शन प्लान बनाकर योजनाओं के लक्ष्य को पूरा करेंः डीसी

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने मनरेगा और अबुआ आवास योजना की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उपायुक्त द्वारा मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को योजनाओं में गति लाने के निर्देश दिए गए तथा शत-प्रतिशत लाभुकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत अबतक जिले में कार्यान्वित की गई प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आमजनों के हित के लिए संचालित इन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए सभी अधिकारियों को सक्रिय रूप से प्रयासरत रहने हेतु निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि अबुआ आवास योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से एक महत्वपूर्ण योजना है। प्राथमिकता के आधार पर योग्य लाभुकों का चयन करते हुए अबुआ आवास योजना का लाभ देंगे। उन्होंने कहा कि आमजनों के हित को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन हो, ताकि लोगों को उचित लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

# रिमोट सेंसिंग और जीआईएस का अनुसंधान में अनुप्रयोग

**खबरमन्त्र संवाददाता**



सिंदरी। झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार परिषद, रांची द्वारा बीआईटी सिंदरी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में रिमोट सेंसिंग और जीआईएस का अनुसंधान में अनुप्रयोग पर प्रायोजित पाँच दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुआ। कार्यशाला के समापन सत्र में मुख्य अतिथि बीआईटी मेसरा के प्रो (डॉ) ए पी कृष्णा एवं जेयूटी कुलपति प्रो (डॉ) डी के सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रो (डॉ) कृष्णा ने रिमोट सेंसिंग और जीआईएस तकनीकों के प्रभावी उपयोग पर बल दिया। यह वर्तमान समय में पर्यावरण निगरानी, शहरी नियोजन और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। संस्थान निदेशक सह कार्यशाला संरक्षक प्रो (डॉ) पंकज राय ने इसे का विभाग की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इस प्रकार की कार्यशालाएँ संस्थान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। शोध कार्यों को भी नई दिशा प्रदान करती हैं। जेयूटी रांची के कुलपति सह कार्यशाला मुख्य संरक्षक प्रो (डॉ) डी के सिंह ने मल्टीडिस्सिप्लीनरी कार्यों की महत्ता पर जोर डाला। कार्यशाला संयोजक सह विभागाध्यक्ष डॉ जीतू कुजूर ने बताया कि कार्यशाला शोधार्थियों और छात्रों के लिए नवीनतम तकनीकों को समझने और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों को सीखने का एक बेहतरीन अवसर साबित हुई है। संस्थान की सहायक प्राध्यापक सह कार्यशाला समन्वयक डॉ कोमल कुमारी ने मल्टीस्पेक्ट्रल इमेजिंग, हाइपरस्पेक्ट व जल संसाधन प्रबंधन के लिए जीआईएस और रिमोट सेंसिंग के व्यावहारिक उपयोग पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला के समापन सत्र में प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यशाला का अंत डॉ कोमल कुमारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। डॉ कुमारी ने कार्यशाला के समन्वयक प्रो इकबाल शेख को उनके कुशल एवं सक्रिय सहभागिता व जीईसी पलामू में पदस्थापित प्रो निपेन कुमार दास को कार्यशाला का प्रारूप तैयार करने के लिए धन्यवाद दिया। पाँच दिवसीय कार्यशाला में प्रो (डॉ) उदय कुमार सिंह, प्रो प्रफुल्ल कुमार शर्मा, डॉ माया राजनारायण रे, डॉ ब्रह्मदेव यादव, डॉ निशिकांत किस्कु, प्रो सरोज मीणा एवं प्रो प्रशान्त रंजन मालवीय सहित बीआईटी सिंदरी के शिक्षक, शोधार्थी और अन्य संस्थानों के प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### अंचलाधिकारी ने चौराहे पर कराया अलाव के लिए लकड़ी का व्यवस्था


आग तापते लोग।

**बारियातू।** बढ़ते ठंड से राहत के लिए अंचलाधिकारी नंद कुमार राम के निर्देश पर फूलसु मोड़, बस स्टेण्ड, झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक सहित अन्य कई सार्वजनिक स्थानों पर अलाव के लिए लकड़ी व्यवस्था कराया गया। अलाव व्यवस्था कराने के लिए सिआई अनिल होरो, राजस्व कर्मचारी, संदीप कुमार, नंददेव राम राजू राम ने वाहन से सूखे लकड़ी गिराया। आपको बताते चलें की प्रखंड मुख्यालय सहित गोनिया, साल्वे, टोटी, अमरवाडीह, फूलसु, सिबला, बालूभांग, डाढ़ा पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण बारियातू आते है। बढ़ते ठंड से लोग परेशान रहते थे। सीओ के पहल पर आम जनो को राहत के उदेश्य से कई जगहों मे अलाव के लिए लकड़ी व्यवस्था कराया गया। ग्रामीणों ने सार्थक पहल के लिए अंचल के अधिकारीयों को धन्यवाद दिया।

### मुआवजा की मांग को लेकर बालूमाथ खलारी पथ रहा 5 घंटे जाम

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मारंगलोइया ग्राम में जंगली हाथियों द्वारा एक वृद्ध किसान को पटक कर मार डालने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ को शुक्रवार रात 7 बजे से 12 बजे तक करीब 5 घंटे तक जाम कर दिया। वही जाम लगने व घटना की सूचना पाकर बालूमाथ रेंजर नंदकुमार महतो,प्रभारी वनपाल विजय शंकर शर्मा समेत वनकर्मियों ने जाम स्थल पहुंचकर जाम कर्ताओ के साथ वार्ता किया। इस दौरान तत्काल मदद के रूप में 40 हजार नगद एवं सरकारी प्रावधान के तहत चार लाख रुपया दिलाने की बात कहा तब जाकर जाम समाप्त हुआ। इस दौरान सड़क के दोनो ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। ज्ञात हो की शुक्रवार की शाम लगभग 7 बजे बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मारंगलोइया गांव में खेत में काम कर रहे एक किसान जानकी राणा 62 वर्ष को 15-20 की संख्या में आये हांथियो के झुंड ने पटक कर मार डाला था। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

### अंचलाधिकारी ने दूसरे दिन भी अतिम्रमण पर चलाया बुलडोजर


अतिक्रमण पर चलता बुलडोजर।

**लातेहार।** अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने अपनी उपस्थिति में लगातार दूसरे दिन शनिवार को भी शहर में अतिक्रमण पर बुलडोजर चला। वहीं मौके पर अंचल अमीन दीपक प्रसाद, नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, क्षेत्र पर्यवेक्षक रंधीर कुमार व तहसीलदार राजू प्रसाद के अलावा पुलिस के जवान उपस्थित रहे। अंचलाधिकारी ने शहर के थाना चौक से यह कार्रवाई शुरू की। बुलडोजर ने घर व दुकान के सामने नालियों के उपर लगे शेड व होर्डिंग आदि को हटाया। बता दें कि अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो एवं नगर प्रशासक राजीव रंजन ने 24 घंटा के अंदर मुख्य पथ समेंत अन्य सड़कों में किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को मुक्त करने का निर्देश दिया था। 24 घंटा बीत जाने के बाद जिला प्रशासन के द्वारा शुक्रवार को अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया। शहर के थाना चौक में कई दुकानों को हटाया गया। हालांकि बुलडोजर चलता देख कर कई दुकानदार स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटाने लगे थे।

## मिक्सचर मशीन ट्रक ने बाईक सवार को मारा टक्कर, युवक की मौत, परिजनों ने किया सड़क जाम

# परिजनों ने थाना प्रभारी के खिलाफ दुर्व्यवहार करने का लगाया आरोप

विक्रम कुमार


सड़क जाम करते परिजन।


परिजनों से वार्तालाप करते पदाधिकारी।


पुलिस लाईन में जाता जब्त मिक्सचर मशीन ट्रक।

**लातेहार।** सदर थाना अंतर्गत शुक्रवार की शाम करीब 5.30 बजे स्टेशन रोड मिशन हाता के समीप शीशि गांव निवासी जितेंद्र कुमार गुप्ता (22) वर्ष की दर्दनाक मौत मिक्सचर मशीन (टीटीआईपीएल कंपनी) के धक्का से हो गई। ज्ञात हो कि युवक स्टेशन की ओर अपने बाईक से जा रहा था इसी दौरान ट्रक नंबर एमएच46एएफ8295 ने पिछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद महुआडांड़ एसडीपीओ उसी रास्ते से गुजर रहे थे उन्होंने घटना को देख तुरंत अपने वाहन में युवक को सवार कर लातेहार सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉ. विवेक विद्यार्थी ने युवक की जांच कर मृत घोषित कर दिया। घटना के बात बीती रात को ही मृतक के भाई संदीप कुमार समेत अन्य परिजनों के द्वारा थाना प्रभारी से सहयोग करने की मांग की गई। परंतु थाना प्रभारी के द्वारा उल्टा मामले को दबाने का प्रयास किया गया। इधर शनिवार की सुबह पोस्टमार्टम होने के बाद मृतक के गुस्सायें परिजनों और ग्रामीणों ने एनएच 39 अंतर्गत सदर अस्पताल गेट के सामने शव के साथ लगभग 10 बजे सड़क जाम कर दिया। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम की सूचना मिलने के बाद अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो पहुंचे, लेकिन परिजनों ने उच्च अधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़े रहे इसके बाद लगभग 12:30 बजे, एसडीएम अजय कुमार रजक और एसडीपीओ अरविंद कुमार जाम स्थल पर पहुंचे। इस दौरान मृतक के परिजनों ने थाना प्रभारी पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

**परिजनों ने थाना प्रभारी के खिलाफ दुर्व्यवहार करने का लगाया आरोप**

वहीं थाना प्रभारी के खिलाफ कारवाई करने हेतू परिजनों ने पुलिस अधीक्षक के नाम एसडीपीओ को आवेदन भी सौंपा है। आवेदन के माध्यम से बताया कि सड़क दुर्घटना में मेरा भाई के मृत्यु के बाद ग्रामीण और परिजनों ने ट्रक को पकड़ कर पुलिस को सौंपा था। जिसके बाद पुलिस ने पुलिस लाईन में ट्रक को रखवाया गया था। लेकिन पुलिस द्वारा थोड़ा देर बाद पुलिस लाईन से ट्रक को छोड़ दिया गया। जिसके कारण ड्राईवर का ऐल्कोहल जांच नहीं हो पाया। इसके बाद हमलोगों ने जब थाना गया तो थाना प्रभारी के द्वारा दुर्व्यवहार किया और कहा कि गाड़ी लाकर आपके सर पर रख दुं। और कहा कि केश करने से क्या फायदा होगा। वह तुरंत छुट जाएगा। तुम केश लड़ते रह जाओगे। इस मामले को लेकर मृतक के भाई संदीप कुमार ने कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही मृतक के भाई ने एसडीएम के नाम आवेदन लिखकर परिवार के एक सदस्य को नौकरी और पचास लाख रूपये मुआवजा देने की बात कही है। वहीं टीटीआईपीएल कंपनी के द्वारा पचास हजार रूपया नकद दिया गया और पचास हजार देने की बात कही गई है। वहीं सीओ ने सरकारी प्रावधान के तहत एक लाख रूपया मुआवजा रशि देने की बात कही है। जिसके बाद लगभग तीन घंटे के बाद सड़क जाम हटाया गया। तब जाकर आवागमन दुरुस्त हुई।

## लातेहार में पंचायत स्तर के नौ कानूनी सहायता केंद्रों का हुआ उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता


अलग हुए जोड़े को मिलाते पदाधिकारी।

**लातेहार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्रधिकार के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में व्यावहार न्यायालय लातेहार में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का ऑनलाइन उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सह झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने किया। उन्होने अपने संबोधन में जिला के न्यायिक पदधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, अधिवक्ताओं, पीएलवी एवं वादकारियों को बढ़-चढ़ कर लोक अदालत में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। श्री प्रसाद ने कहा कि सबके सहयोग से ही झारखंड में लोक अदालत के माध्यम से वादों का निष्पादन संख्या बेहतर है। श्री प्रसाद ने लातेहार में 9 सहित राज्य में 1030 पंचायत लीगल सर्विस क्लीनिक एवं 90 दिनों का व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में में प्री-लीटिगेशन के लगभग 10 हजार 100 मामले एवं दो हजार पांच सौ कोर्ट मामलों का निष्पादन किया गया। इसके साथ ही विभिन्न वादों में लगभग पांच करोड़ 92 लाख रुपए का सेटलमेंट किया गया।

**वर्षो से अलग रह रहे पति-पत्नी को मिलाया गया**

कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश राजीव रंजन ने चार साल से अलग रह रहे समीर आलम एवं सोनी खातून को मिलाया। समीर आलम एवं सोनी खातून ने 19 मार्च 2021 को शादी की थी। शादी के कुछ महीने बाद ही दोनो के बीच झगड़ा होने लगा और मामला कोर्ट तक पहुंच गया। दोनो अलग होना चाहते थे, लेकिन न्यायाधीश राजीव रंजन एवं दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं के समझाने बुझाने पर लोगों साथ रहने को राजी हो गये। वहीं दूसरे केस में जगेश्वर यादव और प्रीति देवी को मिलाया गया। इनका विवाह 09 जून 2016 में हिन्दू रीति रिवाज से हुआ था। दोनों से दो बच्चे हैं। जून 2024 से दोनो के बीच घरेलु विवाद में झड़प हुई। धीरे-धीरे लड़ाई कोर्ट तक पहुंच गया। दोनों अलग रहने लगे। प्रीति देवी ने अलग होने और भरन-पोषण का केस किया। कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश एवं मध्यस्थ्य अरबिन्द प्रसाद गुप्ता ने दोनों को फिर से मिलवाया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने दोनो जोड़ों को उपहार एवं मिठाई खिलाकर विदा किया तथा हमेशा साथ रहने एवं बच्चों को जीवन में आगे बढ़ाने की सलाह दी।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, प्रधान न्यायाधीश, कुटूम्ब न्यायालय राजीव आन्नद, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा, सीजेएम अब्दूल नसीर, एसीजेएम शशी भूषण शर्मा, सिविल जज तृतीय सह न्यायिक दण्डाधिकारी स्वाति विजय उपाध्याय, जिला विधिक सेवा प्रधिकार के सचिव शिवम चैरसिया, एसडीजेएम प्रणव कुमार, प्रभारी न्यायाधीश सह प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट जेजेबी उत्कर्ष जैन, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पन्नालाल एवं सदस्य शकिल अख्तर, जिला प्रशासन के अधिकारी, कंज्यूमर फॉरम के प्रेसिडेंट एवं सदस्य, बार के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद, एलएडीसीएस के अधिवक्तागण, बार एसोसिएशन लातेहार के सदस्य, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण, पीएलवी के सदस्य, बैंक कर्मी सहित सैकड़ों की संख्या में वादकारी मौजूद रहे।

## अवैध बालू ढुलाई पर प्रशासन सख्त, अधिकारी ने संभाली कमान

खबर मन्त्र संवाददाता


बालू लदे वाहनों की खनन निरीक्षक व सीओ ने की जांच।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड में अवैध बालू ढुलाई पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। अंचल अधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र में प्रवेश और निकासी करने वाले सभी ट्रैक्टरों की सघन जांच की जा रही है। इस अभियान में खनन निरीक्षक भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। प्रखंड के सभी बालू घाटों का निरीक्षण कर वहां की स्थिति का गहन अध्ययन किया गया। निरीक्षण के दौरान अंचल अधिकारी ने चालान जारी करने वाली समितियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली की शिकायत मिलने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना चालान के बालू ढुलाई करने वाले ट्रैक्टरों को पकड़े जाने पर उनके खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बालू खनन और परिवहन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना और अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रूप से रोक लगाना है। अंचल अधिकारी ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अनियमितता या नियमों के उल्लंघन की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। बता दें कि प्रखंड प्रशासन का यह कदम अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने और संसाधनों के न्यायपूर्ण उपयोग को सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रभावी पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### पुलिस की अभियान जारी, गांजा खेती को किया नष्ट

**बारियातू।** थाना पुलिस ने शनिवार को बारियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत गाड़ी गांव मे अभियान चलाकर लगभग तीन एकड़ भूमि पर लगे अवैध गांजा खेती को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिनोद रवानी को गाड़ी ग्राम में अवैध गांजा की खेती होने की गुप्त सूचना मिली थी। सुचना के आधार पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया और गाड़ी ग्राम में अभियान चलाकर भूमि पर लगे तैयार गांजा की पौधों को लाठी-डंडे से पीटकर एवं काटकर विनष्ट कर दिया गया। थाना प्रभारी ने आगे बताया कि मादक पदार्थों के विरुद्ध इस तरह के लगातार ऐसी करवाई की जाती रहेगी।

## एक नजर में

### सुशासन सप्ताह कार्यक्रम को लेकर चला जागरूकता कार्यक्रम


जागरूक करते महिलाएं।

**चंदवा।** कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग भारत सरकार के तत्वाधान में चलाए जा रहे सुशासन सप्ताह ( गुड गवर्नेंस वीक) कार्यक्रम के तहत आगामी 19 से 24 दिसंबर तक चंदवा में सुशासन सप्ताह "प्रशासन गांव की ओर" कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता को लेकर शनिवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशन में प्रखंड के लाधुप व चेतर पंचायत में जागरूकता रैली समेत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगो को जगरूक किया गया। बता दें कि गुड गवर्नेंस वीक कार्यक्रम के माध्यम से आमजन अपनी अपनी समस्या को सीधा रख सकते हैं, जिसका समाधान त्वरित गति से किया जाएगा।

### अचेत पड़े वृद्ध को लाया गया अस्पताल

**चंदवा।** प्रखंड के निर्मल ग्राम अलौदिया पंचायत के शुक्र बाजारटांड प्राथमिक विद्यालय के समीप एक वृद्ध को अचेत अवस्था मे ग्रामीणों के पड़ा देखा, जिसके बाद स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा को दी, उप प्रमुख ने तत्परता दिखाते हुए 108 एम्बुलेंस की मदद से वृद्ध को अस्पताल पहुंचाया, जहां मेडिकल टीम की निगरानी में उसका उपचार चल रहा था। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि वृद्ध ठंड में काफी देर तक पड़ा था, जिसका कारण वृद्ध की तबियत बिगड़ी है। इधर अस्पताल पहुंचने के बाद अचेत वृद्ध की पहचान हुटाप ग्राम निवासी पचौल सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वृद्ध शुक्रवार को साप्ताहिक हाट आया हुआ था, देर शाम होने के बाद वह घर नही लौट पाया व रात भर ठंड में पड़ा रहा गया। इधर वृद्ध की पहचान होने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा वृद्ध के परिजनों को सूचना दे दी गई थी।

### किसानों के बीच डोलोमाइट पाउडर का वितरण


पाउडर लेने के लिए उपस्थित किसान।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित लैंपस में कृषि विभाग के द्वारा दिन शनिवार को क्षेत्र के सैकड़ो किसानों के बीच फसल के बचाव हेतु जिला कृषि विभाग के बलबीर प्रसाद एवं मनिका बीटीएम रागिनी कुमारी के नेतृत्व में डोलोमाइट पाउडर का वितरण किया गया। वहीं कृषि विभाग के द्वारा पूर्व में जिस किसान के भूमि की मिट्टी जांच किया गया था वैसे किसानों को प्रति हेक्टर 4 क्विंटल के हिसाब से डोलोमाइट पाउडर मुहैया करवाया गया ताकि किसान अपने फसलों के बचाव हेतु इस पाउडर का उपयोग कर सके। वहीं पाउडर लेने के लिए क्षेत्र के काफी संख्या में किसानों की उपस्थिति देखी गई। मौके पर लैंपस प्रबंधक मनिका सत्येंद्र कुमार यादव,लैंपस प्रबंधक कार्यकारी समिति के सदस्य सुरेंद्र पासवान,मिथिलेश पासवान,समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बारिश के कारण तीसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त, केवल 13.2 ओवर का हुआ खेल

# बारिश ने धोया पहला दिन, आस्ट्रेलिया 28-0

एजेंसी



**ब्रिसबेन।** भारत और आस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ गया। पहले दिन केवल 13.2 ओवर का खेल हो सका, जिसमें आस्ट्रेलिया ने बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाए। उस्मान ख्वाजा 19 और नाथन मेकस्विनी 4 रन बनाकर खेल रहे हैं। इस मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मैच में केवल 5.3 ओवर फेंके गए थे, तभी बारिश शुरू हो गई, जिसके कारण 25 मिनट तक खेल रूका रहा। बारिश रूकने के बाद फिर से खेल शुरू हुआ और ख्वाजा और मेकस्विनी ने संभलकर खेलना जारी रखा, 13.2 ओवर के बाद फिर से बारिश शुरू हो गई और फिर रूकी ही नहीं, जिसके बाद मैच अधिकारियों ने दिन का खेल समाप्त घोषित कर दिया।

### एडिलेड के बाद गाबा में भी हुई सिराज की हूटिंग, भारतीय फैंस का फूटा गुस्सा

तीसरे टेस्ट के पहले दिन जैसे ही सिराज ऑस्ट्रेलियाई पारी का दूसरा ओवर फेंकने के लिए तैयार हुए, गाबा स्टेडियम में आस्ट्रेलियाई दर्शकों के एक ग्रुप ने उन्हें परेशान करने की कोशिश की। इस दौरान मैदान के अलग-अलग हिस्सों से हूटिंग की आवाजें आने लगीं।

**एडिलेड टेस्ट से शुरू हुई थी हूटिंग**

बता दें कि, एडिलेड में गुलाबी गेंद से खेले गए दूसरे टेस्ट में दो अलग-अलग घटनाओं में सिराज के आक्रामक प्रदर्शन ने उन्हें आस्ट्रेलियाई फैंस के लिए खलनायक बना दिया है। दूसरे टेस्ट के दौरान एक व्यक्ति बीयर के मगों का ढेर लेकर साइट-स्क्रीन के पास से गुजरा, जिसके कारण मार्नस लाबुशेन आखिरी सेकंड में विकेट के पास से हट गए, लेकिन सिराज ने झुंझलाकर स्टंप पर गेंद फेंकी। इसके बाद शतकवीर ट्रैविस हेड को आउट करने के बाद सिराज ने आक्रमण अंदाज में उनकी ओर बाहर जाने के इशारा किया, जो विवाद का कारण बन गया।

**भारतीय टीम में हुए दो बदलाव**

इस मैच के लिए भारत ने अपनी टीम में दो बदलाव किये। हर्षित राणा और रविचंद्रन अश्विन को बाहर किया गया और उनकी जगह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकाश दीप और अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को शामिल किया गया।

**हेजलवुड की वापसी :** वहीं, आस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड को टीम में शामिल करने का फैसला किया, जो साइड स्ट्रेन के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे। टीम ने स्कॉट बोलैंड, जिन्होंने गुलाबी गेंद से ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रभावशाली भूमिका निभाई थी, को बाहर किया।

### रीजा हेंड्रिक्स ने बनाया टी20 का पहला शतक

**नयी दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टी20 में अपने टी20 करियर का पहला शतक बनाया। उन्होंने 63 गेंदों पर 10 छक्कों और 7 चौकों की मदद से 117 रन बनाए। वह अब दक्षिण अफ्रीका के लिए टी20 इंटरनेशनल में 18 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बना चुके हैं। उन्होंने इस तरह हमवतन क्विंटन डीकॉक का रिकॉर्ड तोड़ दिया जिन्होंने 17 बार यह कारनामा कर दिखाया था।अपनी शतकीय पारी के लिए प्लेयर आफ द मैच बने रीजा हेंड्रिक्स ने कहा कि तीन अंकों तक पहुंच कर काफी खुश हूं। मुझे इस मुकाम तक पहुंचने के लिए काफी समय लग गया। वैसे भी हमें श्रृंखला जीती को भी काफी समय हो गया था। आज एक विशेष रात रही। यह देश के लिए खेलने का एक और मौका है। पहले ओवर में 5 डॉट बॉल और फिर मैंने एक रन निकाला। फिर मैंने बीच का रास्ता ढूंढा और अंत में चीजें ठीक हो गईं। यह उन रातों में से एक थी जिसमें मैंने जो शॉट खेले वे सफल रहे। छोटी सीमा को टारगेट करने की रणनीति थी और सौभाग्य से वह सफल रही।

## विश्व शतरंज चैंपियन भारत के डी गुकेश को फीडे प्रेसिडेंट नें सौंपी ट्रॉफी और स्वर्ण पदक

एजेंसी



**सिंगापुर।** भारत के डी गुकेश को 18वें विश्व शतरंज चैंपियन बने हुए अभी करीब 42 घंटे बीत चुके है पर हर भारतीय शतरंज प्रेमी के अंदर उनका विश्व चैम्पियन बनने का लम्हा हर क्षण गूंज रहा है। मैच एक बाद गुकेश नें डिंग की तारीफ करते हुए उन्हे एक योद्धा बताया और दुनिया को यह भी एक संदेश दे दिया की वह सिर्फ एक शानदार शतरंज खिलाड़ी , विश्व चैंपियन ही नहीं बल्कि एक शानदार इंसान भी है जो अपने विरोधी का भी सम्मान करते है। पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम में गुकेश को फीडे प्रेसिडेंट अरकादी द्वारकोविच नें विश्व खिताब की ट्रॉफी सौंपी।

### गिलेस्पी ने छोड़ा पाक टीम में कोच का पद

**कराची।** जैसन गिलेस्पी ने दक्षिण अफ्रीका में दो टेस्ट मैचों की आगामी श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम के चयन में सलाह नहीं लिये जाने के कारण पाकिस्तान की टेस्ट टीम के कोच का पद छोड़ दिया है। जानकार सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के कुछ अधिकारियों ने गिलेस्पी के लिए काफी परेशानियां खड़ी कर दी थी। गिलेस्पी को एक महीना पहले ही सफेद गेंद की टीमों के मुख्य कोच के पद की भी पेशकश की गई थी।

### गुलबदीन पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुमार्ना लगा

**हरारे।** अफगानिस्तान के गुलबदीन नैब पर हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। गुलबदीन पर शुक्रवार को हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के दौरान आइसीसी आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने जुमार्ना लगाया गया। यह घटना जिम्बाब्वे की पारी के 11वें ओवर में हुई उस समय हुई जब अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान की गेंद पर ताशिंगा मुसेकीवा के खिलाफ पगबाधा की अपील खारिज कर दी गई। मैच में डीआरएस उपलब्ध नहीं होने के बाद गुलबदीन ने असहमति जताते हुए रिव्यू का अनुरोध किया।

### इमाद, आमिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

**कराची।** पाकिस्तान के ऑलराउंडर इमाद वसीम और तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। दोनों खिलाड़ियों ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में पाकिस्तान के लिए खेला था। ऑलराउंडर इमाद ने 2015 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। अपने करियर के दौरान इमाद ने 1540 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए और 117 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए। उन्होंने 2017 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर पाकिस्तान के उप-कप्तान के तौर पर खेला था।

### वनडे सीरीज से पहले आस्ट्रेलिया को लगा झटका

**सिडनी।** मौजूदा विश्व चैंपियन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए आस्ट्रेलिया अपनी स्टार स्पिनर सोफी मोलिनक्स के बिना खेलेगी। आस्ट्रेलियाई स्पिनर मोलिनक्स घुटने की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप वनडे सीरीज से बाहर हो गई हैं। यह ऑलराउंडर पूरी गर्मियों में घुटने की परेशानी से जूझती रही थी। वह भारत के खिलाफ आस्ट्रेलिया की 3-0 की सीरीज के अंतिम दो मैचों में खेली थीं, लेकिन पर्थ में अंतिम वनडे में टीम की जीत के बाद मोलिनक्स को असहजता का अनुभव हुआ।

### रविवार को होगी WPL 2025 नीलामी

**नयी दिल्ली।** डब्ल्यूपीएल 2025 नीलामी रविवार को बेंगलुरु में आयोजित होने वाली है, जिसमें 120 खिलाड़ियों की बोली लगेगी। पांच फ्रेंचाइजी खिलाड़ियों के लिए बोली लगाएंगी। नीलामी पूल में 91 भारतीय तो 29 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें एसोसिएट देशों की 3 उभरती प्रतिभाएं शामिल हैं। इनमें से 30 खिलाड़ी कैप्ड (9 भारतीय, 21 विदेशी) हैं, जबकि 90 अनकैप्ड (82 भारतीय, 8 विदेशी) हैं। अधिकांश फ्रेंचाइजी ने अपने मुख्य दल को बरकरार रखा है, केवल 19 स्लॉट खुले हैं, जिनमें 5 विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। इस साल की नीलामी में मार्की खिलाड़ियों में तेजल हसब्निस, स्नेह राणा, डींड्रा डॉटिन (वेस्टइंडीज), हीथर नाइट (इंग्लैंड), ओर्ला प्रेंडरगैस्ट (आयरलैंड), लॉरेन बेल (इंग्लैंड), किम गर्थ (आस्ट्रेलिया) और डेनिएल गिब्सन (इंग्लैंड) शामिल हैं।

# समाज में दिव्यांग की सेवा सबसे बड़ा काम : राजेश कच्छप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** समाज में शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग जनों का विकास एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। इनको समाज के मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में विशेष पहल किया जाना चाहिए। दिव्यांग की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। उक्त बातें खिजरी के विधायक राजेश कच्छप ने कहीं। श्री कच्छप आज टाटी पूर्वी पंचायत में उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से आयोजित दिव्यांग सहायता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उषा मार्टिन के माध्यम से इर्द गिर्द के गांवों के लोगों को रोजगार के साथ साथ ग्रामीण विकास का वैकल्पिक उपाय मिल रहा है। इसका लोगों को लाभ उठाना चाहिए ताकि समाज का संपूर्ण विकास हो सके। उन्होंने समाज को रोजगार के लिए आगे आने का आह्वान किया।एचआर हेड एनएन झा ने कहा कि उषा मार्टिन के माध्यम से गांवों के विकास के लिए एकीकृत कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें स्वास्थ, शिक्षा एवं क्षमता निर्माण के साथ रोजगारोन्मुख कार्यक्रम चलाए जा रहे है। इसके अलावा कृषि को वैकल्पिक आय का माध्यम बनाने के लिए कई कार्यक्रम चल रहे हैं। कार्यक्रम में उपप्रमुख जयपाल हजाम फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी। टाटी पूर्वी के मुखिया कृष्णा पाहन ने आर्टिफिशियल लिंब के चंद्रमौली पांडेय वरूण कुमार मोनीत बूतकुमार भुवनेश्वर महतो संगीता कुमारी मेवालाल महतो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे

कार्यक्रम में विभिन्न गांवों के 15 दिव्यांगों को शारीरिक गतिशीलता और कार्यकुशलता के बैट्री ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल, व्हिल चेयर और ईयर मशीन दिया गया।

## जेएमएम व कांग्रेस समर्थक ने मैक्लुस्कीगंज स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, कहा

# व्यवस्था जल्द नही सुधरी तो समर्थकों के संग धरने पर बैठेंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** खलारी प्रखंड के युवा नेता (इंडी गठबंधन समर्थक) जैनुल खान व शशि मुंडा ने मैक्लुस्कीगंज स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। शनिवार लगभग 10:30 में स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, सभी कर्मी नदारद थें, और गेट पर ताला लटका देख नाराजगी व्यक्त किया। स्वास्थ्य केंद्र में ताला लटका मिलने पर इंडी गठबंधन नेताओं ने कहा व्यवस्था जल्द नही सुधरी तो समर्थकों के संग धरने पर बैठेंगे। जानकारी देते हुए शशि मुंडा व जैनुल खान ने बताया कि मैक्लुस्कीगंज एवं आसपास के ग्रामीण स्वास्थ्य विभाग के लचर चिकित्सा व्यवस्था से परेशान होकर उन्हें कई मामले से उन्हें अवगत कराया गया था। कहा कि अतिसवेदनशील मैक्लुस्कीगंज एंग्लो इंडीयन गांव है। एंग्लो परिवार के साथ सुदूर गांव के ग्रामीण एक मात्र स्वास्थ्य केंद्र के भरोसे रहते हैं। जहां विभागीय लापरवाही व डाक्टरों की कमी की वजह से आश्रितों को मजबूरन झोला छाप डाक्टरों की सेवायें लेनी पड़ रही है। मामला सीरियस होने पर एम्बुलेंस का सहारा लिया जाता है। उन्होंने कहा खलारी प्रखंड अंतर्गत मैक्लुस्कीगंज में केंद्र और राज्य सरकार के बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के दावे विभागीय अधिकारियों की मनमानी व घोर लापरवाही के चलते कहीं जमीन पर नजर नहीं आती। जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो एक आंदोलन के तहत धरना दिया जायेगा। मौके पर जानिसार अंसारी, श्रवण गंझू, मुन्ना साव, जिबरा मुंडा, अभिमन्यु गोप, विजय मुंडा, सत्येंद्र मुंडा, किशुन लोहरा, रमेश गंझू, आकाश मुंडा, विकास मुंडा, झुनू मुंडा, अफजल खान सहित अन्य समर्थक मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### मैक्लुस्कीगंज में शनिवार का तापमान ढाई डिग्री दर्ज की गई



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज का तापमान में लगातार गिरावट जारी देखा जा रहा है। शनिवार की सुबह तापमान ढाई डिग्री सेल्शियस दर्ज किया गया। तापमान की गिरावट से खेत खलिहान में रखे पुआल धान में सफेद चादर का परत चढ़ा पाया गया। मैक्लुस्कीगंज में बढ़ते ठंड को देखते हुए ग्रामीण जल्द से जल्द अपना कार्य खत्म कर घर में दुबक जा रहे है। वही शाम होते ही आसपास के दुकानदार व ग्रामिण ठंड से बचने के लिए अपने से अलाव का सहारा लिया जा रहा है। बढ़ते ठंड का प्रकोप शासन प्रसासन को दिखाई तो दे रहा है। लेकिन मैक्लुस्कीगंज पर्यटन क्षेत्रों में फिलहाल कोई समूचित व्यवस्था नही किया गया है।कड़ाके के ठंड में फिलहाल प्रसासन व जनप्रतिनिधियों ने भी ठंड के मारे अपने घरों में दुबके हुए दिख रहें है। ठंड आने से पहले यही नेता, जनप्रतिनिधियों व प्रसासन गांव, ग्राम, ग्रामीणों के बीच वृद्ध जरूरतमंद के लिए गर्म वस्त्र व कंबल का वितरण कर फोटो खिंचवाने मव लगे रहते थे। मैक्लुस्कीगंज के ठंड का प्रकोप में सभी को जकड़ लिया गया है।

### समाजसेवी स्वर्गीय शिवदेव महतो की शनिवार को 11वीं पुण्य तिथि मनायी गयी



**इटकी।** इटकी क्षेत्र के समाजसेवी स्वर्गीय शिवदेव महतो की शनिवार को 11वीं पुण्य तिथि मनायी गयी। इटकी कोइरी टोला स्थित स्व शिवदेव महतो चौक पर श्रद्धांजलि सभा का अयोजन किया गया और स्वर्गीय शिवदेव महतो के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिप सदस्य लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, बिनोद कुमार सिन्हा, देवेंद्र महतो, कृष्णा तिवारी, पंचम महतो, मोहन महतो, चंद्रकांत महतो, रामचंद्र महतो, नंदलाल महतो सहित स्व महतो के परिजन व अन्य शामिल थे।

### टीआरएफए योजना के तहत किसानों के बीच चना बीज का वितरण



**इटकी।** इटकी प्रखंड कार्यालय में शनिवार को कृषि विभाग द्वारा टीआरएफए योजना के तहत किसानों के बीच चना बीज का वितरण किया गया। प्रखंड के चार टीआरएफए गांव पुरियो, भंडरा, मोरो और लुपुंगा के 87 किसानों को 8 केजी प्रति एकड़ की दर से प्रत्यक्षण के लिए चना बीज वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख किरण देवी, मुखिया अनीता देवी, बीटीएम सुमन बारला, कृषक मित्र जमाहिर अंसारी, मनोज महतो, जितिया मिंज, लक्ष्मण लकड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

# तमाड़: ग्रामीण एसपी ने अफीम की खेती नहीं करने को लेकर ग्रामीणों साथ की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तमाड़।** शनिवार को रांची ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल तमाड़ पहुंचे। वे तमाड़ के सुंदरवर्ती गांव आराहंगा में प्रतिबंधित अफीम की खेती नहीं करने को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक की तथा उक्त जानलेवा फसल की हानि को बताया। इस दौरान ग्रामीणों को पोस्ते की जानलेवा खेती के अलावे महिला उत्पीड़न, डायन प्रथा, नशा मुक्ति तथा अन्य कई जनमुद्दों पर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक की बैठक में तमाड़ थाना अंतर्गत आरहाँगा पंचयात के बेलबेड्डा मुकरूमडीह, पियाकूली के साथ पंचायत के मुखिया, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य एवं सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे। बैठक में खासकर अफीम-पोस्ता, गांजा आदि प्रतिबंधित मादक पदार्थो की खेती नही करने, उससे होने वाले नुकसान एवं कानूनी करवाई सहित डायन प्रथा जैसे अंधविश्वास,बाल मजदूरी/ बाल व्यापार, उग्रवादी तथा नक्सली संगठन में शामिल नहीं होने एवं उनका समर्थन नहीं करने,साथ ही समाज से भटक कर उग्रवादी संगठन में शामिल हुए व्यक्तियों को मुख्य धारा में लौटने हेतु ग्रामीण एस पी ने आह्वान किया।उन्होंने पुलिस से मदद पाने हेतु डायल-100, 112 साइबर ठगी का शिकार होने पर 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज कराने कि जानकारी देते हुये जागरूकता अभियान चलाया गया। बैठक में पुलिस एवं जनता बीच आपसी विश्वास को मजबूत करने के लिये आमजनों से सुझाव लिया गया तथा उनकी समस्याओं से अवगत होते हुये समाधान करने के प्रयास का आश्वासन दिया। साथ ही आगामी 18 दिसंबर को होने वाले जन जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी दी गई तथा उक्त जागरूकता अभियान में अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर शामिल होने हेतु प्रेरित किया। अंत में सभी पदाधिकारी के द्वारा अपना अपना नंबर आम जनों को दिया गया। उक्त जागरूकता बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू, पुलिस निरीक्षक तमाड़, थाना प्रभारी तमाड़ सहित काफी संख्या में पुलिस बल के जवान उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### चटकपुर में चोरी करते युवक धराया, दो फरार

**रातू।** चटकपुर के ग्रामीणों ने शनिवार को चोरी का प्रयास करते एक अपराधकर्मी 18 वर्षीय लाल बिहारी यादव को खदेड़ कर पकड़ा और जमकर धुनाई करने के बाद थाने के हवाले कर दिया। इस बीच दो अन्य फरार हो गये। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। मारपीट में जख्मी आरोपी को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। डॉ शिवपूजन मुंडा के मुताबिक वह खतरे से बाहर है। वह कमड़े स्थित संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज कॉलोनी का रहने वाला है। भुक्तभोगी के ब्यान पर रातू थाने में उसके खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। थानेदार आरएन सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह उसे जेल भेज दिया जायेगा। वहीं, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि लाल बिहारी पेशे से ऑटो चालक है। उसे नशे की लत है। घटना की जांच की जा रही है।

### ओरमांझी में युवती से दुष्कर्म का प्रयास माला दर्ज

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के एक होटल में एक 28 वर्षीय युवती के साथ उसके दोस्तों द्वारा ही दुष्कर्म का प्रयास का आरोप लगाते हुए, युवती की मां द्वारा थाना में मामला दर्ज कराया गया है। 12 दिसंबर को कराई गई एफआईआर के अनुसार घटना 08 दिसंबर की है। फतेउल्ला लेन रांची की युवती को उसके दोस्तों ने जन्मदिन की पार्टी के नाम से रांची के एक रेस्टोरेंट में बुलाया था। रात में पार्टी चली उसके बाद देर रात तीन बजे के बाद उसे घर छोड़ने के नाम से ओरमांझी के एक होटल में ले जाया गया। वहीं पर उसके साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास किया गया। विरोध करने के पर युवती के साथ मार पिटाई भी की गई। बताया गया कि पिटाई से घायल हुई युवती को पल्स हॉस्पिटल रांची में भर्ती कराया गया। युवती की मां द्वारा उसके नौ दोस्तों के खिलाफ मामला दर्ज कराकर कार्रवायी की मांग की गई है। वहीं पुलिस द्वारा मामले की छानबिन व आरोपितों के खिलाफ कार्रवायी की जा रही है।

### 15 दिसंबर को सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली जाएगी

**इटकी।** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार 15 दिसंबर को सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली जाएगी इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। रैली को इटकी थाना के समीप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा जो इटकी रेलवे स्टेशन, इटकी बाजार, गुलजार रोड, त्रिबिंधा चौक, साहेब मोड़ से होते हुए कुंदी मैदान पहुंच कर समाप्त हो जाएगी। रैली में दर्जनों मोटरसाइकिल के साथ लोग शामिल होंगे। यह जानकारी अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साकेत कुमार ने दी।

### ताइक्वांडो विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया



**ओरमांझी।** प्रोजेक्ट हाई स्कूल में शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर ताइक्वांडो में विजेता छात्राओं को सम्मानि किया गया। एमबी ताइक्वांडो अकादमी व झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 04 से 05 दिसंबर तक एमबी स्कूल बुंडू में आयोजित झारखंड स्टेट ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 04 गोल्ड, 08 सिल्वर व 07 ब्रॉन्ज मेडल्स जीतने वाली सभी छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली छात्राओं में प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल ओरमांझी की काजल कुमारी, निशा कुमारी, स्वाति बेदिया, नंदनी कुमारी, कहकासा आफरीन, कोमल कुमारी, करिश्मा कुमारी, मुस्कान परवीन, रिंकी कुमारी, रिया कुमारी, नगमा नसरीन, आकांक्षा लोहरा, रेखा कुमारी, सिवानी कुमारी, सोनिका कुमारी, सिवानी कुमारी को चैंपियनशिप झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन के सचिव सकील अंसारी, अध्यक्ष एमडी जमील अंसारी व ताइक्वांडो कोच शहनवाज अंसारी के साथ विद्यालयकी प्राचार्या सपना कुमारी द्वारा सम्मानित किया गया। बताया गया कि प्रतियोगिता में विभिन्न जिला से लगभग 250 विद्यार्थी शामिल थें। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि भारतीय एयरटेल फाउंडेशन के तनवीर हसन खान ने कहा ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों में प्रतिभा की कमी नही है। उन्हे सुविधा व अवसर देने की जरूरत है। मैके पर प्रार्चा सपना कुमारी, एमडी इबरार कुरैशी, आरिफ अंसारी, ज्योति कुमारी, कुमारी, प्रिया, रानी कुमारी, रश्मि सिन्हा व एमडी आरिफ हसन उपस्थित थें।

# सीएचसी में महिला बंध्याकरण ऑपरेशन शिविर का आयोजन



**बेड़ो।** जिला से एमओयू संस्था पीएचएसआई के तत्वावधान में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में महिला बंध्याकरण ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सर्जन डॉ टी मुनी रत्नम एण्ड टीम के द्वारा लैप्रोस्कोपिक डबल पंक्चर लाईजेशन विधि के तहत 30 से भी अधिक महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ सुमित्रा कुमारी ने बताया कि लाभार्थियों को क्षतिपूर्ति राशि के रूप में दो हजार व उत्प्रेरकों को तीन सौ रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुरुष नसबंदी माह चल रहा है। इसमें लाभार्थियों को क्षतिपूर्ति के लिए तीन हजार व उत्प्रेरकों को चार सौ रूपया की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। वहीं इस शिविर को सफल बनाने में डॉ सुमित्रा कुमारी, बीपीएम अमिता लाल, बीटीटी रविन्द्र वर्मा, पंकज कुमार, प्रेम कुमार गुप्ता, स्टेट मैनेजर कुमार वैभव, डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अविनाश कुमार, जीएनएम रौशनी टोप्पो, नीतु गुड्डी टोप्पो, पुष्पलता तिग्गा, राजेश कुमार व रंजीत कुमार आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## बेड़ो में मां दुर्गा मंदिर के गुम्बद पर हुई पीतल की कलश स्थापना

# मां दुर्गा मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 1 मार्च से

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मंदिर परिसर में नव निर्मित मां दुर्गा मंदिर के गुम्बद के शिखर पर पूजा अर्चना व धार्मिक अनुष्ठान के बाद समिति के सदस्यों ने विधिवत पीतल के चार कलशों को स्थापित कर दिया। पुजारी अशोक पंडित की अगुवाई में समिति के सदस्यों सौमित्र शर्मा,साधन कुमार राय, परना महतो व उमेश महतो ने पूजा अर्चना करते हुए धार्मिक अनुष्ठान पूरा किया। इसके बाद मंदिर गुम्बदों के शिखरों पर विधिवत पूजा अर्चना के बाद पीतल के चार कलशों को स्थापित कर दिया गया। इस संदर्भ में समिति के सदस्य सौमित्र शर्मा ने बताया कि मंदिर में कुल चार कलश स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आगामी एक मार्च से ग्यारह मार्च तक ग्यारह दिनों का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इस ग्यारह दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह मां भगवती कथा का आयोजन आगामी 1 मार्च से शुभारंभ होगा। इस दौरान भव्य कलश यात्रा व ग्यारह दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 11 मार्च तक चलेगा। वहीं कार्यक्रम के दौरान मां भगवती कथा का वाचन किया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठान में हवन व आरती किया जाएगा। साथ ही ग्यारह दिनों तक भंडारा के दौरान श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। इधर मां दुर्गा का यह आकर्षक और भव्य मंदिर श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वहीं ग्यारह दिवसीय धर्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में प्रखंड व गांव के युवा, समाजसेवी व बुद्धिजीवी सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

# धूम-धाम से मनाया 19वा वाहिनी स्थापना दिवस



**अनगड़ा।** 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने शनिवार को वाहिनी मुख्यालय परिसर अनगडा में वाहिनी का 19वा स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ कमांडेन्ट एसडी शेरखाने ने दीप प्रज्वलित कर किया इस मौके पर कमांटेन्ट श्री शेरखाने ने वाहिनी के नक्सल विरोधी अभियानों की उपलब्धियों को गिनाते हुए बताया कि वाहिनी ने 144 नक्सलियों की गिरफ्तारी की 93 हाथियार 44 किग्रा गांजा 76 किग्रा अफीम 26,406 किग्रा डोडा जप्त करने के साथ ही साथ 4295 एकड़ अफीम की खेती नष्ट की एवं 30 लाख रुपये नकद जप्त कर सरकारी कोष में जमा कराया। इसके अतिरिक्त कई अन्य उपलब्धियाँ भी हासिल की। इस मौके पर विभिन्न खेल-प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया और प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया भी किया गयो उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं बलकर्मियों को प्रशंसा-पत्र से भी नवाजा गया कार्यक्रम मे दौरान कमांडेन्ट मेडीकल डॉ एएफ खान उप कमांडेंट मेडिकल श्री अजय यादव उप-कमांडेंट श्री अनुराग सिंह उप-कमांडेंट श्री संजीव कुमार, सहाय्यक कमांडेंट संचार सहित अधिनस्त अधिकारी एवं बलकर्मी उपस्थित थे।

## बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

# क्लब से नकद और जेवरात की चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** सिमलिया रिंग रोड स्थित धौनी फर्म हाउस के समीप फोकस क्लब सह रिसॉर्ट में 10 दिसंबर की रात आयोजित एक शादी समारोह के दौरान अपराधियों ने दूल्हे के बैग में रखे 80 हजार नकद और 10 लाख के जेवरात की चोरी कर ली। मामले को लेकर भुक्तभोगी हैदराबाद तेलंगाना निवासी संजीव कुमार की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। थानेदार आरएन सिंह ने बताया कि रिसोर्ट में मंगलवार की रात सूचक की शादी थी। इसके अगले दिन सुबह उसने देखा कि बैग में रखे रुपये और जेवरात गायब हैं। हालांकि, अपराधकर्मी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गये हैं। फुटेज खंगाले जा रहे हैं। आरोपियों की पहचान होते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# बालिका फुटबॉल की विजेता बनी राइट टू किक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिकिदिरी।** जनकल्याण समर्पण संस्थान खेल महोत्सव सिकिदिरी के 21वें दिन शनिवारनको बालिका फुटबॉल का फाइनल की विजेता राइट टू किक रांची की टीम बनी। पेनाल्टी शूट में राइट टू किक ने युवा सचिन तेंडुलकर की टीम को 4-3 से पराजित कर चैम्पियन बनी। विजेता टीम के अलीशा कुमारी को प्लेयर ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज युवा सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन की शांति कुमारी को दिया गया। विजेता टीम को 31 हजार, बड़ा ट्रॉफी सर्टिफिकेट वहीं उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए ट्रॉफी, सर्टिफिकेट देकर संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार और विधायक प्रतिनिधी अजगुत करमाली ने सम्मानित किया। इधर 400 मीटर सिनियर बालिका वर्ग में दिया थापा क्षेत्री को स्वर्ण, लतिका सोपवार को रजत, आंचल कुमारी को कांस्य। जूनियर में सिवानी कुमारी को स्वर्ण,श्रेया कुमारी को रजत व स्वाति को कांस्य। सब जूनियर वर्ग में प्रियंका कुमारी को स्वर्ण, स्वाति कुमारी को रजत, मयूती कुमारी को कांस्य। जूनियर बालक वर्ग में संदीप मुंडा को स्वर्ण, श्रवण मुंडा को रजत, अशीष थापा को कांस्य। सब जूनियर अनिकेत करमाली को स्वर्ण, सौरव करमाली को रजत और आदित्य प्रजापति ने कांस्य पदक जीता। संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार व ब्रज किशोर प्रसाद ने किया मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष कुंती देवी, महासचिव सत्यपाल राउत खेल प्रभारी राष्ट्रीय तैराक अमन कुमार जायसवाल, राष्ट्रीय तैराक पिंकी कुमारी, सचिव राजकुमार, आदि उपस्थित थे।

## विकास विद्यालय में वार्षिक खेलोत्सव समारोह

### खेल के साथ स्वास्थ्य का है गहरा रिस्ता

# विक्रम हाउस बना ओवर आल चैंपियन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** विकास विद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेलोत्सव समारोह शनिवार को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में लव, कूष, विक्रम व चंद्रगुप्त हाउस के छात्र-छात्राओं के बिच प्रतियोगिता हुआ। जिसमें विक्रम हाउस ओवर ऑल चैंपियन हुआ। विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं द्वारा अपने हाउस को जीताने को लेकर काफी संघर्षपूर्ण खेल प्रदर्षन किया गया। शॉट पुट, लॉग जम्प, हाई जम्प, जैव्लिन थ्रो, रस्साकशी, 100, 200, 400, 800 व 1500 मीटर दौड़ व बास्केट बॉल सहित कई इवेंट में जीतने वाले हाउस के छात्रों की खुशी व उत्साह प्रतियोगिता को और रोमांचित कर रहा था। सर्वश्रेष्ठ खेल प्रदर्शन बालक वर्ग में कक्षा 8वीं के चाहत राज, बालिका वर्ग में कक्षा 9वीं की स्कन्दा वर्मा, और क्षेत्रीय स्तर में कक्षा 10वां के बंस राज को श्रेष्ट खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। इसके अलावे विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि शाल्वी डिवाइन सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल रांची के प्रबंध एवं चिकित्सा निदेशक डा. डियोनिस खेष व विद्यालय के प्राचार्य पीएस कालरा द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं की खेल प्रतिभा की सरहाना करते हुए कहा खेल के साथ स्वास्थ्य का गहरा रिस्ता है। खेल शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक और बौद्धिक दृष्टि से भी स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक है। कहा खेल हमारे अंदर की साहस को सामने लाती है। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने उर्जा का संचार करती है। सफल होने के लिए अनुशासन और एकाग्रता जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। प्राचार्य पीएस कालरा कहा एक बेहतर भविष्य का निर्माण के लिए खेलना जरूरी है। खेल व शिक्षा दोनों को एक साथ अपनाकर भी हम सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इससे पूर्व छात्र-छात्राओं के समूह द्वारा विभिन्न प्रदेष की लोक नृत्य प्रस्तुतकर भारतीय एकता का प्रदर्षन किया गया। वहीं एनसीसी कैडेट के छात्रों द्वारा शानदार मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी गई। मौके पर बिजय कुमार प्रसाद, आषीष जैन, अनुप शर्मा, विद्यालय के खेल निदेशक, समन्वयक, षिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

स्पीड न्यूज

## नवी मुंबई में 12 करोड़ की ड्रग जब्त



मुंबई। नवी मुंबई पुलिस ने शुक्रवार रात 12 करोड़ रुपये की ड्रग जब्त किया। पुलिस ने इस दौरान 16 अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार भी किया है। इनमें तीन अफ्रीकी नागरिक फर्जी पासपोर्ट और बिना बीजा के नवी मुंबई में रह रहे थे। नवी मुंबई के सहायक पुलिस आयुक्त भाऊसाहेब ढोले ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर गुरुवार को देर रात नवी मुंबई आयुक्तालय की सीमा के भीतर 25 स्थानों पर छापे मारे गए। इस मुहिम में 16 अफ्रीकी नागरिकों के पास से लगभग 12 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं।

## अभिनेता अल्लू अर्जुन जेल से रिहा



हैदराबाद। अभिनेता अल्लू अर्जुन जेल से रिहा हो गए। संध्या थियेटर हादसा केस में अदालत ने उन्हें शुक्रवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत पर भेजने का आदेश दिया था। पुलिस उन्हें चंचलगुडा सेंट्रल जेल ले गई। इसके बाद उनके वकीलों ने तेलंगाना हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाई कोर्ट ने उन्हें 50,000 रुपये के पर्सनल बॉन्ड पर अंतरिम जमानत प्रदान की।

## कृषि ऋण की सीमा बढ़ाकर दो लाख

नयीं दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने कृषि संबंधी सहायक कार्यों के अतिरिक्त कृषि ऋण की सीमा 1.6 लाख रुपए से बढ़ाकर दो लाख रुपए करने की घोषणा की है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि किसान पर 1.6 लाख रुपये की वर्तमान ऋण सीमा को बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दिया गया है। यह परिवर्तन एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगा।

## मुस्ताक खान अपहरण मामले में 4 गिरफ्तार

बिजनौर। यूपी एसटीएफ और मेरठ जिले की पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता मुस्ताक खान और हास्य कलाकार सुनील पाल के अपहरण मामले में फरार चल रहे चार आरोपितों को बुलंदशहर जिले से गिरफ्तार किया है। उनके पास से 1.04 लाख रुपये नकद और मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि पकड़े गये चारों अभियुक्तों ने अपना नाम सार्थक चौधरी, बुद्दीन उर्फ सेबी, असीम और शंशाक कुमार बताया है। आरोपितों को बुलंदशहर के मकान से शनिवार सुबह पकड़ा गया। पूछताछ में इन लोगों ने स्वीकार किया है कि अब तक दस कलाकारों का अपहरण कर फिरौती की वसूली की।

## रूस ने यूक्रेन के 37 ड्रोन को मार गिराया

मास्को। रूसी वायु रक्षा ने रूसी क्षेत्रों में 37 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया है। यह जानकारी रूस के रक्षा मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने कहा, ₹कल रात यूक्रेनी शासन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र में विमान की तरह के मानव रहित हवाई वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमले करने के प्रयास के दौरान ड्यूटी पर मौजूद वायु रक्षा प्रणालियों ने 37 यूक्रेनी यूएवी को नष्ट कर दिया।

# सेना को मिले 491 युवा अफसर

## आइएमए परेड में अंतिम पग पार कर ली देश की रक्षा की सौगंध

एजेंसी



देहरादून। भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) देहरादून में शनिवार को आयोजित गरिमामय पासिंग आउट परेड ने देश को 456 नए सैन्य अधिकारी सौंपे। अकादमी के ऐतिहासिक चेटवुड भवन के सामने ड्रिल स्क्वायर पर हुई इस परेड में भारतीय सेना के लिए 456 और मित्र देशों की सेनाओं के लिए 35 कुल 491 अधिकारी कैडेट्स ने अपने प्रशिक्षण का अंतिम चरण पार किया। इस ऐतिहासिक परेड में नेपाल के सेना प्रमुख अशोक राज सिगडेल ने बतौर रिव्यूइंग ऑफिसर परेड की सलामी ली। तमाम गणमान्य व्यक्तियों, विदेशी मेहमानों, वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों और कैडेटों के परिजनों की मौजूदगी में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने गर्व और प्रेरणा का माहौल बनाया। परेड का आयोजन अकादमी के सबसे प्रतिष्ठित स्थल चेटवुड भवन के सामने किया गया। अनुशासन, समर्पण और गर्व की झलक प्रस्तुत करती इस परेड ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रिव्यूइंग ऑफिसर ने कैडेटों के अनुशासन और परिश्रम की सराहना की और उन्हें उत्कृष्ट सैन्य अधिकारी बनने के लिए प्रेरित किया। परेड के बाद आयोजित पीपिंग और शपथ ग्रहण समारोह (ओथ सेरेमनी) के दौरान कैडेट्स ने अपनी वर्दी पर स्टार चिह्न लगाए और भारत माता की सेवा और सुरक्षा के लिए शपथ ली। इन 491 कैडेट्स में से 456 युवा अधिकारी भारतीय थल सेना का अभिन्न हिस्सा बनेंगे। जबकि 35 अधिकारी मित्र देशों की सेनाओं में सेवा देंगे। इस वर्ष की पासिंग आउट परेड के साथ भारतीय सैन्य अकादमी ने देश-विदेश की सेनाओं को अब तक कुल 66,119 सैन्य अधिकारी प्रदान करने का कीर्तिमान स्थापित किया। इनमें मित्र देशों की सेनाओं के 2,988 अधिकारी भी शामिल हैं। यह अकादमी का गौरवपूर्ण योगदान है जो इसे विश्वस्तरीय सैन्य प्रशिक्षण संस्थान बनाता है।

**नए सैन्य अधिकारियों का उत्साह :** नए अधिकारी कैडेट्स के चेहरे पर गर्व और आत्मविश्वास की झलक साफ दिखी।

ये युवा सैनिक अपनी मातृभूमि की सेवा के लिए तत्पर हैं और अपने साहसिक कर्तव्यों को निभाने के लिए तैयार हैं। भारतीय सेना में शामिल होने वाले इन 456 युवा अधिकारियों के लिए यह दिन उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन साबित हुआ।






## नेपाल आर्मी चीफ जनरल ने राम मंदिर में किया दर्शन

**अयोध्या। नेपाल आर्मी चीफ जनरल अशोक राज ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु रामलला के दर्शन किए। अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचने पर दिल्ली, लखनऊ व डोगरा आर्मी के बड़े अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। राम मंदिर पहुंचने पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सदस्य डॉ अनिल मिश्र, मंदिर व्यवस्थापक गोपाल राव ने उनका स्वागत एवं सम्मान किया।**

# एक देश एक चुनाव पर दो बिल कल होगा पेश

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने से जुड़े दो विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश किए जाएंगे। संसद की कार्य सूची के अनुसार केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल विधेयक पेश करेंगे। पहला संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए और दूसरा विधेयक दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पुदुचेरी में विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए होगा। इस बीच, अर्जुन राम मेघवाल संघ राज्य क्षेत्र कानून (संशोधन) विधेयक 2024 भी पेश करेंगे ताकि संघ राज्य क्षेत्र अधिनियम 1963, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम 1991 और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 में और संशोधन करने के लिए विधेयक पेश किया जा सके। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एक देश एक चुनाव से जुड़े विधेयक को गुरुवार को मंजूरी प्रदान की थी। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 18 सितंबर को एक देश, एक चुनाव से जुड़ी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी प्रदान की थी। मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में समिति का गठन किया था। समिति ने इस संबंध में विभिन्न पार्टियों और हितधारकों से इस पर विचार किया और पिछली सरकार के दौरान ही अपनी सिफारिशें दीं। इसमें प्रस्ताव किया गया है कि एक अवधि के बाद सभी राज्यों की वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल छोटा कर एक साथ चुनाव कराये जाएं। केन्द्र और राज्यों में चुनाव के थोड़े समय बाद ही नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव कराए जाएं। बहुमत न मिलने और अल्पमत की स्थिति में दोबारा चुनाव कराए जाने पर कार्यकाल केवल बाकी बचे समय के लिए हो।

**▶▶ पहला संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए और दूसरा दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पुदुचेरी में चुनाव एक साथ कराने के लिए होगा**

## लालकृष्ण आडवाणी अपोलो अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर



नयी दिल्ली। दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की हालत स्थिर है। तबीयत बिगड़ने के बाद शुक्रवार रात को उनको अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती कराया गया। अपोलो अस्पताल ने शनिवार को बताया कि 97 वर्षीय आडवाणी को जांच के लिए आईसीयू में भर्ती कराया गया है। वे न्यूरोलॉजी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. विनीत सूरी की देखरेख में हैं और उनकी हालत फिलहाल स्थिर है।

# किसानों का दिल्ली कूच तीसरी बार असफल

चंडीगढ़। हरियाणा-पंजाब सीमा पर स्थित शंभू बार्डर पर धरना दे रहे किसानों ने शनिवार को तीसरी बार दिल्ली कूच का प्रयास किया गया, जिसे हरियाणा पुलिस ने विफल कर दिया। पुलिस के बल प्रयोग, वॉटर कैनन के इस्तेमाल तथा आंसू गैस के गोले चलाए जाने के चलते किसान घग्गर नदी पुल से आगे नहीं बढ़ सके। इस बीच एक किसान ने सल्फास निगल कर आत्महत्या करने का प्रयास किया, जिसे गंभीर हालत में पटियाला के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार

### आज बैठक के बाद अगली रणनीति का करेंगे ऐलान

आज 101 किसानों का जत्था दिल्ली कूच के लिए रवाना हुआ। किसान जैसे ही घग्गर नदी के पुल पर चढ़े तो हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोक लिया। यहां कई घंटे तक किसानों तथा पुलिस के बीच खींचतान चलती रही। पुलिस ने कई बार वॉटर कैनन का इस्तेमाल करके किसानों को पीछे खदेड़ा। पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोली भी दागे। करीब तीन घंटे की जद्दोजहद के बाद किसान वापस पंजाब की सीमा में अपने तंबुओं की ओर वापस लौट गए। किसानों ने दावा किया है कि हरियाणा पुलिस ने उन पर एक्सपायर डेट आंसू गैस के गोले छोड़े हैं। पुलिस की लाठीचार्ज में आज दस किसान घायल हुए हैं। किसानों का आरोप है कि पुलिस ने रॉकेट लांचर से भी बम-गोलियां चलाई हैं। वॉटर कैनन में घग्गर नदी का गंदा और केमिकल वाला पानी प्रयोग किया है। किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि 16 दिसंबर को पंजाब को छोड़कर पूरे देश में ट्रैक्टर मार्च निकाले जाएंगे। 18 दिसंबर को पंजाब में 12 बजे से 3 बजे तक रेल रोको अभियान चलाया जाएगा। 18 तारीख तक कोई भी जत्था दिल्ली कूच नहीं करेगा। अगला जत्था कब जाएगा, इस बारे में अभी फैसला नहीं लिया गया है, लेकिन जब जत्था जाएगा उसमें हरियाणा के किसान और महिलाएं भी शामिल होंगी। रविवार को बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस करके पूरी रणनीति का ऐलान किया जाएगा। शंभू बॉर्डर पर शनिवार की शाम एक किसान ने आत्महत्या की कोशिश की है। इसकी पुष्टि किसान नेता तेजवीर सिंह ने की। उन्होंने बताया कि किसान की पहचान लुधियाना जिला के खन्ना निवासी जोध सिंह के रूप में हुई है।

## स्वास्थ्य विभाग में 41 हजार पदों पर शीघ्र बहाली : मंगल पांडे

पटना। बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने आज कहा कि स्वास्थ्य विभाग की 41 हजार 755 रिक्तियों की अधियाचना पर शीघ्र बहाली की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग के सभागार में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे की अध्यक्षता में विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं और विषयों की प्रगति एवं क्रियान्वयन पर समीक्षात्मक बैठक की गई।

इस बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर नियुक्तियों की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की और जल्द से जल्द नियुक्तियों को पूरा करने का भी निर्देश दिया।

## फडणवीस मंत्रिमंडल का विस्तार आज

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मंत्रिमंडल का विस्तार रविवार को होगा। नागपुर के राजभवन में शाम चार बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होने की संभावना है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन भाजपा के 21, शिवसेना के 12 और राकांपा के 10 विधायकों को मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। संभावित मंत्रियों को फडणवीस फोन कर इसकी जानकारी देने वाले हैं।महाराष्ट्र में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को भारी बहुमत मिलने के बाद देवेंद्र फडणवीस ने पांच दिसंबर को मुंबई के आजाद मैदान पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ शिवसेना के एकनाथ शिंदे और राकांपा के अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। बताया गया है कि इन तीनों सहयोगी दलों के बीच विभागों को लेकर सहमति बन गई है। भाजपा के पास प्रमुख रूप से गृह और वित्त विभाग, शिंदे समूह के पास नगर विकास और राजस्व विभाग और राकांपा के पास गृह निर्माण और पीडब्ल्यूडी विभाग रहेंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मीडिया को बताया कि सूची को भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के पास भेज दिया गया है। वहां से सहमति मिलने पर मंत्रिमंडल में स्थान पाने वालों को सूचित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 16 दिसंबर से नागपुर में विधानमंडल का शीतकालीन अधिवेशन शुरू होगा।

# संभल के मुस्लिम बहुल इलाके में मिला प्राचीन शिव मंदिर

## कब्जेदारों पर लटकी तलवार

एजेंसी



संभल। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शाही जामा मस्जिद के सर्वे के बाद भड़की हिंसा के खिलाफ प्रशासन का सख्त रुख बरकरार है। इसी कड़ी में प्रशासन ने बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया तो शनिवार को मुस्लिम बहुल इलाके में स्थित एक घर में प्राचीन शिव मंदिर मिला। प्रशासन ने मंदिर से अवैध कब्जा हटाते हुए 46 साल से कैद भगवान शिव, कार्तिकेय और हनुमान को मुक्त कराया। मंदिर के पास एक कुआं भी मिला है और पीपल वृक्ष होने का भी साक्ष्य प्राप्त हुआ है। पुलिस अधिकारियों ने मंदिर की साफ-सफाई की और मंदिर को पुराने स्वरूप में लौटाने का प्रयास जारी है। इसके साथ ही प्रशासन मंदिर पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में जुट गया है। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने मीडिया को बताया कि शाही जामा मस्जिद क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने और बिजली चोरी रोकने के लिए सख्त कार्रवाई जारी है। इसी दौरान महमूद खां सराय में एक बंद मकान में शिव मंदिर मिला है। वर्ष 1978 से पहले ये मकान एक हिंदू परिवार का था लेकिन 1978 के सांप्रदायिक दंगे के दौरान कई हिंदू घरों में आग लगा दी गयी थी। डर के चलते हिंदू परिवार यहां से पलायन कर हिंदू आबादी वाले इलाके में बस गए। मंदिर मुस्लिम आबादी में होने के चलते उस पर कब्जा कर मकान में मिला लिया गया। बाद में इसको बेच दिया गया। तब से यह बंद पड़ा था। मंदिर की सफाई कराई गयी। इसके पास स्थित एक प्राचीन कुआ है, जो पाट दिया गया था।

नगर निगम टीम के सहयोग से इस खुएं को खुदवाया जा रहा है। बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान शनिवार को बिजली विभाग की टीम जामा मस्जिद से करीब एक किमी दूर मुस्लिम बहुल इलाके खग्गू सराय पहुंची। अभियान के दौरान टीम को एक बंद पड़े मकान में मंदिरनुमा कुछ दिखा। इस पर कर्मचारियों ने टीम की अगुवाई कर रही एसडीएम वंदना सिंह को जानकारी दी। एसडीएम ने जांच पड़ताल की तो स्पष्ट हो गया कि यहां पर कोई पुराना मंदिर है और उन्होंने जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया को अवगत कराया। इसके बाद मौके पर जिलाधिकारी सहित भारी पुलिस बल पहुंचा और अवैध कब्जा हटवाकर मंदिर को मुक्त कराया गया। मंदिर के अंदर भगवान शिव, कार्तिकेय और हनुमान की मूर्तियां बंद हैं। प्रशासन ने मंदिर की साफ-सफाई कराकर उसके पुराने स्वरूप में लाने का प्रयास किया। मंदिर मिलने से जहां हिंदुओं में खुशी का ठिकाना न रहा तो वहीं मंदिर के आसपास रहने वाले लोग भाग खड़े हुए। स्थानीय लोगों ने बताया कि 1978 के बाद से यह मंदिर कब्जे में था। पता चला है कि यहां कुआं भी था, जिसे पाट दिया गया है। हिन्दू सभा के संरक्षक विष्णु सरन रस्तौगी के मुताबिक पहले यहां हिंदू आबादी हुआ करती थी। वर्ष 1978 के दंगे के दौरान यहां पर भीषण आराजकता का माहौल बन गया तो हिंदू परिवारों ने पलायन कर लिया। इस मंदिर में भजन कीर्तन हुआ करते थे, मंदिर के बराबर में ही एक कुआं है, जिसको अकील अहमद ने पाट दिया। मंदिर मुस्लिम आबादी में होने के चलते उस पर कब्जा कर मकान में मिला लिया था। जिलाधिकारी राजेन्द्र पेंसिया ने बताया कि मंदिर की सफाई कराई गई है और कुएं की खुदाई भी शुरू कराई गई है। मकान के मालिकाना हक को लेकर जांच की जा रही है और अवैध कब्जेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही भारतीय पुरातत्व विभाग (एएसआई) से मंदिर की प्राचीनता का पता लगाने के लिए कार्बन डेटिंग कराने को कहा गया है। जानकारों के अनुसार यह मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना है।

